पंजाब विवाद से इंडिया गठबंधन पर असर नहीं... 12

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मेधावी छात्रों को... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 345
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 30 सितंबर, 2023

चीनी सेना की नहीं पड़ेगी नजर, एलएसी पर ऐसी नई रणनीतिक सड़क बना रहा है भारत

'अदृश्य सड़क'

ससोमा से डीबीओ तक 130 किमी लंबी सड़क का निर्माण नवंबर के अंत तक पूरा होगा

जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली

सीमा पर चीन की चाल का जवाब देने के लिए भारत ने बड़ी तैयारी कर ली है। गलवान झड़प के बाद चीन सीमा के करीब भारत रणनीतिक तौर पर अहम सड़कों पर तेजी से काम कर रहा है। भारत लद्दाख में एक नई सड़क बना रहा है। यह देश के सबसे उत्तरी सैन्य अड्डे दौलत बेग ओल्डी को वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास एक रणनीतिक चौकी से जोड़ेगी। ये सड़क बेहद सुरक्षित मानी जा रही है क्योंकि ये एलएसी से दूर होगी और ये सीमा पार से दिखाई भी नहीं देगी। यह सड़क सैनिकों, हथियारों और अन्य सैन्य सामग्री को मोर्चे पर पहुंचाने में मदद करेगी। सड़क का निर्माण नवंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सड़क भारत के लिए चीन के साथ सीमा पर अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी।

चीन को जवाब देने के लिए भारत ने एलएसी पर कर ली है बड़ी तैयारी

लद्दाख तनाव के बाद भारत ने ड्रैगन को हर मोर्चे पर करारा जवाब दिया है

उत्तरी सैन्य अड्डे डीबीओ तक सैनिकों, हथियारों और रसद की आवाजाही होगी आसान

255
किमी. लंबी दरबुक से डीबीओ तक जाने वाली एकमात्र मौजूदा सड़क तक चीन की पहुंच

130
किमी लंबी सड़क का निर्माण अपने अंतिम चरण में है

17,600
फुट ऊंचे ससोमा और सासेर ला के बीच 52 किमी की दूरी में से 46 किलोमीटर को ब्लैकटॉप कर दिया गया है और केवल 6 किलोमीटर ही बचा है।

महज 3 साल में पूरा होने वाला है निर्माण

हिंदुस्तान टाइम्स में छपी खबर के अनुसार, नूब्रा घाटी में ससोमा से लेकर कराकोरम दर्रे के पास डीबीओ तक 130 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण अपने अंतिम और सबसे चुनौतीपूर्ण चरण में प्रवेश कर चुका है। सीमा सड़क संगठन को इस चरण में ग्लेशियर वाले इलाके में एक खंड को पूरा करना होगा और श्योक नदी पर एक पुल बनाना होगा। यह सड़क तीन साल पहले बनाना शुरू हुई थी, जब भारत और चीन के बीच सैन्य तनाव बढ़ रहा था। दोनों देश मई 2020 से तनातनी चल रही है। मौजूदा स्थिति में भारत और चीन के बीच संबंधों में अभी किसी प्रकार की नरमी के संकेत नहीं मिले हैं। सड़क निर्माण के अंतिम चरण में निर्माण संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

कई अन्य सड़कों के जल्द पूरा होने की उम्मीद

मौजूदा 255 किलोमीटर लंबी डारबुक-श्याक-दौलत बेग ओल्डी (डीएस-डीबीओ) सड़क एलएसी के करीब है। ससोमा और डारबुक लेह से दो अलग-अलग सड़क मार्गों से पहुंचा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि ससोमा-सासेर ला-सासेर ब्रंगसा-गपशान-डीबीओ सड़क के कई प्रमुख चरण को पूरा कर लिया गया है।

काफी अहम तकनीक का किया गया है इस्तेमाल

ससोमा और 17,600 फीट ऊंचे सेसर ला के बीच 52 किलोमीटर के खंड में से 46 किलोमीटर सड़क बनकर तैयार है और केवल 6 किलोमीटर का निर्माण बाकी है। लेकिन यह ग्लेशियर वाला भाग है और यहां निर्माण चुनौतीपूर्ण है। बीआरओ इस सड़क को मजबूत बनाने के लिए कई अहम तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। यह हिस्सा नवंबर तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

चीन को घेरने की योजना तैयार

सेसर ला और सेसर ब्रंगसा के बीच संपर्क स्थापित हो गया है। इसके अलावा बाकी बचे 27 किलोमीटर सड़क के अक्टूबर 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। 42 किलोमीटर के सेसर ब्रंगसा-गपशान इलाके में काम जोरों पर है। यहां 31 किलोमीटर सड़क बनाया गया जबकि 11 किलोमीटर का काम बचा है। एक साल के भीतर के इस सड़क के बनकर तैयार होने की उम्मीद है। गपशान और डीबीओ के बीच 10 किलोमीटर सड़क अगले साल तक तैयार हो जाएगा। नई सड़क एक और धुरी बनाएगी।

अवैध खनन से हुआ हादसा: अपार्टमेंट के मालिक और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज, पिता-पुत्री की गई थी जान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-11 में हुए हादसे के मामले में शुक्रवार को मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अंतरिक्ष अपार्टमेंट के मालिक और ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज की गई। आरोप है कि अवैध खोदाई की वजह से हादसा हुआ। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। उधर अस्पताल में भर्ती 12 लोगों में से 11 को डिस्चार्ज कर दिया गया। केवल एक घायल का इलाज जारी है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपे गए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने घायलों के साथ मृतक के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वृंदावन सेक्टर-11 में अंतरिक्ष अबरिल ग्रीन अपार्टमेंट का निर्माण चल रहा है। अपार्टमेंट परिसर में एक साइड में मजदूर झोपड़ी डालकर रह रहे थे। उससे सटकर मल्टीलेवल पार्किंग की खोदाई चल रही थी। खोदाई की वजह से बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 11 बजे जमीन धंस गई और झोपड़ी समेत मजदूर परिवार समेत उसमें समा गए थे। पुलिस और दमकल के जवानों ने मिट्टी में दबे 14 लोगों को निकालकर ट्रामा-2 में भर्ती कराया था। जहां पर 26 वर्षीय मुकादम व उनकी दो माह की बच्ची आयशा की मौत हो गई थी। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि मुकादम के पिता शब्बीर की तहरीर पर अपार्टमेंट के मालिक व ठेकेदार पर धारा 304ए(लापरवाही से किसी की जान जाना) व 288(निर्माण कार्य से किसी की जान जोखिम पड़ना) में एफआईआर दर्ज की गई है। जांच की जा रही है। आरोपियों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इसलिए समा गए लोग

शब्बीर ने तहरीर में लिखा है कि झोपड़ियों के पीछे अधिक जमीन खोदकर मिट्टी निकाली गई। झोपड़ी तक पूरा जेसीबी से मिट्टी हटा दी गई थी। इसी वजह से जमीन धंस गईं और लोग उसमें समा गए। पिता और उसकी मासूम बेटी की जिंदगी चली गई। ये परिवार 25 सितंबर को ही काम करने आए थे। दो दिन बाद ही हादसा हो गया।

एक भर्ती, अन्य को अस्पताल से छुट्टी

हादसे में मुकादम की पत्नी रुखसाना, पिता शब्बीर, बेटी अफसाना व बहन फैजाना के अलावा प्रतापगढ़ निवासी बनारसी, उनका बेटा इरफान व गोली व बेटियां सोनम व मुस्कान, इस्लाम का बेटा गुलशन, दरोगा व लाल बाबू भी घायल हुए थे। दरोगा का इलाज जारी है। उनको अधिक चोटें आई हैं। हालांकि डॉक्टरों ने उनको खतरे से बाहर बताया है।

महिला आरक्षण बिल कानून बना, राष्ट्रपति ने साइन किए गजट नोटिफिकेशन भी जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) अब कानून बन गया है। शुक्रवार 29 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस पर दस्तखत कर दिए। इसके साथ ही सरकार ने गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। अब इस बिल के कानून बन जाने से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। हालांकि, आरक्षण नई जनगणना और परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा। अब ये बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। इसे लागू होने के लिए देश की 50 प्रतिशत विधानसभाओं में पास होना जरूरी है। नारी शक्ति वंदन कानून के तहत लोकसभा में 181 महिला सांसद रहेंगी।

इस दिवाली अयोध्या के घाटों को 24 लाख दीप जलाकर जगमगाने की तैयारी

- विश्वविद्यालय के साथ ही विद्यालयों के छात्र-छात्राएं कर रहे हैं तैयारी
- राम की पैड़ी सहित 47 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। प्रभु राम की नगरी अयोध्या में इस बार दीपावली की रौनक देखते ही बनेगी। शासन से लेकर विश्वविद्यालय और स्कूलों की छात्र-छात्राओं के साथ ही अयोध्या का आम ओ खास दीपोत्सव को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी में जुटा हुआ है। राम की पैड़ी सहित 47 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार दीपोत्सव पर 24 लाख दीप जलाकर अयोध्या के घाटों को जगमगाने की तैयारी की जा रही है। डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन इस बार के दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयारियों में तेजी से जुटा हुआ है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में जनपद के महाविद्यालय एवं इण्टर कालेज के प्राचार्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई।



11 नवम्बर को होगा दीपोत्सव

उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप 11 नवम्बर को होने वाले दीपोत्सव को भव्य बनाने के साथ विश्व कीर्तिमान स्थापित करना है, जिसके लिए 24 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों की मदद से राम की पैड़ी सहित 47 घाटों पर 24 लाख से अधिक दीप जलाए जायेंगे। घाटों पर दीए प्रज्ज्वलित के लिए 25 हजार स्वयंसेवक लगाये जायेंगे।

राजधानी में करीब 25 करोड़ की सबसे बड़ी चोरी के मामले में दो को पकड़ा, 25 किलो सोना बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीवास और उसके साथी शिवा चंद्रवंशी को 25 किलो सोने के साथ पकड़ा है। पुलिस को लोकेश श्रीवास के पास से 25 किलो सोना के अलावा नगदी और अन्य जेवरात भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। आरोपी लोकेश ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली के जंगपुरा इलाके में ज्वेलरी शोरूम में करीब 20 घंटे तक रहा था। बताया जाता है कि चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने

आकाशगंगा में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। फिलहाल दुर्ग पुलिस लोकेश श्रीवास से अन्य मामले की पूछताछ कर रही है। आरोपी लोकेश ने वर्ष 2021 में दुर्ग छत्तीसगढ़ से 40 किलो सोना चुराया था। इस मामले में मध्य प्रदेश पुलिस लोकेश व उसके साथी की तलाश कर रही थी। मध्य प्रदेश पुलिस ने लोकेश के साथी को गिरफ्तार कर लिया था और उसके साथी ने बताया था कि लोकेश दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। आरोपी लोकेश व उसका साथी आंध्र प्रदेश में भी चोरी की बड़ी वारदात करके कर आए थे। आंध्र प्रदेश पुलिस मध्य प्रदेश पहुंची थी। इसके बाद इन दोनों के बारे में खुलासा हुआ था। मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस इस चोरी की इस सबसे बड़ी वारदात का खुलासा कर सकी।

57 जनपदों में स्थापित होंगे अत्याधुनिक सुविधा युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, 12वीं तक होगी पढ़ाई: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालयों के बाद प्रदेश के बच्चों को अब कंपोजिट विद्यालय की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएम ने कंपोजिट विद्यालय खोलने के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। ये विद्यालय 5-10 एकड़ का होगा। उत्तर प्रदेश के सभी जनपद में ये विद्यालय खोले जाएंगे। श्रमिकों के पाल्यों और निराश्रित बच्चों की गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए अटल

आवासीय विद्यालयों की स्थापना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 57 जनपदों में सर्वसुविधायुक्त मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना तथा सभी 75 जनपदों में एक-एक कम्पोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है। पीएम श्री विद्यालयों के विकास योजना की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम की बैठक के प्रमुख दिशा-निर्दश....

- 18 मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन प्रारंभ हो चुका है। अब हमें प्री-प्राईमरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के लिए हर जनपद में एक सर्वसुविधायुक्त विद्यालयों की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अटल आवासीय विद्यालयों से आच्छादित जनपदों के अतिरिक्त शेष 57 जनपदों में एक-एक मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना की तैयारी करें।
- विद्यालय में विश्वस्तरीय अवस्थापना सुविधाएं मुहैया कराई जाए। प्रत्येक कक्षाकक्ष हेतु स्मार्ट क्लास हो। रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर हो। कक्षा-01 से 08 हेतु कम्पोजिट विज्ञान व गणित प्रयोगशाला, कक्षा-09 से 12 हेतु रसायन, भौतिकी विज्ञान हेतु माड्यूलर प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब एवं लैंग्वेज लैब, कक्षा-01 से 8 एवं कक्षा-09 से 12 हेतु पृथक-पृथक पुस्तकालय, विशाल खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल एवं वर्षा जल संचयन इकाई की स्थापना, वॉटर प्लान्ट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल, आधुनिक अग्नि शमन यंत्र एवं ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की सुविधा से लैस बनाया जाए।

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

आयुष्मान भारत: 4.77 करोड़ हेल्थ अकाउंट बनाकर यूपी रहा देश में अव्वल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश एबीडीएम को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

2.73 करोड़ मेडिकल हिस्ट्री भी अपडेट

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

डिजिटल टोकन से ओपीडी के लिए अब 4-5 मिनट की वेटिंग

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत स्कैन एंड टोकन जनरेट करने के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। यूपी में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सेवा के उपयोग से ऑनलाइन ओपीडी के लिए 33,79,592 टोकन रजिस्ट्रेशन किया गया, जो पूरे देश में सर्वाधिक है। इस रैंकिंग में कर्नाटक दूसरे, जम्मू एवं कश्मीर तीसरे, दिल्ली चौथे, आंध्र प्रदेश पांचवें और छत्तीसगढ़ छठे स्थान पर है। डिजिटल ओपीडी टोकन रजिस्ट्रेशन का सबसे बड़ा लाभ ये हुआ है कि पहले जहां आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों को ओपीडी में दिखाने के लिए तकरीबन एक घंटे तक का इंतजार करना पड़ता था, जोकि अब घटकर 5 मिनट रह गया है। तकरीबन 34 लाख बार मरीजों ने अबतक स्कैन एंड टोकन जनरेट सुविधा का लाभ उठाया है। बता दें कि प्रदेश में ऐसे 545 अस्पताल हैं, जिनमें हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) का इस्तेमाल होता है।

प्राइवेट हेल्थ सेंटर को जोड़ने में जुटी योगी सरकार

इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है।

एससी-एसटी छात्रों को इसी वर्ष से मिलेगी बढ़ी हुई स्कॉलरशिप, छात्र 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी से जुड़े लाखों छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपए प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात ये है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे। सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतः प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं हेतु आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा।

छात्र-छात्राओं ने जाना डीएम और एसपी कार्यालय के शाखाओं में होने वाले कार्य

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश सरकार की महात्वकांक्षी योजना स्टूडेंट पुलिस कैडेट के तहत शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर नोडल अधिकारी एसपीसी क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय पर्यवेक्षण में थाना पहाड़ी के एसपीसी पुलिस अधिकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक राहुल कुमार पाण्डेय एवं थाना सरधुवा के एसपीसी पुलिस अधिकारी उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी द्वारा अपने क्षेत्र के एसपीसी कार्यक्रम के लिए चिन्हित विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया। इस दौरान थाना पहाड़ी क्षेत्र के उच्चतर प्राथमिक विद्यालय ओरा व राजकीय हाई स्कूल नोनार तथा थाना सरधुवा के राजकीय हाई स्कूल सुरसेन के छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में होने वाले कार्यों एवं उनकी उपयोगिता के सम्बन्ध में समझाया गया।

जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने छात्रों से वार्ता की तथा छात्रों को जिलाधिकारी कार्यालय से होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में बताया।

उन्होंने सभी छात्रों को एसपीसी कार्यक्रम के सम्बन्ध में बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों का इस प्रकार से भ्रमण कार्यक्रम प्रतिमाह आयोजित किया जाए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने छात्रों से वार्ता की। साथ ही पुलिस द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाएं कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के सम्बन्ध में बताया। उन्होंने बताया कि एसपीसी कार्यक्रम के तहत जो कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इससे छात्रों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है एवं पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी जा रही है। छात्रों को पुलिस कार्यालय का भ्रमण करा कर पुलिस कार्यालय में स्थित सभी शाखाओं के कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

इस मौके पर प्रधानचार्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओरा सर्वजीत सिंह, सहायक अध्यापक अजीम मोहम्मद, राजकीय हाई स्कूल से सहायक अध्यापक गुंजन सिंह, सुरभी, राजकीय हाई स्कूल सुरसेन से सहायक अध्यापक अनिल कुमार शर्मा, सूर्य भूषण पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

जिला जज ने डीएम-एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला जज विकास कुमार प्रथम, पूर्णकालिक सचिव फारूख इनाम सिद्दीकी, सीजेएम सूर्यकान्तधर दुबे ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ शुक्रवार को जिला कारागार में महिला बैरक, पाठशाला व कारागार में बने कौशल प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल में निरूद्ध कैदियों से खान पान के बारे में जानकारी ली। साथ ही जिला कारागार प्रभारी को निर्देशित किया कि मीनू के हिसाब से खाना दिया जाए। जिलाधिकारी ने पृथक वास में निरुद्ध कैदियों के खाना तलाशी भी कराई। उन्होंने अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए, लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक करें एवं दवाएं भी सुनिश्चित कराएं तथा जो बाहर से कैदी चित्रकूट कारागार में स्थानांतरित किए गए हैं उन सभी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य किया जाए। इस मौके पर अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, डिप्टी जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

संकल्प सप्ताह में शामिल होने के लिए रवाना हुए किसान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आकांक्षात्मक विकास खण्डो के इंडीकेटर्स में उन्नयन हेतु किए जा रहे प्रयासों को एक दिशा देने के उद्देश्य से नीति आयोग द्वारा 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आकांक्षात्मक विकास खण्डो में संकल्प सप्ताह कार्यक्रम मनाया जाएगा जिसका शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 30 सितंबर को दोपहर नई दिल्ली की प्रगति मैदान के भारत मंडपम से किया जाएगा जिसमें भाग लेने के लिए आकांक्षात्मक ब्लाक रामनगर से ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्रा फन विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह अपर सांख्यिकी बाबूलाल सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी परमेश्वरी दयाल सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह प्रधान, अनिल कुमार, घनश्याम सिंह, अरविंद कुमार, अवधेश कुमार, दीपक तिवारी, कामता प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, अरुण कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी प्रतिभाग करेंगे।

दिल की बीमारी से दूर रहने के लिए अपनाएं स्वस्थ जीवन शैली

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

द हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित एमएमयू टीम द्वारा शुक्रवार को वर्ल्ड हार्ट दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान जनपद के चार ब्लॉक में चलाया गया।

जिसमे लोगों को हार्ट की बीमारी से बचाने के लिए कई उपाय बताए गए।

जागरूकता अभियान में परियोजना समन्वयक राधा ने ग्रामीणों को बताया कि कम उम्र के लोगों में भी हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 30 से कम आयु के लोगों में हृदय रोग सम्बन्धित गंभीर समस्याएं होने लगती हैं, जो कि जानलेवा हो सकती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ हृदय रोगों के जोखिम से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। हृदय रोगों में स्ट्रोक, जन्मजात हृदय दोष, हृदयाघात, कार्डियक अरेस्ट, पेरिकार्डियल बहाव, रुमेटिक हृदय रोग, कोरोनरी धमनी रोग, एनजाइना आदि शामिल है। दिल की इन गंभीर बीमारियों से दूर रहने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की जरूरत है। हालांकि लोगों को हृदय रोगों की गंभीरता का तब तक पता नहीं चलता, जब तक वह इससे पीड़ित न हो जाएं। इस कारण लोगों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल सितंबर माह में विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर एमएमयू टीम डॉ. कमला शंकर, डॉ. प्रवेश, सीनियर फार्मासिस्ट संजय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

दुराचार के मामले में आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

नाबालिक लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और चार माह तक शारीरिक शोषण करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि राजापुर थाना क्षेत्र के महुआ गांव का निवासी राधे सिंह उर्फ राधेश्याम सिंह पुत्र बद्री सिंह बीती 9 अक्टूबर 2021 को दोपहर के समय एक नाबालिक लड़की को घर से भगा ले गया था। इसकी लड़की के पिता ने राजापुर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लड़की के पिता के अनुसार उसकी गैर मौजूदगी में आरोपी ने बहला फुसलाकर उसकी बेटी को ले गया।

साथ ही सोने चांदी के जेवर और मोबाइल भी ले गए। मान मर्यादा के लिए वह अपने स्तर से ढूंढने का प्रयास करता रहा। इसके बाद भी न पता चलने पर पुलिस को सूचना दी थी। घटना से लगभग चार माह बाद लड़की पुलिस को लूक लाइन चैराहे पर मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने चिकित्सकीय परीक्षण कराकर उसके बयान दर्ज कराए थे।

इसमें लड़की ने कहा था कि आरोपी राधेश्याम उसे दिल्ली ले गया था। चार माह तक शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा और उसके बाद उसे लेकर राजापुर आया। यहां लूक लाइन चौराहे पर पुलिस को देखकर वह भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीष विनीत नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी राधे उर्फ राधेश्याम सिंह को 20 वर्ष कठोर कारावास के साथ 40 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अन्त्योदय कार्ड धारकों को निशुल्क कानूनी सहायता कराएंगे उपलब्ध, अधिवक्ता परिषद ने लिया निर्णय

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अधिवक्ता परिषद चित्रकूट के तत्वाधान में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में स्वाध्याय मण्डल का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यबली त्रिपाठी ने पूराने व नए कानूनों की जानकारी दी। खासतौर से चकबन्दी पूर्व व बाद के कानूनों की बिन्दुवार जानकारी उपलब्ध कराई।

अधिवक्ता परिषद चित्रकूट ने नए जूनियर अधिवक्ताओं के ज्ञानार्जन के के लिए प्रत्येक माह के चैथे शुक्रवार को स्वाध्याय मण्डल के लिए समय निर्धारित किया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पहली बार इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अक्टूबर

माह के स्वाध्याय मण्डल का आयोजन 27 अक्टूबर शुक्रवार को निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम रूपरेखा अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष हेमराज सिंह ने रखी और धन्यवाद ज्ञापन अनिल श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगा। इस मौके पर आदर्श कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश ओझा, राहुल श्रीवास्तव, अजय कुमार सिंह, त्रिभुवन नाथ सिंह, शुभम श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, शारदा प्रसाद यादव, रमेश विश्वकर्मा, ब्रजभूषण द्विवेदी, ललित श्रीवास्तव, मनमोहन चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

दम्पति पुरस्कार योजना के तहत् विधवा से पुर्नविवाह पर मिलेगा ग्यारह हजार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

महिला कल्याण विभाग की योजना के अनुसार जहॉ विधवा पेंसन योजना चलायी जा रही है। वही लाभार्थियो के पुत्री विवाह अनुदान दिया जा रहा है। वही 35 वर्ष से कम आयु वाली विधवा महिलाओ से पुर्नविवाह करने पर दम्पति पुरस्कार योजना के तहत् एक मुस्त ग्यारह हजार दिया जायेगा।

यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी देते हुये बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित विधवा पेंशन पा रही लाभार्थियों की पुत्री विवाह अनुदान योजना तथा 35 वर्ष से कम आयु की विधवा से पुर्नविवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत शासन से धनावंटन प्राप्त हो गया है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन पा रही लाभार्थियों की पुत्री विवाह अनुदान योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थी को रूपया 10,000 एकमुस्त तथा 35 वर्ष से कम आयु की विधवा से पुर्नविवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति को रूपया 11,000 एकमुश्त धनराशि प्रदान किया जायेगा। उक्त योजना के अन्तर्गत पात्र महिलायें अपना आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकती है। आवेदन पत्र जिला प्रोबेशन कार्यालय में निःशुल्क प्रदान किया जाता है।

नहीं रुक रही जुआ की फड़ें, प्रतिदिन हो रहा लाखों का वारा-न्यारा

जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर। कोतवाली सहित क्षेत्र सहित अन्य थाना क्षेत्रो मे जुआ की फडे सज रही है। जिसके चलते आये दिन क्षेत्र मे चोरी, छिनौती व लूट की घटनायें हो रही है। जब कि ईलाकाई पुलिस जुआ की फड़ो को अनदेखा कर रही है। नगर के कई मुहल्लो मे लाखों रूपये के प्रतिदिन दांव लगाये जा रहे हैं। शाम होते ही जुआ की फड़ें सजना शुरु हो जाती है। जानकारों की मानें तो नगर क्षेत्र के मुसवापर, गांधी पार्क, नेशनल हाइवे स्थित सुजरही गांव मोड़ के पास, रामनगर, विजय नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में टेसाही बुजुर्ग, टेसाही खुर्द, हरदो आदि स्थानों में प्रतिदिन जुआड़ी एकत्रित होकर जुआ की फड़ें सजा रहे हैं। इसी प्रकार धाता थाना क्षेत्र के अहमदपुर कुसुम्बा गांव व किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी, सरौली, पहोरा, एकडला गांव के जंगलों में हर रोज स्थान बदल-बदल कर बहुचर्चित जुआ माफिया के गुर्गो द्वारा बेखौफ रूप से जुआ फड़ों का संचालन किया जा रहा है। फड़ों में हर रोज स्थानीय सहित अंतर्जनपदीय जुआरियों की आमद फड़ो में युवा जुआरियों की रहती है। प्रतिदिन एक ही फड़ में लाखों रुपये के हार जीत के खेल चल रहे हैं। वहीं स्थानीय पुलिस द्वारा मामले से अनभिज्ञता जता पल्ला झाड़ लिया जाता और जुआ फड़ संचालक बेखौफ फड़ों का संचालन कर रहे हैं।

कांग्रेस नेत्री रंजना बराती लाल पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज के शुक्रवार को चित्रकूट आगमन जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में बरगढ़ छीवालहा में रंजन बराती लाल पांडेय के समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता इसके खिलाफ लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का जो आदेश होगा, उसका पालन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वह पूर्णिमा के दिन बाबा की नगरी से चित्रकूट धाम कामतानाथ के दर्शन करने आए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा ने डर के कारण बड़े नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश में हम सरकार बनाने जा रहे हैं, आने वाले 2024 में देश में भी सरकार बनाएंगे। कांग्रेस नेत्री रंजना बाराती लाल पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का नेतृत्व मिलने के बाद पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसका

परिणाम आने वाले चुनाव में नजर आएगा और कौंग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश समेत पूरे देश में भाजपा का सफाया करेगी।

इस मौके पर अतुल तिवारी, पवन रजक, गिरजा वर्मा, राकेश पांडेय, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर शिव शंकर खंगार, राजेश सिंह, अनिल गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, राकेश वर्मा, विजय मणि त्रिपाठी, कामता द्विवेदी, दिवाकर त्रिपाठी, शारदा गोतम, सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पांडेय, बुंदेलखंड के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित, पंकज मिश्रा, ओम प्रकाश गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, महेंद्र सिंह पटेल, तीरथ सिंह, बांदा जिलाध्यक्ष लाल दुबे, कुलदीप मिश्रा, यमुना शुक्ला, कृष्णराज सिंह, कंचन सिंह, गज्जू प्रसाद, अरुणेंद्र मिश्रा, राज नारायण निषाद, महेंद्र निषाद, राम बच्चन निषाद, आशीष मिश्रा, इंद्रजीत उपाध्याय, गोलू मिश्रा, उदित नारायण द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

विद्युत बिल वसूली के नाम पर किया जा रहा किसानों का शोषण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार के जनपद में तीसरे दिन के प्रवास में शुक्रवार को मानिकपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अगुवाई में शुक्रवार को स्व. पूर्व सांसद प्रकाश नारायण त्रिपाठी के पुत्र देवेंद्र त्रिपाठी ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानिकपुर के विधान सभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव एवं ब्लाक अध्यक्ष ने किया।

सपा जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव ने कहा कि देवेन्द्र त्रिपाठी के पार्टी में शामिल होने से पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी। मड़ैयन के पूर्व प्रधान और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि पाठा क्षेत्र में बिजली विभाग इस समय बिल वसूली के नाम पर किसानों से फिरौती वसूल रहा है। पार्टी जल्द ही बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली की पोल खोलने का काम करेगी। प्रदेश सचिव

✻ सपा जल्द अवैध वसूली की पोल खोलने का काम करेगी

मेघनाथ खंगार ने बताया कि आने वाले 2024 के चुनाव में हमारा लक्ष्य पीडीए को साथ लेकर चलने का है। समाज के हर दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासियों को साथ लेकर चलेंगे और उनको हक, अधिकार दिलाने का काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया। इस मौके पर बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, सुभाष पटेल, सूरज पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव, शिवशंकर सिंह पटेल, मो गुलाब खान, अमर पटेल, विनोद खंगार, नाथूराम खंगार, नथन लाल खंगार, मलखान सिंह खंगार, सखाराम सिंह खंगार, अंशु सिंह खंगार, विपिन सिंह खंगार, विक्रमादित्य त्रिपाठी, सूरज पटेल, हीरालाल पटेल, देवनाथ यादव, एजाज हसन सिद्दीकी, कृतकेश्वर त्रिपाठी, जलाल खान, राजा यादव आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग नियन्त्रण अभियान चलेगा 3 से 31 अक्टूबर तक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन् के तहत् जिला स्वास्थ्य समिति, शाषी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में प्रगति अच्छी पाए जाने पर समस्त एमओवाईसी को बधाई दिया। सीडीओ कहा कि केन्द्र प्रभारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहान इच्छाशक्ति के साथ पूरी जिम्मेदारी से करते हुए नागरिको को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना व सेवा प्रदाता के भुगतान में जिन स्वास्थ्य केंद्रों का प्रतिशत कम है उसका सपष्टीकरण लेने के निर्देश संबंधित को दिया।

उन्होंने कहा कि गर्भवती-धात्री-बच्चों के टीकाकरण का कार्य समय से शत-प्रतिशत् कराया जाय। गर्भवती महिलाओं की सभी अनुमन्य जांच कराई जाय। केन्द्र प्रभारियों से कहा कि आशा एवं ऐनम के साथ नियमित बैठक करे, साथ ही उनके कार्यों पर निरंतर निगरानी बनाए रखे। बीएचएनडी दिवस पर सभी स्वास्थ्य सुविधाएं व जाँच संवेदनशीलता के साथ करायी जाय। सभी स्वस्थ्य केंद्रों में दवाईयों के स्टाक खत्म होने के पहले ही मांग करे।

हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान दिया जाय, आशा व ऐनम के माध्यम से नागरिको को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए जागरूक करें और यदि कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में अधिकारियो को निर्देश दिया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक एवं घर-घर दस्तक अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है आपस में समन्वय बनाते हुए गम्भीरता पूर्वक कार्यक्रम संपन्न करे।

शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने का लिया गया संकल्प

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा स्थापना वर्ष 1924 की चित्रकूट मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव की अध्यक्षता में हुई। प्रान्तीय कार्यवाहक अध्यक्ष जगनायक सिंह ने कहा कि संघर्ष और एकता ही किसी भी समाज को आगे बढ़ाता है। राजनीति में भागीदारी के लिये आगे आयें और एकजुट होकर संघर्ष करें।

विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन अवधि में विस्तार

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन की अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम	चलने के दिन	पूर्व घोषित तिथि तक	विस्तारित अवधि	संशोधित संरचना
09183 मुंबई सेंट्रल–बनारस एक्सप्रेस स्पेशल	बुधवार	27.09.23	04.10.23 से 29.11.23 तक	वर्तमान संरचना के साथ
09184 बनारस–मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस स्पेशल	शुक्रवार	29.09.23	06.10.23 से 01.12.23 तक	
09525 ओखा–नाहरलगुन एक्सप्रेस स्पेशल	मंगलवार	05.09.23	17.10.23 से 28.11.23 तक	द्वितीय वाता.-01, तृतीय वाता.-03, शयनयान-12 एवं सामान्य-04
09526 नाहरलगुन–ओखा एक्सप्रेस स्पेशल	शनिवार	09.09.23	21.10.23 से 02.12.23 तक	
09417 अहमदाबाद जं.–पटना जं. एक्स. स्पे.	सोमवार	04.09.23	16.10.23 से 27.11.23 तक	वर्तमान संरचना के साथ
09418 पटना जं.–अहमदाबाद जं. एक्स. स्पे.	मंगलवार	05.09.23	17.10.23 से 28.11.23 तक	

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3039/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक और विवाहिता दहेज बेदी की भेट चढ़ी

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में दरवेशाबाद गांव में विवाहिता का शव घर में सन्दिग्ध परिस्थितियों में लहूलुहान हालत में मिला। विवाहिता की मौत की सूचना पर मायके पक्ष के लोग मोके पर पहुंचे और ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाकर बताया कि बेटी को विद्युत करेंट लगाकर हत्या किया गया है। कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया।

जानकारी के अनुसार यह मामला कोतवाली क्षेत्र के दरवेशाबाद गांव का है। मृतक कृष्ण कुमारी 24 वर्ष का विवाह एक वर्ष पहले ही दरवेशाबाद गांव के विक्रम से हुआ था। मायके पक्ष के लोगों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज की मांग करते हुए बेटी को प्रताड़ित करते रहे हैं। वहीं मायके पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि विक्रम का प्रेम प्रसंग किसी युवती के साथ चल रहा था। जिसके सम्बन्ध मे कई बार पंचायत किया गया और अपनी हरकतो को रोकने को कहा गया लेकिन उसके बाद भी पति विक्रम की हरकते नहीं रुकी। जिसके चलते बेटी के साथ आये दिन मार-पीट और प्रताड़ित करते रहे हैं।

परिजनों ने बताया कि आज जब बेटी से सम्पर्क नहीं हुआ तो बेटी के ससुराल पहुॅच गये और देखा कि बेटी कमरे लहूलुहान पड़ी है और कमरे में खून बिखरा है। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। वहीं ससुराली जन घर पर कोई नहीं था। पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मायके पक्ष की तहरीर पर पति और भाई को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ कर जांच किया जा रहा है।

हर सकरी में पौध लगवा कर वृक्ष मित्र प्राणेश कवि ने पुरखों को किया समर्पित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृक्ष मित्र के रूप में प्रसिद्ध रामलाल द्विवेदी प्राणेश कवि ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज के परिसर में हर सकरी में पीपल, बरगद, नीम के एकत्रित पेड़ चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान एवं स्टाफ की उपस्थिति में विगत दिन पेड़ लगवाए। आगत पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में पूर्वजों को समर्पित कर दिया। हमारे पूर्वज आम, महुआ, जामुन, कैथा, बेर आदि फलदार वृक्षों के बाग तैयार कर लेते थे।

हम लोगों को पूर्वजों से शिक्षा लेकर के अब उनके निमित्त भी लगाना चाहिए। पुराणों में मत्स्य पुराण, स्कंद

पुराण आदि में वृक्ष लगाने की बहुत बड़ी महिमा है। इसके पूर्व तुलसी साहित्य अकादमी एवं राष्ट्रीय हिंदी प्रचारिणी सभा नई दिल्ली के क्षेत्र संयोजक रामलाल द्विवेदी प्राणेश कवि ने परिक्रमा क्षेत्र में बहरा के हनुमान मन्दिर में आंवला वन, बिरजाकुंड, लेना बाबा, दुग्ध डेरी के पास इलाहाबाद रोड, कलेक्टरेट रोड, एसपी आवास, तरोहा रोड, नादी के हनुमान मन्दिर आदि जगहों में सौ अधिक पौध लगाए गए। ट्री गार्ड की व्यवस्था तथा रक्षक को भी नियुक्त किया है, जो वर्ष पर्यंत जल और सुरक्षा भी देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय तापमान बहुत बढ़ रहा है। इसलिए हर व्यक्ति को पौधरोपण सेवा एवं जल संचयन सेवा जरूर करनी चाहिए। जल संचयन के लिए अपने खेत में ताल बना सकते हैं, कहीं भी मेड बनाकर रोक करके धरती को जल युक्त कर सकते हैं। यह वृक्ष तापमान को कम करने, वर्षा देने में भी सहायक होंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्यव फूलचंद चंद्रवंशी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, प्रेम नारायण श्रीवास्तव, रंगनाथ शुक्ला, रामेश्वर सोनी, एमपी सिंह, लेखपाल सुरेंद्र श्रीवास्तव, विजय बहादुर पांडेय, सुंदरलाल मिश्र आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 30 सितंबर 2023 | 03

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज़ हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 35.0 (+1.7)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 22.6 (-0.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 86 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 50 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.2 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

दवा व्यापारी को अधमरा करने वाला अंकित शुक्ला का गुर्गों संग फिल्मी अंदाज में सरेंडर

* पांच दिनों से तलाश रही थी पुलिस, जेसीपी के समक्ष किया सरेंडर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीती 24 सितंबर से लेकर अभी तक चल रहे भाजपा पार्षद के पति और दवा व्यापारी के बीच घटित हाई वोल्टेज मामले में आखिरकार योगी सरकार के कारण पार्षद पति अंकित शुक्ला को अपने गुर्गों संग सरेंडर करके जेल जाना ही पड़ा। लेकिन जिस अंदाज में अंकित शुक्ला ने अपने गुर्गों संग पुलिस कमिश्नर के ऑफिस में पच्चीस पच्चीस हजार का इनामियां फरार मुजरिम होने के बाद फिल्मी स्टाइल में पुलिस ऑफिस में सरेंडर किया है उसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। ज्ञातव्य हो कि बीती 23/24 सितंबर की रात्रि को लगभग 12ः30 बजे थाना रायपुरवा क्षेत्र के अफीम कोठी चौराहे के पास ओवर टेकिंग को लेकर वार्ड 95 से भाजपा पार्षद सौम्या शुक्ला के पति अंकित शुक्ला और अन्य पांच साथियों का दवा व्यापारी अमोल दीप भाटिया और उनकी पत्नी से वाद विवाद हो गया था। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लड़ाई झगड़ा आरंभ हो गया। अंकित शुक्ला की टीम दवा व्यापारी पर भारी पड़ी और उन्हें इतना पीटा गया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। थाना रायपुरवा के पूर्व कोतवाल द्वारा बड़ी ही गंभीर लापरवाही बरती गई जिस कारण इस मामले ने राष्ट्रीय स्तर पर तूल पकड़ लिया। सामाजिक संगठन,व्यापारी संगठन और सिख समाज के लोग सड़कों पर आ गए और कार्रवाई की मांग करने लगे। अंकित शुक्ला समेत अन्य आरोपियों पर जब कानपुर पुलिस ने इनाम घोषित कर दिया। इस मामले में सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी की साख तब गिरी जब विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के पीआरओ के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपाइयों ने पुलिस कमिश्नर के कार्यालय का घेराव कर लिया और अपनी बात इस तरह से रखी की उसकी जमकर राजधानी में भी चर्चा रही।

सभी आरोपी भेजे जायेंगे कोर्ट

संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांचो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा।

इनाम किसे मिलेगा भाजपा नेताओं को या पुलिस को?

बीते दिन अचानक से कानपुर के पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर फिल्मी स्टाइल में काली कार से उतरकर भाजपा पार्षद पति अंकित शुक्ला ने अन्य आरोपियों सत्येंद्र वाजपेई, अंकुर सिंह, यशस्वी शुक्ला और सूरज तिवारी के साथ जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी के ऑफिस में सरेंडर कर दिया। सरेंडर का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर छाया वैसे ही प्रतिक्रियाएं भी आने लगी ज्यादातर लोग यही कहते हुए दिखे की फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामियां आरोपी ऐसे पुलिस के सामने आकर खड़े हो गए जैसे कुछ हुआ ही नहीं था यहां तक चर्चा रही कि अब जो इनाम घोषित था वह किस मिलेगा भाजपा नेताओं को या पुलिस टीम को?

पार्षद सौम्या शुक्ला दिखीं हताश

पति अंकित शुक्ला के सरेंडर से पहले ही पार्षद सौम्या शुक्ला भी पहुंचीं थीं। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार पर दबाव डाला जा रहा है। न जाने पुलिस पर किस चीज का दबाव है, कि इनाम घोषित कर दिया है। क्या उनके पति ने मर्डर किया है या पहले भी कोई रिपोर्ट रही है आपराधिक हिस्ट्री रही है। जब ऐसा नहीं है, तो कैसे इनाम रखा गया है। हमें मुजरिम साबित कर दिया गया है।

2 अक्टूबर तक अधिवक्ता रहेंगे हड़ताल पर

जन एक्सप्रेस/ कानपुर नगर। हापुड़ में वकीलों के ऊपर लाठीचार्ज के मुद्दे पर कानपुर कचहरी में वकील शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। यूपी बार काउंसिल के आह्वान पर फैसला लिया गया। अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा मारपीट के मामले में पूर्ण न्याय न मिलने के कारण हापुड़ में महापंचायत बुलाई गई। पंचायत का समर्थन करते हुये कानपुर बार एसोसिएशन और कानपुर लॉयर्स एसोसिएशन ने संयुक्त रूप से कचहरी में हड़ताल जारी रखी। अधिवक्ताओं की यह भी मांग है कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को जल्द से जल्द लागू किया जाए। इसके लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कानपुर को सौंपा। अग्रिम निर्णय हेतु 3 अक्टूबर को कानपुर बार एसोसिएशन और लायर्स एसोसिएशन की संयुक्त कार्यकारिणी की बैठक होगी। कानपुर बार एसोसिएशन के महामंत्री आदित्य सिंह के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है कि कानपुर कचहरी के अधिवक्ता आगामी 2 अक्टूबर तक हड़ताल पर रहेंगे।

मल्टीलेविल पार्किंग में गंदगी देख भड़के वी.सी. ठेकेदार को नोटिस जारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण विशाख जी. द्वारा प्राधिकरण की फूलबाग पार्क का नगर आयुक्त, नगर निगम, कानपुर एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा फूलबाग में निर्मित गांधी भवन के सामने वाली रोड जो कि खराब अवस्था में है एवं आमजन द्वारा उपयोग में लायी जा रही है, उसे दुरूस्त कराये जाने के लिए नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। साथ साथ फूलबाग मल्टीलेविल पार्किंग के उपर प्राधिकरण द्वारा निर्मित पार्क का अधिकारियों के साथ भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पार्क में समुचित साफ-सफाई एवं रख-रखाव न होने पर उपाध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये ठेकेदार को नोटिस जारी किये जाने के लिए केडीए सचिव सत्रोहन वैश्य को निर्देश मिले हैं।

जमीनी हकीकत जानने के लिए मलिन बस्तियों में भाजपाइयों ने जनता से किया संवाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल और दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने शुक्रवार को मोदी - योगी की योजनाओं का जमीनी सच जानने के उद्देश्य से गोवर्धन पुरवा मलिन बस्ती पहुंच कर वहां सरकारी योजना का लाभ ले रहे लोगों से बात की। उन्होंने योजनाओं के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, निशुल्क शौचालय, हर घर नल से जल योजना, उज्ज्वला योजना, बेटी बचाव बेटी बढ़ाओ,मात्र वंदन योजना, आयुष्मान भव योजना सहित अन्य योजनाओ के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर कई लोगों द्वारा केस्को, पीएम आवास, तहसील, वृद्धावस्था पेंशन आदि की समस्याएं बताए जाने पर शिवराम सिंह ने समस्याओं का शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वही क्षेत्रीय अध्यक्ष और दक्षिण जिलाध्यक्ष ने बस्ती में लगी बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने बस्ती वालों के साथ बैठकर कैरम बोर्ड पर भी हाथ आजमाया। इस अवसर पर रजनीश गर्ग ,ज्ञानू मिश्रा, वन्दना गुप्ता, जसविंदर सिंह, अशोक मिश्रा , दीपांकर मिश्रा, अर्जुन बेरिया, शिव पूजन सविता, राजन चौहान आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह एवं व्हाइट कोट सेरेमनी चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय काला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से पठन-पाठन में रुचि रखने, अपने अध्ययन कार्य में संयमी बनने, आचरण में व्यवहारिकता, कुशलता, सात्विकता रखने, कॉलेज के नियमों का अनुपालन करने एवं अनुशासन में रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को महर्षि चरक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ.रिचा गिरी, डॉ.आर.के.सिंह, डॉ.एस.के.बर्मन, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ. डॉली रस्तोगी, डॉ.आनंद नारायण सिंह सहित चिकित्सा महाविद्यालय के सभी चिकित्सा शिक्षक मौजूद रहे।

सुगंध एवं सुरस निर्माण पर दिया व्यख्यान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र फजलगंज में सुगंध एवं सुरस निर्माण एवं इसके उपयोग विषय पर चल रहे पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में शुक्रवार को केंद्र प्रभारी डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने सुगंध एवं सुरस निर्माण पर व्यख्यान दिया। उन्होंने सुगंध को विभिन्न ग्रुपो में और विभिन्न एरोमा केमिकल को विभिन नोट में बांटने पर चर्चा करने के साथ परफ्यूम ब्लेंडिंग के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में गुंजन धर गुप्ता एवं सुख देव ने विभिन्न नोट पर आधारित कई सुगंधित एरोमा केमिकल को सूंघने के लिये दिये तथा इनकी सुगंध किस प्रकार याद रखे इस पर चर्चा की। कार्यक्रम के तृतीय सत्र में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न एरोमा केमिकल सूंघने तथा उनकी सुगंध याद करने का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने किया। इस अवसर पर चंद्र भान सिंह, केतन पांडेय, अनुराधा गुप्ता, रामकिशोर राठौर, धर्मेंद्र जायसवाल, त्रिलोकी सैनी, अंकित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए विश्वविद्यालय में किट का वितरण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में पोषण माह के अंतर्गत शुक्रवार को जिला प्रशासन कानपुर नगर, कानपुर देहात एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान से आंगनवाड़ी केंद्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए आवश्यक वस्तुओं का किट वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने 5 आंगनवाड़ी केंद्रो को किट प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी के विकास के लिए स्कूल और कॉलेज आपस में जुड़े हैं जो इस कार्य में विकास कर रहे है और इस सहयोग और समन्वय के चलते 7500 आंगनबाड़ी लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रो में पढ़ने वाले बच्चे भविष्य का आधार हैं जिन्हें हमें संस्कार देने के साथ जल प्रबंधन, भोजन को बर्बाद ना करने, स्वच्छता अभियान से जुड़ने व उन्हें शुद्ध भाषा सिखाना चाहिए। उन्होने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जज्बा है तो महिलाएं कुछ भी कर सकती है। कुलाधिपति ने प्रेक्षागृह में स्टॉल का अवलोकन करने के साथ दो बच्चों को अन्नप्राशन एवं दो महिलाओं को फल एवं पोषण सामग्री भी वितरित की। कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलाधिपति की प्रेरणा से आंगनवाड़ी सहभागिता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और हमारे समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग इन केंद्रो में प्रशिक्षण और शोध पर कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि किट प्राप्त होने के बाद बच्चों ने शैक्षिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करना शुरू किया है। कार्यक्रम में महिला एव बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमो का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण करना है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी सपना है। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग की ओर से किए गए शोध कार्य पर आधारित पुस्तिका जो आंगनवाड़ी केंद्रो पर उपलब्ध करायी गई किट के प्रभाव के अध्ययन पर आधारित है का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कानपुर नगर के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्वपनिल वरुण, महापौर प्रमिला पांडे, विधायक सरोज कुरील,विधायक पूनम शंखवार, विधायक महेश त्रिवेदी, विजय उपाध्याय, प्रति कुलपति सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

बेजुबान की फावड़ा मारकर की हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना फजलगंज के अंतर्गत एक बेरहम मालिक ने अपने खच्चर को फावड़ा मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद बेजुबान फाउंडेशन के संस्थापक ने आरोपित खच्चर मालिक के खिलाफ फजलगंज थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। वही पुलिस ने आरोपित खच्चर मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।बताते चलें कि बेजुबान फाउंडेशन के संस्थापक विवेक तिवारी ने बताया कि सरोजनी नगर के पंजाब एंड सिंध बैंक के पास रिजवान नाम का युवक अपने खच्चर से ईंटा और मलबे की ढुलाई कर रहा था। इस दौरान उसने गुस्से में आकर खच्चर के सिर पर फावड़े से हमला कर दिया। जिससे खच्चर तड़प तड़प कर मर गया। यह नजारा देखकर अफरातफरी मच गई। विवेक तिवारी ने इलाके में रहने वाले गवाह अर्जुन सिंह की मदद से आरोपित रिजवान को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। विवेक ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। खच्चर का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे साकेत नगर स्थित मैदान में दफना दिया गया। फजलगंज थाना प्रभारी आशीष कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित खच्चर मालिक रिजवान के खिलाफ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम व अन्य धारा में मुकदमा दर्जकर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

जश्ने चिराग की रात कानपुर वासियों ने याद किया पैगंबर मोहम्मद साहब को

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन से एक रात पहले पूरा कानपुर रोशनी से जगमगा उठा। जश्न की रात में लोगों ने मोहम्मद साहब को याद किया और उनके बताए रास्तों पर चलने का पैगाम दिया गया इस मौके पर नात शरीफ और कुरान खानी का भी आयोजन किया गया। पैगम्बर-ए-इस्लाम के जन्मदिन पर 12 रबीउल अव्वल के मुबारक। आशिक़ ए रसूल कमेटी की जानिब से। ताजुदिन बाबा का गेट बनाया गया था। जो की आशिक़ ए रसूल सनिगवां रोड स्थित अशरफ़ नगर के सभी लोग ने सबका इस्तक़बाल किया जिसमे। कम्मू शेख, शाहरुख़ शेख,बालक मंसूरी, अहद शेख, इमरान शेख अमन शेख, सराफ़त मंसूरी ,लाला ख़ान, सैफ़ शेख, कैश ख़ान आदि लोग मौजूद रहे

मेरी माटी मेरा देश के तहत बिल्हौर नगर पालिका के अध्यक्ष व सभासदों ने घर-घर जाकर एक-एक चुटकी माटी मांगी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के हर गांव के प्रधान व नगर पालिका के अध्यक्ष व सभासदों ने घर-घर जाकर एक-एक चुटकी मांग कर अमृत कलश भरकर यथा स्थान रखवाई । बिल्हौर नगर पालिका अध्यक्ष व सभासदों ने बलिदानी वीरांगनाओ और देश पर न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए गांव में हर घर की दहलीजों से एक चुटकी मिट्टी अमृत कलश मे लेकर उनको मेरी माटी मेरा देश के प्रति याद किया जा रहा है साथ ही उन वीर वीरांगनाओ और वीर शहीद सपूतों को एक चुटकी मिट्टी से सम्मान देने का अभियान शुरू हुआ है।ग्रामीण हाथो मे तिरंगा लेकर हर दहलीज पर से अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित कर

हर घर जाकर अमृत कलश में एक चुटकी मिट्टी ली है उन्होंने बताया की देश पर अपनी जान न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिए हर घर से एक चुटकी मिट्टी ली जा रही है साथ ही जनता को उन वीर सपूतों के बारे में जानकारी दी जा रही है जिससे एक चुटकी मिट्टी का महत्त्व ग्रामीण जान सके। मेरी माटी मेरा देश के माध्यम से हर ग्रामीण व शहरी जनता को एक साथ जोड़ा जाना है जिसके लिए केंद्र सरकार ने यह अभियान चलाकर प्रदेश के हर गांवो/ कस्बो में ग्रामीण जागरूकता एवं एक चुटकी मिट्टी की महत्वता का अनुमान होना चाहिए। केंद्र सरकार ने इस अभियान से देश के सारे प्रदेशों को एकसाथ जोड़कर देश भारतीय अखंडता का निर्माण होने का रूप ले सकता है इसी कारण यह अभियान शुरू किया गया है। बिल्हौर नगर पालिका अध्यक्ष इखलाख खां, अधिशासी अधिकारी अंजनी मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता उर्फ बबन, सुनीता तिवारी, सुमन मिश्रा, पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष जेपी कटियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष ओम कुशवाहा, सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, सभासद रामकुमार उर्फ लल्ला राठौर, सभासद महेश कश्यप, सभासद सत्येंद्र पांडे, सभासद देवेंद्र सविता उर्फ बउवा, ओमकार सिंह, जितेंद्र सिंह, योगेंद्र शुक्ला, रामजीलाल शास्त्री, प्रताप नारायण मिश्रा, सूरज तिवारी, मधुर तिवारी, शशिकांत उर्फ पिंटू बाबा सुनील कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में जुलूस में शामिल हुए और मोहल्ले से होने के बाद में नगर पालिका में जाकर अमृत कलश रखे गए वार्ड नंबर 13 के सभासद द्वारा आए हुए सभी का अभिवादन कर जलपान की व्यवस्था कराई गई और ढोल नगाड़ों के साथ में तिरंगा हाथ में लेकर सैकड़ो की संख्या में जनता ने नगर पालिका में पहुंच कर अमृत कलश सुरक्षित रखे।

छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्त भारत बनाने का लिया जाएगा संकल्प

* नशा मुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है और अपना देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में खिल उठेगा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

योग ज्योति इंडिया के प्रसिद्ध ज्योति बाबा ने कानपुर प्रेसक्लब में वार्ता करते हुए बताया कि 30 सितम्बर 2023 व 11 अक्टूबर,2023 को पहली बार प्राइमरी, बेसिक, माध्यमिक, के साथ साथ सीबीएसई और आईसीएसई के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी प्रार्थना के पश्चात अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेंगे। बाबा ने बताया कि जितने लोग कोरोना में नहीं मरे उससे कहीं अधिक तम्बाकू के नशे द्वारा हुए कैंसर से हर साल मर जाते हैं। बाबा ने बताया कि जब बच्चों को शुरू से ही तम्बाकू के सेवन से होने वाले खतरे से अवगत करवाया जाएगा तो नशा मुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है और अपना देश एक विकसित राष्ट्र के रूप में खिल उठेगा।

आज मनाएगा कानपुर का व्यापारी समाज उत्सव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता/महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के आगमन के साथ आज व्यापारी स्वाभिमान यात्रा कानपुर नगर मे जगह जगह निकलेगी। व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का स्वागत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के गौरवमयी 50 वर्ष पूर्ण होने पर व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का आगमन नवाबगंज से प्रारंभ होकर संपूर्ण शहर का ब्राह्मण करते हुए जगह-जगह व्यापार मंडलों के कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापारी स्वाभिमान यात्रा को अवसर को के रूप में मनाया जाएगा। नवाबगंज से शुरू हो कर रूप मैप के आधार पर घंटाघर तक स्वागत होता रहेगा।

सुर्खियों में संजय गांधी अस्पताल

सरकार की गाइडलाइन नहीं मानता संजय गांधी अस्पताल

जन एक्सप्रेस। बी. पी. तिवारी

अमेठी। जनपद की तहसील अमेठी मुंशीगंज कस्बे के पास सराय खेमा गांव की 64 बीघा 18 विश्वा 7 धुर यानी 40 एकड़ सरकारी जमीन वर्ष 1981 में संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी। जमीन का वार्षिक किराया 623 रुपए तय हुआ था। हालांकि बाद में राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट ने मेडिकल कॉलेज के नाम ली गई इस जमीन पर संजय गांधी अस्पताल खोल दिया राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट की यह कमी बीच-बीच में न सिर्फ अस्पताल प्रशासन बल्कि गांधी परिवार व कांग्रेस पार्टी के लिए मुसीबत का सबक बनी रहती है। 11 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित दिशा की बैठक में स्मृति ईरानी ने इस मामले को लेकर सीएमओ समेत अन्य अधिकारीयों को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि जो जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए ली गई उस पर मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं बना। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए है। ना कि राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को फायदा पहुंचाने के लिए। सांसद ने यहां तक कहा कि सरकारी जमीन पर बने गेस्ट हाउस का उपयोग कांग्रेस नेता सिर्फ अपने लिए करते हैं। और यह गलत है। स्मृति ने सीएमओ को पूरे मामले की गहनता से पड़ताल कराते हुए जमीन का उपयोग मेडिकल कॉलेज के लिए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। डीएम से भी यह कहा था कि इस मामले को अपनी निगरानी में निपटाए।

तब से प्रशासन अस्पताल की कुंडली खंगालने में जुटा है। राजस्व विभाग के अफसर जहां संजय गांधी अस्पताल की जमीन व उससे जुड़े कागजात की नई फाइल तैयार करने में जुटे हैं। स्वास्थ्य महक में उन नियमों को ट्रेस आउट करने में जुटा है,जिसके तहत ट्रस्ट को इस बात के लिए विवश किया जा सके कि वह अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का रूप दे। मेडिकल कॉलेज के लिए आमंत्रित जमीन पर मेडिकल कॉलेज क्यों नहीं बना? इसकी जांच की जा रही है। जो भी कमी मिलेगी उसे जिला प्रशासन व समिति को अवगत कराया जाएगा। 2016 में जमीन को लेकर विवाद शुरू होने से पहले गेस्ट हाउस में गांधी परिवार और उससे जुड़े लोग अमेठी प्रवास के दौरान रुकते थे। इस जमीन पर आंख से जुड़ा एक अस्पताल, पैरामेडिकल कॉलेज कोर्सेज से जुड़े दो कॉलेज भी संचालित होते हैं। 2012 में इस भूमि की लीज इस शर्त पर बढ़ा दी थी कि तीन साल में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। बाद में अंदर खाने लीज की अवधि बढ़ा दी गई। स्वास्थ्य विभाग प्रति वर्ष अस्पताल के लाइसेंस को नवीनीकृत करता है। इस वर्ष भी डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी अस्पताल का लाइसेंस नवीनीकृत कर चुकी है।

इसी माह अस्पताल कर्मियों की लापरवाही से एक महिला की मृत्यु हो जाने के बाद अट्ठारह सितंबर को अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित कर दिया गया। संजय गांधी अस्पताल को बंद करने के सरकार के निर्णय के बाद यह मामला सोशल मीडिया से लेकर प्रदेश और केंद्र की राजनीति में सुर्खियों में है। बाहरी अस्पतालों में काम करने वाली नर्सिंग की महिलाओं को अस्पताल से नर्सिंग की डिग्री देने की एक शिकायत प्रमुख सचिव को भेजी गई है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का संसदीय क्षेत्र और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी का पूर्व निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण मामला हाई प्रोफाइल है। केंद्रीय टीम भी अस्पताल की जांच करने आ सकती है।संजय गांधी अस्पताल के परिचालन लाइसेंस को निलंबित करने के मामले में वरुण गांधी ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है।वरुण गांधी का पत्र लगभग दो दिन तक सुर्खियों में रहा है।गांधी परिवार के प्रतिनिधि के तौर पर किशोरी लाल शर्मा सत्याग्रह में शामिल हो चुके हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की ओर से भी इस मुद्दे पर कुछ खास नहीं किया गया है।

सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे पूर्व एमएलसी दीपक सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामला और भी गर्म हो गया है। एक निजी चैनल को दिए गए इंटरव्यू के दौरान पूर्व एमएलसी व कांग्रेस नेता दीपक सिंह द्वारा सांसद स्मृति ईरानी के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने पर भाजपा जिला महामंत्री केशव सिंह ने दीपक सिंह पर एफआईआर दर्ज कराई है। कांग्रेस जहां इस मुद्दे को लंबे समय तक खींच कर लोकसभा चुनाव तक मुद्दा बनाए रखने की योजना बना रही है।वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी प्रकरण में कांग्रेस और गांधी परिवार पर साइलेंट वार कर रही हैं। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के माध्यम से अमेठी की पल-पल की खबर ले रही है। सूत्रों का कहना है कि संजय गांधी अस्पताल के मामले की जांच के लिए अगले एक सप्ताह के भीतर केंद्र की एक टीम अमेठी आ सकती है।सरकार ट्रस्ट के कार्यों और आय व्यय की विस्तृत जांच कर सकती है। दिल्ली में बैठे नेता इस प्रकरण में आम जनता का मूड जानने के लिए अपने लोगों के संपर्क में बने हुए हैं। इस संबंध में पूछने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिंह ने कहा कि जांच रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।अब तक की सभी कार्यवाही शासन के निर्देश पर हुई है। जिले में जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज की बेहतर व्यवस्थाएं की गई है।

पितृपक्ष में जब न कर पाएं श्राद्ध तो पितरों को मनाने के लिए करें उपाय

पितृपक्ष में यदि किसी कारणवश पितारों के नियमित किया जाने वाला श्राद्ध तर्पण और पिंडदान न संभव हो पाए पंडित हरिशंकर तिवारी ने बताए उपाय क्या करने से होता है पितरों का आशीर्वाद प्राप्त

जन एक्सप्रेस। राजेश पाल

बाजार शुक्ल, अमेठी। हिंदू धर्म में पितरों की मुक्ति और उनके आशीर्वाद को पाने के लिए पितृपक्ष को उत्तम माना गया है। मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पितरों के लिए किए जाने वाले श्राद्ध एवं पिंडदान से न सिर्फ पितर प्रसन्न होते हैं। बल्कि उन्हें इस पूजन कार्य से मुक्ति मिलती है। मान्यता है कि जब तक इंसान पितृ ऋण से मुक्ति नहीं हो जाता है। तब तक उसे ईश्वरीय कृपा भी नहीं प्राप्त होती है। यही कारण है कि पितृपक्ष आते ही लोग अपने घर के दिवंगत लोगों के लिए श्राद्ध-तर्पण आदि की तैयारी करना शुरु कर देते हैं। लेकिन यदि कोई व्यक्ति किसी कारणवश अपने पितरों का विधि-विधान से श्राद्ध न कर पाएं तो उसे उनकी नाराजगी का डर सताने लगता है। आइए जानते हैं कि जब परंपरागत तरीके से पितरों को श्राद्ध न कर पाएं तो उन्हें मनाने और प्रसन्न करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए।



ब्राह्मण को भोजन कराएं

यदि आप किसी कारणवश पितृपक्ष के दौरान तिथि विशेष पर अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान नहीं कर पा रहे हैं तो आप बिल्कुल भी परेशान न हों और पितृपक्ष के अंत में पड़ने वाली सर्व पितृ अमावस्या के दिन किसी योग्य कर्मकांडी ब्राह्मण को आदरपूर्वक अपने घर में बुलाकर भोजन कराएं।भोजन के बाद ब्राह्मण को अपनी क्षमता के अनुसार दक्षिणा वस्त्र आदि जो संभव हो दान करें।लेकिन ऐसा करते समय भूलकर भी किए जाने वाले दान का अभिमान न करें।

दक्षिण दिशा की ओर करें सरल उपाय

यदि आप किसी ऐसी जगह पर हों जहां पर पितरों का श्राद्ध करने के लिए सामान न उपलब्ध हो या फिर आपको भोजन कराने के लिए ब्राह्मण न मिल पाए तो आपको पितरों को प्रसन्न दक्षिण दिशा की ओर मुंह करने के बाद दोनों हाथ उपर करके पितरों को याद करें. पितरों से श्राद्ध न कर पाने के लिए माफी मांगते हुए अपने उपर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना करें।

अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार की हुई मौत

जन एक्सप्रेस/तिलोई, अमेठी। तहसील के मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली फैजाबाद हाइवे पर स्थित अपना धर्मकांटा के पास गंगा स्नान करने जा रहे बाइक सवार अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार दिन शुक्रवार की सुबह 4 बजे के करीब जिले के जामों थाना क्षेत्र के गांव सम्भई निवासी दयाराम साहू पुत्र माता फेर उम्र लगभग 55 वर्ष जो टीबीएस बाइक से गंगा स्नान करने के लिए डलमऊ जा रहे थे। रायबरेली फैजाबाद हाइवे पर पहुंचते मोहनगंज कस्बे के निकट अपना धर्मकांटा के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई इलाज के लिए लाया गया जहां मौजूद डॉक्टरों ने दयाराम को मृत घोषित कर दिया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तीन से इकतीस तक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 03 से 31अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 16 से 31 अक्टूबर के मध्य दस्तक अभियान को लेकर द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबों, नालों व नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस,ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा,शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया जाए। पोस्टर, हैण्डबिल, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिण्ट मीडिया के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अंशुमान सिंह सीएमएस डा.बी पी अग्रवाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजली सिंह सहित अन्य अधिकारी व समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

योगी की बपौती नहीं उत्तर प्रदेश: महिमा शंकर द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जनपद के जयसिंहपुर सीएचसी पर तैनात रहे संविदा चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी की हत्या ने जमकर सियासी बवंडर मचा रखा है। हत्याकांड के बाद से उठी चिंगारी बुझने का नाम तो लेती नहीं दिख रही है लेकिन सत्ताधारी दल के नेता सरकार के डैमेज कन्ट्रोल को देख सूबे के मुखिया के खिलाफ मुखर होते हुए सार्वजनिक रूप से मृतक की संवेदना में आवाज बुलंद कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिला है भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री महिमा शंकर द्विवेदी के आए

हालिया बयान ने राज्य सरकार को असहज कर दिया है तो वहीं दूसरी तरफ उनके बयान ने जिला समेत प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। मृतक डॉ घनश्याम तिवारी हत्याकांड का मामला अब दिल्ली दरबार तक पहुंच चुका है। आहट तो यहां तक है कि अगर प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई तो जिले के ही नहीं बल्कि अवध समेत काशी प्रांत तक के ब्राह्मण नेताओं की नाराजगी आने वाले लोकसभा चुनावो में बड़ा नुकसान कर सकती है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता महिमा शंकर ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घेरते हुए कहा कि योगी के बाप की उत्तर प्रदेश नहीं है। योगी के बाप की भाजपा नहीं है। योगी हमारे यहां किराएदार हैं, भारतीय जनता पार्टी हमारे बाप की है। भाजपा नेता का यह बयान सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहा है। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी हासिए पर आ गयी है। तो वहीं राजनीति के जानकारों की मानें तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में महिमा शंकर का दशकों पूर्व से जुड़ाव है, जिसके बावजूद भी इनके द्वारा दिए गए बयान के तमाम मायने निकाले जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो डॉ. हत्याकांड में प्रशासन द्वारा बरती जा रही लापरवाही से संघ भी नाराज बताया जा रहा है।

भाजपा विधायक ने जारी किया स्वेतपत्र, विधानसभा पैड दिखा नदारद

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जनपद के जयसिंहपुर सीएचसी पर संविदा चिकित्सक की हत्याकांड ने सरकार को असहज कर दिया, जिसको लेकर तमाम दलों के प्रतिनिधिमंडल ने सखौलीकला पहुंच शोक संतृप्त परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं प्रकट की। डॉक्टर घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या ने सरकार को चैतरफा से घेर रखा है, तो दूसरी तरफ ब्राह्मण चेतना मंच के श्रद्धांजलि सभा के आयोजन ने खूफिया रिपोर्ट से पुलिस प्रशासन समेत सरकार की नींद हराम हो गई है। सुलतानपुर विधानसभा के भाजपा विधायक विनोद सिंह की सात दिवसीय निंद्रा आज टूटती नजर आयी। दोपहर समय लगभग 1 बजे के करीब बीजेपी विधायक विनोद सिंह के दूत द्वारा हस्ताक्षरित स्वेत पत्र जारी करते हुए डैमेज कन्ट्रोल को रोकने की कोशिश जरूर की गयी, लेकिन जनाक्रोश के चलते बीजेपी एमएलए का स्वेत पत्र मात्र एक कोरा कागज साबित होता नजर आया। जानकारों कि मानें तो हत्यारोपी अजय नरायन सिंह के चचेरे सत्ताधारी भाई भाजयुमो जिलाध्यक्ष चन्दन नरायन सिंह व भाजपा विधायक विनोद सिंह के बीच हुई एक टेंडर की अनबन भी खामोशी की वजह मानी जा रही है, लेकिन डैमेज कन्ट्रोल को लेकर भाजपा विधायक का स्वेत पत्र भी विधायक की खामोशी पर कई अनसुलझे सवाल खड़े कर रहा है, चूंकि मौजूदा भाजपा विधायक विनोद सिंह ने जारी प्रेस नोट में विधानसभा पेड़ को दरकिनार कर रखा है। बैरहाल विधायक विनोद सिंह के प्रेस नोट में डैमेज कंट्रोल को साधने की भरसक कोशिश की गयी , जिसमें कहा गया है कि यह हत्या न तो किसी जातीय समूह ने किया है और न ही किसी जातीय समूह की सहमति से हत्या की गयी है। विनोद सिंह यहीं नहीं नही रूके आगे उन्होंने कहाकि इस दुख की अपार घड़ी में विधानसभा के वासियों से अपील करता हूँ कि जनता के विश्वास से चुनी गयी सरकार व मुखिया पर भरोसा रखें।

श्रद्धांजलि सभा के आयोजन को देख खूफिया महकमा अलर्ट, प्रशासन पहुंचा सखौलीकला

सुलतानपुर। ब्राह्मण चेतना मंच की श्रद्धांजलि सभा के आयोजन ने प्रदेश की फिज़ा बदल कर रख दी है, तो दूसरी तरफ सरकार बैकफुट पर नजर आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय पीड़ित परिवार को लेकर राजधानी में मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने पहुंचे हैं। तो वहीं जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म है कि खुशी दूबे पर जेल और डॉक्टर हत्याकांड पर सत्तापोषित का संरक्षण। कल हत्यारोपी अजय नरायन के चाचा व भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य गिरीश नरायन सिंह बब्बन के घर पर पड़े छापे में पुलिस को हत्यारोपी की बुलेट बरामद हुई, इस छापेमारी के दौरान बब्बन सिंह घर पर मौजूद पाए गये और उन पर मृतक की पत्नी निशा तिवारी ने बब्बन सिंह समेत भाजयुमो जिलाध्यक्ष चन्दन नरायन सिंह पर पार्टी द्वारा निष्कासन व बब्बन सिंह को पुलिस द्वारा प्रसय देने की चर्चाओं से माहौल गर्म है।

डॉ. घनश्याम की जघन्य हत्या की सीबीआई जांच हो: पाठक

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

शनिवार को तिकोनिया पार्क होने वाली स्व. डॉ.घनश्याम तिवारी की श्रद्धांजलि सभा से पहले ही भाजपा के वरि.नेता राम दुलार पाठक ने हत्या की सीबीआई जांच की मांग ऊठाई है। भाजपा नेता श्री पाठक ने कहाकि डॉ.घनश्याम की हत्या जिस जघन्यतम और क्रूरतम तरीके से की गई है, उसने मानवता की सारी हदें तार-तार कर दी है। भाजपा नेता ने कहाकि पीडित परिवार को न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रखूगा। उन्होनें कहाकि शनिवार को स्व. डॉ.घनश्याम तिवारी की श्रद्धांजलि सभा के बाद आगे की लड़ाई की रणनीति बनाकर मुख्य

हत्यारें को दंड और उनके राजनीतिक आकाओं के चेहरे से नकाब उतारने का काम किया जाएगा। बताते चले अबतक भाजपा, सपा, कांग्रेस पार्टी के नेता, विधायक व समाजसेवी स्व.डॉ.घनश्याम तिवारी के लंभुआ स्थित आवास पहुंचकर घटना की निंदा कर परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया।

वहीं भाजपा नेता राम दुलार पाठक ने स्व. डॉ. घनश्याम तिवारी की पत्नी को एक लाख रू. का आर्थिक सहयोग करते हुए भविष्य में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया। देखना होगा कि शनिवार को होने वाली श्रद्धांजलि सभा के बाद शासन, प्रशासन का रूख क्या रहेगा। वैसे श्रद्धांजलि सभा को लेकर प्रशासन की बेचैनी स्पष्ट दिखाई दे रही है।

मीडिया, माफिया और मनी के बलबूते भाजपा चला रही है सरकार: सुशील पासी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

भाजपा सरकार के उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता सुशील पासी के नेतृत्व में रायबरेली कलेक्ट्रेट में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने जनमानस के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में प्रदेश के महासचिव प्रवक्ता सुशील पासी ने कहा कि भाजपा सरकार जाति, धर्म व हैसियत देखकर काम करती है।

मीडिया, माफिया और मनी के बलबूते चला रही है ये सरकार। आज जनता न्याय मांगती है तो उलटे पीड़ित पक्ष पर ही झूठे व मनगढंत मुकदमें दर्ज करती है जिस तरह से जनपद कौशांबी में 3 दलितों की गोली मारकर हत्या की गई और अभी तक परिवार को एक करोड़ मुआवजा व सरकारी नौकरी नही दी न ही उसके परिवार को सुरक्षा व शस्त्र लाईसेंस दिये गये। विपक्ष व कांग्रेस न पहुंचती तो सरकार घटना का संज्ञान भी नही लेना चाहती थी। जिस तरीके से महिला आरक्षण बिल में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को आरक्षण नही दिया गया भाजपा की पिछड़ा विरोधी चेहरा उजागर हुआ। देश में जब तक जातिगत जनगणना नही कराई जायेगी तब तक देश के संसाधनो में सभी को भागीदारी नही मिलेगी।

देश लगातार घोर आर्थिक असमानता का शिकार हो गया है। सुशील पासी ने कहा कि भाजपा देश की जनता को न खरीद सकती है और न डरा सकती है। लोकतंत्र में प्रभुसत्ता जनता में निहित है। भाजपा सरकार को जनता की सुननी ही पड़ेगी। भाजपा देश में जिस तरीके से संस्थागत लूट कर रही है अब उसे सत्ता परिवर्तन का डर सता रहा है। सुशील पासी ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में सत्ता का परिवर्तन होगा तभी देश में सभी नागरिकों को सामाजिक आर्थिक राजनीतिक न्याय मिलेगा। धारा 144 की आंड़ में विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है उन्होने कहा कि राष्ट्रपति महोदय को सम्बोधित ज्ञापन की मांगे व आई हुयी जनता की समस्याओं का निराकरण न हुआ तो शीघ्र ही बड़ा आन्दोलन होगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता सुशील पासी, जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, यूथ जिला अध्यक्ष एआईसीसी सदस्य वीरेन्द्र यादव, पीसीसी सदस्य राहुल बाजपेयी, पीसीसी सदस्य रवीन्द्र सिंह, राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान अम्बेडकर, जिलासचिव एडवोकेट यषपाल जिलासचिव सुमित्रा रावत, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मो0 उमर, मिशन कोचिंग के संस्थापक योगेश सर, राजेन्द्र कुमार, भगवानदीन फौजी, छेदीलाल पासी, बब्लू कोटेदार, राजकुमार चौधरी, जमुना पासी, अवधेश चौधरी, रामहेत पासी, राजेश लोधी, फकीरेलाल चौधरी, बलजीत मौर्य, रामाऔतार मौर्य, गुरूसेवक मौर्य, मोहित मौर्य, सिंह प्रताप मौर्य, रोहित पासी, रामप्रकाश, सुरेश, मनोज, देशराज यादव, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

टीबी और एचआईवी समन्वयन समिति की बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अनुपम सिंह की अध्यक्षता में टीबी और एचआईवी समन्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में आईसीटीसी केन्द्रों, सेन्टरो से अधिक से अधिक टीबी मरीजों की 4 एस स्क्रीन करते हुए रेफरल रैफरल पर जोर दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि टीबी मरीजों नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए फोर-एस लक्षणों अर्थात दो हफ्तों से ज्यादा खांसी और बुखार आना, लगातार वजन कम होना, भूख न् लगना और रात के समय पसीना आने के आधार पर स्क्रीनिंग करते हुए 10 फीसद मरीजों को जांच के लिए संदर्भित किया जाये। हॉट स्पॉट एरिया में हाई रिस्क ग्रुप (एचआरजी) का टीसीआई आई संस्था द्वारा जनजागरूकता कैम्प लगाकर टीबी और एचआईवी की जांच करवायी जाए और सेंटर एआरटी द्वारा सभी एचआईवी मरीजों को शत प्रतिशत टीबी प्रीवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) देना सुनिश्चित करें।

छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार: इं. विनीत कुशवाहा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर इं. विनीत कुशवाहा ने मनोनयन के पश्चात् जनपद रायबरेली में प्रथम आगमन पर पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा बछरावाँ कस्बे में जोरदार स्वागत किया गया। हरचन्दपुर, गंगागंज, त्रिपुला में भी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह फूल-मालाओं से अभिवादन किया गया। समाजवादी पार्टी के कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में बैठक कर समाजवादी छात्र सभा संगठन के विस्तार पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इं. विनीत कुशवाहा ने कहा कि रायबरेली का समाजवादी छात्र सभा का संगठन आने वाले समय में छात्रों के हितों में जोरदार संघर्ष करेगी। महविद्यालय में छात्र संघ के चुनाव समय पर हों, भाजपा सरकार की छात्र विरोधी दमनकारी नीतियों को उजागर करना छात्र सभा का उद्देश्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार छात्रों के

भविष्य से खिलवाड़ कर रही है शिक्षित बेरोजगार दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में अखिलेश यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराये गये थे, छात्रों की बेहतरी के लिए बेरोजगारी भत्ता, कन्या विद्याधन, लैपटाप योजना जैसी अनेकों महत्वपूर्ण योजनायें देकर छात्रों को प्रोत्साहित किया गया था। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव कराकर छात्रों को नेतृत्वकर्ता का अधिकार भी दिया गया था, परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने सभी जनकल्याणकारी योजनायें बढ़कर छात्रों को निराश एवं उपेक्षित किया है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि उ0प्र0 की छात्र शक्ति समाजवादी पार्टी के साथ है, आगामी लोकसभा के चुनाव में उ0प्र0 के छात्र अपना समर्थन पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव को देकर निरंकुश देश की फांसवादी सरकार को सत्ता से हटायेंगे। कार्यक्रम को प्रान्तीय नेता अनिल मास्टर, मो0 हसीन, मो0 अरशद खान, संदीप शुक्ला, शुभम लोहिया, राहुल मौर्या, विनायक सोनकर, मुशीर अहमद, मो0 फहीम, कल्लू चौधरी, बृजेन्द्र पटेल, गंगा सागर, डा0 जावेद, शुभम पाल, शिवबरन यादव, नरेन्द्र यादव, शकील मंसूरी, विनय यादव, राजू यादव, आदर्श भारती, देवतादीन पासी ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मानू पकाश पटेल, देशराज यादव, जीतेन्द्र यादव, समर बहादुर, प्रशांत लोहिया, बालेन्द्र सिंह, रवीन्द्र सिंह, अरविन्द संजय, रेहान कजियाना, सुशील मौर्या, दिलीप बहेलिया, सिराज, इम्तियाज, हमजा राजा, इसहार, घनश्याम यादव, अहमद हसन, अभिषेक यादव, दीपचन्द्र यादव, रंजीत पाल, राजीव यादव, सचिन यादव, देवेन्द्र यादव, अजीत कुमार, वीरेन्द्र यादव, दिलीप कुमार, देवतादीन यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	39°C	28°C
कानपुर	40°C	30°C
देहरादून	28°C	23°C
नई दिल्ली	40°C	30°C

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 30 सितंबर 2023

लखनऊ विवि: प्रेम प्रसंग और निजी रंजिश में कैंटीन में बैठे छात्र पर हमला, सिर फटा, हमलावर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय की कैंटीन में शुक्रवार दोपहर एक छात्र पर दूसरे छात्र ने कातिलाना हमला किया। उसके सिर पर लोहे के जग से वार पर वार किए। जिससे उसका सिर फट गया। ये देख पीड़ित छात्र की तरफ से दर्जनों छात्र इकट्ठा हो गए और आरोपी छात्र को पुलिस व प्रॉक्टोरियल टीम के सामने जमकर पीटा। बुमुश्किल पुलिस उसको वहां से ले जा सकी। कुछ छात्रों ने हसनगंज कोतवाली का घेराव करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उनको खदेड़ दिया। पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया है। मूलरूप से लखीमपुर खीरी निवासी बीए तृतीय वर्ष का छात्र अक्षय प्रधान सुभाष छात्रावास में रहता है। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी महिला दोस्त के साथ किशोरी कैंटीन में बैठा हुआ था। इस बीच एमए प्रथम वर्ष का छात्र प्रियांशु मिश्रा आया और पानी से भरे जग से अक्षय के सिर पर वार कर दिए। इससे उसका सिर फट गया। पीड़ित छात्र के कुछ साथी डिस्पेंसरी ले गए। वहीं कुछ साथियों ने एक बार तो छात्रों ने उसे जीप से उठाकर भी पीट दिया। बड़ी मुश्किल से पुलिस उसे बचाकर ले गई। एसीपी महानगर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी पर हत्या के प्रयास की धारा में एफआईआर दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी छात्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। के पर मौजूद छात्रों के समझाने पर वे आरोपी को लेकर प्रॉक्टर कार्यालय आ गए। तब पीड़ित छात्र के अन्य साथियों को भी घटना की जानकारी हो गई। वे सभी प्रॉक्टर कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करने लगे तथा कार्रवाई की मांग की। पुलिस और प्रॉक्टोरियल टीम जब आरोपी छात्र को लेकर जाने लगी तो आक्रोशित छात्रों ने फिर से घेरकर पिटाई कर दी। आरोपी छात्र को बचाने में पुलिस और प्रॉक्टोरियल टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

इसलिए खुन्नस में किया हमला

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि जिस महिला मित्र के साथ अक्षय बैठा था वह आरोपी की पूर्व परिचित है। उसको दोनों की दोस्ती पर एतराज है। इसलिए वह अक्षय से खुन्नस रखता था। जब दोनों को एक साथ बैठे देखा तो उसने उस पर हमला कर दिया। बाकी पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है।

किशोरी कैंटीन बनी बवाल का अड्डा

लखनऊ विश्वविद्यालय की किशोरी कैंटीन अक्सर सुर्खियों में रहती है। आरोप है कि यहां अक्सर बाहरी छात्रों का जमावड़ा रहता है। जिस कारण विवाद होते रहते हैं। बीते वर्ष भी यहां छात्रों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था।

आरोपी छात्र पर होगी कार्रवाई

लखनऊ यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी बताया, विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। मारपीट में जिस छात्र को चोट आई उसे बलरामपुर अस्पताल भेजा गया है। मारपीट करने वाले छात्र का निलंबन किया जा रहा है। सभी छात्र लखनऊ विश्वविद्यालय के हैं। बाहरी छात्रों की एंट्री विश्वविद्यालय परिसर में पहले से ही बंद है। धरना दे रहे छात्रों को शांत करवा दिया गया है। छात्रों की जो मांग थी उसे मान लिया गया है। मामले में आरोपी छात्र के पर कार्रवाई की जाएगी।

त्रिपुरा के स्पीकर ने देखी उत्तर प्रदेश की विधानसभा, की तारीफ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के दौरे पर आए त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने आज यहां उत्तर प्रदेश की विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ उनकी धर्म पत्नी रत्ना राय चौधरी सेन भी उपस्थित थी। विधानसभा पहुंचने पर अध्यक्ष सतीश महाना की अनुपस्थिति में विशेष सचिव बृजभूषण दुबे समेत अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर त्रिपुरा विधानसभा के अध्यक्ष विश्वबंधु सेन ने विधानभवन स्थित सभा मंडप, पिक्चर गैलरी, नेवा यानि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन सेवा केन्द्र, विधान पुस्तकालय तथा सभा मण्डप का अवलोकन किया। उत्तर प्रदेश विधान सभा ई-विधान लागू करने वाला देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। प्रश्नों को सदन में लगाए जा रहे स्क्रीन पर दिखाये जाने के साथ ही प्रश्नों के सापेक्ष अनुपूरक प्रश्नों एवं सदस्यों को ई-विधान के प्रशिक्षण सहित यूट्यूब सोशल मीडिया एवं सत्र की कार्यवाही के सजीव प्रसारण की भी व्यवस्था है।

डिजिटल क्रान्ति के युग में हिन्दी में विश्व भाषा बनने की क्षमता

* अमृत काल में परिवर्तन व विकास की भाषा के रूप में उभर रही हिन्दी: पीएमजी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

हिन्दी में विश्व भाषा बनने की क्षमता है। जैसे-जैसे विश्व में भारत के प्रति दिलचस्पी बढ़ रही है, वैसे-वैसे हिन्दी के प्रति भी रुझान बढ़ रहा है। आज %अमृत काल% में परिवर्तन और विकास की भाषा के रूप में हिन्दी के महत्व को नये सिरे से रेखांकित किया जा रहा है। हिन्दी अपनी सरलता, सुबोधता, वैज्ञानिकता के कारण ही आज विश्व में तीसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है। वैश्विक स्तर पर हिंदी बोलने व समझने वालों की संख्या 1अरब 40 करोड़ है।इस आधार पर देखें तो 2030 तक दुनिया का हर पांचवां व्यक्ति हिंदी बोलेगा। दुनिया के 200 से ज्यादा विदेशी विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने प्रधान डाकघर वाराणसी में आज हिंदी पखवाड़ा समापन व पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह विचार व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि हिंदी हमारे रोजमर्रा की भाषा है और इसे सिर्फ पखवाड़ा से जोड़कर देखने की जरूरत नहीं है। जरूरत इस बात की है कि हम इसके प्रचार-प्रसार और विकास के क्रम में आयोजनों के साथ ही अपनी दैनिक दिनचर्या से भी जोड़ें। हिन्दी आज सिर्फ साहित्य और बोलचाल की ही भाषा नहीं, बल्कि विज्ञान-प्रौद्योगिकी से लेकर संचार-क्रांति एवं सूचना-प्रौद्योगिकी से लेकर व्यापार की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल क्रान्ति के इस युग में वेबसाइट्स, ब्लॉग और सोशल मीडिया ने हिन्दी का दायरा और भी बढ़ा दिया है। बीएचयू में प्रोफ़ेसर श्रीप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हिन्दी सिर्फ एक भाषा ही नहीं बल्कि हम सबकी पहचान है, यह हर हिंदुस्तानी का हृदय है। हिंदी की सबसे बड़ी ताकत उसके बोलने वालों की बड़ी संख्या है। लोकभाषा और जनभाषा के रूप में हिंदी भारतीय समाज के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व हजारों वर्षों से करती रही है।

योगी सरकार में चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में बने पार्क में किया गया घोटाला

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

* मानक विपरीत पीला ईंटा व घटिया सामग्री से पार्क का किया निर्माण
* पार्क के पैसों का हुआ बंदरबांट, पार्क की दीवार से छूट रहा प्लास्टर, अधिकारी मौन

बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विकास खण्ड के कठवारा ग्राम पंचायत स्थित चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से पार्क का जीर्णोद्धार दिखाकर ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। जानकारी के मुताबिक, चंद्रिका देवी मंदिर परिसर में क्षेत्र पंचायत निधि से वर्ष 2023 में एक पार्क का जीर्णोद्धार 8 लाख रुपए से अधिक धनराशि कागजों पर दिखाकर कराया गया है। जबकि मौके पर पार्क के जीर्णोद्धार के नाम पर मात्र खानापूर्ति करके जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार लाखों रुपए डकार गए।

आपको बता दें कि चंद महीने पहले बना यह पार्क अब खंडहर में तब्दील होने लगा है, तथा पार्क में लगा स्टील का गेट भी अब गायब हो चुका है। वहीं ठेकेदार द्वारा जमीन के ऊपर ही 2 फिट की मानक विपरीत पीला ईंट व घटिया निर्माण सामग्री से दिवारी बना दी गई और उसके ऊपर एक फिट ऊंची स्टील की रेलिंग लगाकर महज खानापूर्ति कर भारी भरकम बजट को निकाल लिया गया है। स्थानीय पुजारी व लोगों के मुताबिक पार्क करीब 600 स्क्वायर फिट में बनाया गया है, जो किसी के उपयोग में नहीं आ रहा बल्कि धन का दुरुपयोग किया गया है। इस मामले में लखनऊ सीडीओ रिया केजरीवाल ने बताया कि वीडियो बीकेटी को कार्यवाहीं करने के लिए निर्देशित किया गया है।

चंद्रिका देवी मंदिर परिसर पार्क में हुए भृष्टाचार की शिकायत

विहिप जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने बताया कि पूर्व में उन्होंने तहसील दिवस में शिकायत देकर पार्क निर्माण में हुए भृष्टाचार की जांच कराने की गुहार लगाई थी। जिसकी जानकारी ब्लॉक के अधिकारियों को भी है।परंतु अभी तक दोषियों के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उपमुख्यमंत्री,केशव प्रसाद मौर्य,कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडलायुक्त,जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी को पत्र लिखकर जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

आर्यकुल कॉलेज ने मनाया अपना 16वां स्थापना दिवस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज ने 29 सितम्बर को अपना 16वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत आर्यकुल कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह और कॉलेज के चेयरमैन के.जी. सिंह ने कॉलेज की परंपरा के अनुसार सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन कर की। आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस यात्रा में शामिल लोगों का धन्यवाद दिया और कॉलेज के निर्माण में शुरुआती वर्षों के अपने अनुभव को भी साझा किया। डॉ. सशक्त सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे लक्ष्य तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करते करना चाहिए। आपको सफलता एक दिन जरूर मिलेगी। आपको सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ–साथ जीवन का भी आनंद लेते रहना चाहिए। स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए आपको अनुशासित दिनचर्या का अवश्य पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस यात्रा में उन्हें अपने माता-पिता का आशीर्वाद और सहयोग मिलता रहा है। प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने आगे कहा कि कॉलेज की इस सुनहरी यात्रा में जब भी कठिनाइयां आती थी तक मैं अपने माता व पिता से चर्चा कर लेता था और उस समय जो भी परेशानियां थी वह दूर हो जाती थी। आपको भी ऐसा ही करना चाहिए। इस दौरान आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के कामकाज, घटनाओं और उपलब्धियों पर वीडियो दिखाए गए। आपको बता दें कि वर्तमान में कॉलेज अब कॉलेजेज है। जिसकी सीतापुर और रायबरेली में दो शाखाएं हैं। इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, उप रजिस्ट्रार हर्ष नारायण सिंह, फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आदित्य सिंह, पत्रकारिता व शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ.अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडेय, शिक्षा विभाग के प्रिंसिपल एस.सी. तिवारी, डॉ. अब्दुल रब खान के साथ अन्य शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन व्योमा सेठ ने किया।

G20 भारतीय रेल 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

सेक्शन (खंड)	मण्डल (डिवीजन)	दिनाँक
लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशनसं.: Km 775/15-16 (लोहता एंड) (चैनेजे 775/422) तथा Km 774/19-20 (शिवपुर एंड) (चैनेजे 774/433) से Km 770/31-32 (काशी एंड) (चैनेजे 770/935), तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ किया जायेगा।	लखनऊ	10.10.2023

उत्तर रेलवे

के वी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड "लखनऊ मण्डल, उत्तर रेलवे के वाराणसी यार्ड के ढांचे में परिवर्तन विद्युतीकरण शिरोपरि कर्षण तारों की लोकेशनसं: Km 775/15-16 (लोहता एंड) (चैनेजे 775/422) तथा Km 774/19-20 (शिवपुर एंड) (चैनेजे 774/433) से Km 770/31-32 (काशी एंड) (चैनेजे 770/935), तक सम्बंधित टर्न आउट एवं क्रॉस ओवर के साथ" 25 केवी विद्युत ट्रैकशन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊँचाई भारो को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:-

1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

सं.: 126/Elect/C/Dy.CEE/LKO/Warning

दिनांक: 28.09.2023 उप मुख्य विद्युत अभियंता/(निर्माण)

3025/2023 उ.रे., लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

योगी सरकार में व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों की खैर नहीं: नन्दी

* मंत्री नन्दी ने शंकरगढ़ पहुंच कर पीड़ित व्यापारी परिवार का दुख-दर्द जाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शंकरगढ़ बाजार निवासी व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पंद्रह वर्षीय पुत्र शुभ केसरवानी का अपहरण कर हत्या किए जाने की घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शुक्रवार को शंकरगढ़ बाजार पहुंच कर पीड़ित व्यापारी परिवार का दुख दर्द बांटा। घटना की निन्दा करते हुए पीड़ित परिवार को आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई का जहां विश्वास दिलाया, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हर सम्भव मदद किए जाने का वादा किया। मंत्री श्री नन्दी ने इंस्पेक्टर शंकरगढ़ को पीड़ित परिवार के शस्त्र लाइसेंस की प्रक्रिया को पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में कानून को हाथ में लेने और व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों की अब खैर नहीं है।मंत्री श्री नन्दी ने पीड़ित व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए एक तरफ जहां हर सम्भव मदद का वादा किया। वहीं दूसरी तरफ तत्काल एक लाख रूपए की आर्थिक मदद मुहैया कराई। इस दौरान पीड़ित परिवार ने पूरे घटना क्रम से मंत्री को अवगत कराया कि किस तरह से इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। पहले 15 वर्षीय पुत्र का अपहरा किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई। मंत्री श्री नन्दी ने इंस्पेक्टर शंकरगढ़ से घटना की कार्रवाई के सम्बंध में जानकारी ली। इंस्पेक्टर शंकरगढ श्री मनोज सिंह ने बताया कि किशोर की हत्या के मामले में तीन लोग आरोपित हैं। जिनमें शंकरगढ निवासी सुखदेव, उसका भतीजा गणेश और रिश्तेदार संजय शामिल हैं जिनमें से गणेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं सुखदेव और संजय के पैर में गोली लगी हैं, जिन्हें एसआरएन में भर्ती कराया गया है। बाजार के व्यापारियों ने पुलिस के कार्य प्रणाली की प्रशंसा की।पीड़ित परिवार से मिलने के बाद मंत्री श्री नन्दी ने शंकरगढ़ के पुरानी बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक की। व्यापारियों ने शंकरगढ़ बाजार के व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पुत्र का अपहरण कर हत्या किए जाने की घटना की निन्दा करते हुए बाजार में व्यापारियों की सुरक्षा बढ़ाने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद व शस्त्र लाइसेंस दिलाने की मांग की। जिस पर मंत्री श्री नन्दी ने पुलिस अधिकारियों को बाजार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने व्यापारी पुष्पराज के परिवार को एक करोड़ रूपए की आर्थिक मदद और शस्त्र लाइसेंस दिलाए जाने की मांग की।

सीएचओ की ड्यूटी अन्य कार्यक्रमों में नहीं लगाई जायेगी: मिशन निदेशक

* सभी जिलाधिकारियों को जारी किया गया पत्र
* आयुष्मान भव अभियान के संचालन में महत्वपूर्ण हिस्सा हैं सीएचओ
* आयुष्मान मेले'' का आयोजन करना, एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग करना, आई0डी0 बनाना, आदि कार्य किया जाना है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों में कार्यरत किसी भी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की ड्यूटी किसी अन्य कार्यक्रम में न लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों,अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समितियों को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डा पिंकी जोवल आईएएस द्वारा पत्र भेजकर निर्देशित किया गया है। इस आशय से 26 सितम्बर को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसमुदाय को घर के समीप गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त उपकेन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में सुदृढ़ीकृत किया जा रहा है। इन उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा समुदाय को नियमित रूप से मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, संचारी एवं गैर संचारी रोगों से सम्बन्धित स्वास्थ्य सेवाएं एवं औषधियां व आवश्यक जाँचें एवं टेलीकन्सल्टेशन आदि सेवाएं प्रदान की जा रही है। वर्तमान में जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से ''आयुष्मान भवः'' अभियान का संचालन किया जा रहा है, जो कि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता प्राप्त कार्यक्रम है। इसके अन्तर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा नियमित रूप से दी जाने वाली सेवाओं के साथ ही अन्य गतिविधियां जैसे-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर ''आयुष्मान मेले'' का आयोजन करना, एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग करना, आई0डी0 बनाना, टेलीकन्सल्टेशन करना आदि कार्य किया जाना है। राज्य स्तर से बार-बार निर्देशित किया गया है, उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की उपस्थिति नियमित रहे तथा उनकी ड्यूटी हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्रों के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में न लगायी जाय। किन्तु कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की ड्यूटी फिर भी अन्य कार्यक्रमों में लगायी जा रही है, ऐसा करने से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से समुदाय को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही है, जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। यह अपेक्षा की गयी है कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा निर्धारित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर रहते हुए समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें एवं इसके अतिरिक्त इनकी ड्यूटी किसी भी अन्य कार्यक्रम में न लगायी जाय।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

टूडो की कारस्तानी फिस्स

भारत का प्रतिकार कारगर रहा

स्पष्ट है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो आतंकी निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने का प्रमाण देने में विफल रहे। आरोप और प्रमाण अलग नहीं हैं। एक के बिना दूसरा कोरा रह जाता है। फिर इसका क्या जवाब है कनाडा के पास कि दशकों से भारत याचना करता रहा कि खालिस्तानी अलगाववादी कनाडा में शरणार्थी बनकर काम कर रहे हैं, उन्हें रोका जाए। अचरज की बात यह है कि प्रधानमंत्री टूडो की ही उपप्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने सीबीसी टीवी को बताया कि बिना सम्यक तहकीकात के वे निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर नहीं लगा सकती।

ट्रूडो पर विपदा आसन्न है। पतन दिख रहा है। भारत से यारी संजोये अथवा अपनी अल्पमत वाली सरकार बचाए? कनाडा के इस 23वें प्रधानमंत्री जस्टिन जेम्स पाएरे ट्रूडो के समक्ष तीसरा विकल्प नहीं है। संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार। सिखों की पार्टी की भूमिका वैसी ही है जो तमिलनाडु की द्रविड़ पार्टियों की थी। अप्रैल 1999 में जयललिता ने अपनी अन्ना-द्रमुक पार्टी का समर्थन खींच लिया था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अल्पमत में आ गई। ठीक वही दुर्दशा सरदार मनमोहन सिंह की संप्रग सरकार के द्रमुक नेता एमके करुणानिधि ने कर दी थी 19 मार्च 2013 को। तब श्रीलंका के तमिल विद्रोहियों (लिट्टे के प्रभाकरन) के दोनों तमिल दल हमजोली रहे। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी उसी तमिल दलों की भूमिका में है। अगले वर्ष भारत की भाँति कनाडा में भी संसदीय निर्वाचन होना है। तब श्रीलंका में तमिल वामियों (लिबरेशन टाइगर्स है तमिल ईलम लिट्टे) की चुनौती थी दिल्ली पर। ठीक वैसी ही सिखों की ओटावा पर है। भारत बनाम कनाडा विवाद पर बेहतरीन विश्लेषण आया है बौद्ध श्रीलंका के मुस्लिम विदेश मंत्री मियां मोहम्मद अली साबरी साहब का। खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुवा आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर ट्रूडो ने भारत सरकार को दोषी करार दिया है। इस पर श्रीलंकाई राजनेता ने करारा जवाब दिया है। मोहम्मद अली साबरी ने कहा कि कनाडा ने इससे पहले श्रीलंका के भीतर नरसंहार का ऐसा बेबुनियाद आरोप लगाया था। उधर सोनिया-कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस का हमेशा से मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। ट्रूडो ने बात का बतंगड़ बनाया जब वे बोले कि खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं। वहीं कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित भी कर दिया। निज्जर का हमराही जसपाल सिंह अटवाल जो फगवाड़ा (पंजाब) का रहने वाला था, उसने खालिस्तान आंदोलन के प्रबल विरोधी उज्जल सिंह दोसांझ को मारा था। अटवाल को ट्रूडो ने दिल्ली में अपनी दावत में आमंत्रित किया था। इसे लेकर मोदी सरकार ने आपत्ति दर्ज कराई थी। राष्ट्रमंडल के दो मित्र-सदस्यों भारत तथा कनाडा के बीच दुश्मनी का सबब बना सरदार हरदीप सिंह निज्जर था कौन? 18 जून 2023 को सर्रे (कनाडा-अमेरिका सीमावर्ती शहर) के नानक गुरुद्वारे के निकट उसकी हत्या कर दी गई थी। अब कनाडा सरकार ने भारतीय गुप्तचर एजेंसी पर आरोप लगाया है। हालांकि अबतक सबूत नहीं दे पाए। भारतीय पुलिस इजराइल की गुप्तचर संस्था मोसाद के स्तर की तरह सक्षम तो नहीं है। मोसाद की शोहरत है कि वह अरब देशों में घुसकर यहूदी-विरोधियों का काम तमाम कर डालती है। आतंकी निज्जर की भारतीय सुरक्षा स्टाफ द्वारा हत्या पर कनाडा ने केवल राजधानी ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को प्राप्त संदेशों के आधार पर दोष लगाया है। यदि यह सच है तो कनाडा जघन्य वैश्विक अपराध का दोषी है क्योंकि कूटनीतिक संधि की धाराओं के अनुसार विदेशी दूतावासों की जासूसी करना गंभीर गुनाह है। मगर निज्जर के बारे में कनाडा सरकार का आपराधिक दायित्व इससे पता चल जाता है कि वह खालिस्तानी टाइगर फोर्स का सरगना है जो कनाडा की भूमि में पनाह पाए है।

एक्सप्रेस आलेख

यह बात मामूली नहीं है कि एक देश का प्रधानमंत्री मित्र देश होने का दावा करते हुए भी खुलेआम भारत पर हत्या की साजिश का आरोप लगा रहा है और डिप्लोमेट को निष्कासित कर रहा है, सबसे बड़ी बात यह है कि कनाडा ने सिर्फ अंदेशा व्यक्त किया है, कोई निर्णायक साक्ष्य उसके पास नहीं है। हाल में वहाँ इंदिरा गांधी की हत्या की झाँकी निकाली गई, ये बातें मामूली नहीं हैं और इनका कोई स्पष्टीकरण ट्रूडो सरकार नहीं दे रही है, निज्जर कनाडा का प्रमुख सिख नेता था और वह खुलेआम खालिस्तान की बातें करता रहा था। कनाडा में 14 से 18 लाख भारतीय मूल के लोग रहते हैं, इनमें सात लाख से ज्यादा सिख हैं, पंजाब के अलावा सिख सबसे ज़्यादा कनाडा में हैं।

भारत-कनाडा सम्बंध पर खालिस्तानी छाया

इन्द्र दमन तिवारी

यह तो सब जानते हैं कि अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद फिर से 80 के दशक की तरह सुपरकॉप वाली अपनी छवि बनाना चाहता है, उसका यह मंसूबा पूरा हो, इसके लिए ज़रूरी था कि भारत, यूक्रेन युद्ध के मामले में पश्चिमी देशों के सुर में सुर मिलाए, हालांकि भारत ने ऐसा नहीं किया।

2015 में जब से ट्रूडो चुनाव जीते हैं, भारत कनाडा रिश्ते अस्सी के दशक की स्थितियों में पहुँच गए हैं, सिख अलगाववादियों ने खालिस्तान के नाम से एक अलग देश बनाने की माँग को लेकर अस्सी के दशक में पंजाब में खून की नदियाँ बहा दी थीं, यह सब जानते हुए भी ट्रूडो एक खालसा परेड में शामिल हुए, जिसमें अनेक उग्रवादी भी शामिल थे, ट्रूडो सिखों के इतने प्रिय हैं कि उन्हें मजाक में जस्टिन सिंह भी कहा जाता है, अपनी लिबरल पार्टी के खालिस्तानियों के साथ रिश्तों को लेकर ट्रूडो गोल-मोल बातें करते हैं। दरअसल ट्रूडो 'वोटबैंक' की जहरीली राजनीति के शिकार हैं, कनाडा के 20-25 चुनाव-क्षेत्रों में सिख वोटरों की तादाद काफी बड़ी है, वहीं ट्रूडो की अल्पसंख्यक सरकार जगमीत 'जिम्मी' धालीवाल की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन पर टिकी है, धालीवाल खुलेआम खालिस्तान का समर्थक है। एक तरफ ट्रूडो अपने देश में चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों की अनदेखी कर रहे हैं, वहीं भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप भी कर रहे हैं, जैसा कि 2021 में उन्होंने भारत के तीन कृषि कानूनों पर टिप्पणी कर के किया था, वहीं हाल में भारतीय डिप्लोमेटों की हत्या की धमकियों की उन्होंने अनदेखी कर दी। एक ओर देश में संसद का विशेष-सत्र शुरू होने वाला था, उसके ठीक पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर बड़ा आरोप लगाकर डिप्लोमैटिक धमाका कर दिया, जिसकी अनुगूँज काफी देर तक सुनाई पड़ती रहेगी। कनाडा की इस हरकत से भारत के समूचे पश्चिमी खेमे के साथ रिश्ते प्रभावित होंगे, दूसरी तरफ संभावना इस बात की भी है कि भारत के जवाबी हमलों के सामने उन्हें न केवल झुकना पड़े, बल्कि खालिस्तान को लेकर अपना रुख पूरी तरह बदलना पड़े, बहुत कुछ विदेशमंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका-यात्रा पर निर्भर करता है, हालांकि ट्रूडो ने यह भी कहा कि इस मामले में जाँच चल ही रही है, अलबत्ता उन्होंने एक भारतीय राजनयिक को देश से निकलने का आदेश देकर और व्यापार वार्ता रोककर इस बात को साफ़ कर दिया कि वे इन रिश्तों को किस हद तक बिगाड़ने को तैयार हैं! हाल में जी-20 शिखर सम्मेलन में ट्रूडो की मुलाकात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई थी, उनका दावा है कि हमने कनाडा में रह रहे खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के

खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में वृद्धि और जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडाई सरकार की खालिस्तानी कार्यकर्ताओं के प्रति सहानुभूति की वजह से भारत और कनाडा के बीच व्यापार वार्ता रोक दी गई है, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वाणिज्यिक संबंध 100 अरब डॉलर के हैं, जिसमें 70 अरब डॉलर का कनाडाई पोर्टफोलियो निवेश शामिल है।

मसले को उठाया था और अपने पास उपलब्ध खुफिया जानकारी दी थी, इस बात के जवाब में भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, कोई भी खुफ़िया जानकारी कनाडा से नहीं मिली है। न तो आरोप के पहले और न बाद में, हम किसी भी ख़ास सूचना पर ध्यान देंगे, पर अभी तक हमें कोई सूचना नहीं मिली है। कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी टॉमस पिछले महीने दो बार भारत की यात्रा पर आ चुकी हैं, उन्होंने भारत के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकातें भी कीं, पर अभी तक कोई सबूत उपलब्ध नहीं कराया है, अभी तक मीडिया में जो विवरण सामने आ रहे हैं, उनके अनुसार कनाडा के पास कुछ सिग्नल इंटेलिजेंस यानी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से की गई बातचीत और कुछ व्यक्तिगत संपर्कों (ह्यूमन इंटेलिजेंस) के आधार पर जमा की गई जानकारी है। यह जानकारी अमेरिकी इंटेलिजेंस और 'फाइव आईज़' देशों के साथ साझा भी की गई हैं, इन सभी देशों ने इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है और अमेरिका के रक्षा सलाहकार जेक सुलीवन ने तो यहां तक कहा है कि इस मामले में यदि आरोप साबित हुए, तो भारत को 'विशेष छूट' नहीं दी जाएगी, अमेरिका की ओर से यह भी कहा गया है कि भारत के साथ रूस की तरह बर्ताव नहीं किया जा सकता। उधर भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि यह सब पश्चिम के दोहरे मापदंड का परिचायक भी है, इस दौरान दुनिया के मीडिया में ओसामा बिन लादेन और अल जवाहिरी से लेकर इराक, अफगानिस्तान और ईरान में पश्चिमी देशों द्वारा की गई हत्याओं का जिक्र भी हुआ है। अमेरिकी बयानों से लगता है कि इस मामले की खुफिया जानकारियाँ उसके पास हैं, कनाडा, 'फाइव आईज़ इंटेलिजेंस अलायंस' का सदस्य है, इसमें कनाडा के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड शामिल हैं। सवाल है कि क्या उनके पास खालिस्तानी गतिविधियों की जानकारियाँ नहीं हैं? वह कौन सा नेटवर्क है, जो इन देशों में सक्रिय है और 'फाइव आईज़' को उसकी जानकारी नहीं है? यह केवल निज्जर की हत्या का मामला नहीं है, बल्कि इन चारों देशों में चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों से जुड़ा मामला है। 'फाइव आईज़ इंटेलिजेंस अलायंस' भारतीय राजनयिकों के संवाद-संपर्क की खुफियागिरी करता है, तो क्या भारत-विरोधी आतंकवादी गतिविधियों की नहीं करता? ये हमारे कैसे मित्र-देश हैं? प्रमाण इस बात के हैं कि सत्तर के दशक के बाद अमेरिका ने खालिस्तानी आंदोलन को सहारा दिया था, क्योंकि बांग्लादेश युद्ध के बाद उसके तत्कालीन दोस्त पाकिस्तान ने खालिस्तानी आंदोलन खड़ा किया, उस आंदोलन की जड़ें अमेरिका, कनाडा और यूके में मौजूद भारतवंशियों के बीच धार्मिक आधार पर जमाई गईं। भारत और कनाडा के रिश्ते तब से ही खराब हैं, 1973 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कनाडा यात्रा के बाद 2015 में नरेंद्र मोदी वहाँ गए, इस बीच केवल 2010 में मनमोहन सिंह जी-20 के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वहाँ गए। नरेंद्र मोदी ने कनाडा के साथ रिश्तों को सुधारने की कोशिश की, उनकी यात्रा के जवाब में 2018 में ट्रूडो भारत की यात्रा पर आए, वह यात्रा विवादों से घिरी रही, इसके बाद जब 2020 में ट्रूडो ने भारत में चल रहे किसान-आंदोलन का समर्थन किया, तब रिश्ते और खराब हुए।

एक्सप्रेस कविता

सर पर जिसके हिमालय का ताज,
क्यों न बने वह दुनिया का सरताज।
जहां गंगा जमुना सरस्वती बहती हो निर्मल,
उसका तो आने वाला कल होगा ही उज्जवल।
हर नौजवान और युवा है जहां देशभक्त, फिर
कैसे ना हो उसकी सेना शक्तिशाली और सशक्त।
आओ समर्पित नागरिकों से बनाएं देश महान,
देश विरोधी अफवाहों पर नहीं देना कभी ध्यान।
जहां रहते हो विवेकानंद ,गांधी और सुभाष,
वहां बहती है चिंतन की गंगा, दीप्त है ज्ञान का प्रकाश।
गलती ना करें दुश्मन इस देश को कम आंकने की,
प्रयास ना करें गलत इरादे से झांकने की।
देश महान था, है और अनंत काल तक रहेगा,
भारतवर्ष का वैभव अक्षुण है और सदा रहेगा ।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती, अगर जीतने की जिद हो तो, परिस्थितियाँ हरा नहीं सकतीं।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	प्रतिपदा 12:21 तक
नक्षत्रः	रेवती 21:08 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	शनिवार
योगः	ध्रुव, 16:27
सूर्योदयः	06:14
सूर्यास्तः	18:07
चंद्रमाः	मेष राशि में
राहुकालः	09:12-10:41
विक्रमी संवत्ः	2080
शक सम्वतः	1944
मासः	आश्विन
शुभ मुहूर्तः	11:47-12:34

जन एक्सप्रेस

बदल रही तस्वीर !

संगठन में इनके लगता ।
आ रही दरार ।।
फिर भी होगा देखना ।
कौन पहनता हार ।।
धीरे धीरे शायद ।
बदल रही तस्वीर ।।
ख़बर रही है उड़ ।
हैं सारे ही वीर ।।
हारते ना हिम्मत हैं ।
ना खुले बस पोल ।।
एक दूसरे को भले ।
रहें घुमाते गोल ।।
शानदार अंदाज़ है ।
पर अंदर कोहराम ।।
रुक रुक कर कमी कमी ।
है आता पैग़ाम ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मिक्स दाल खाने से सेहत को मिलेंगे कई जबरदस्त फायदे

दाल शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। अधिकतर लोग दिन में एक टाइम दाल का सेवन अवश्य करते हैं। दाल घर के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को आसानी से दी जा सकती हैं। दाल के सेवन से हड्डियां मजबूत होने के साथ पाचन-तंत्र भी हेल्दी रहता हैं। पुराने समय से ही घर में दाल को मिक्स करके बनाया जाता हैं। इस तरह की दाल स्वादिष्ट होने के साथ पोषक तत्वों को भी बढ़ाती हैं। मिक्स दाल में कई दाल को मिक्स करके बनाया जा सकता हैं। जैसे अरहर, चना, मूंग, मसूर और उड़द की दाल मिलाई जाती हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर। इसके सेवन से शरीर को ताकत मिलने के साथ शरीर की कमजोरी भी दूर होती हैं।

पाचन-तंत्र के लिए फायदेमंद: मिक्स दाल खाने से पाचन संबंधी परेशानियां कम होती हैं। इन दालों में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता हैं, जो पेट को साफ करने के साथ कब्ज की समस्या से राहत देता है। मिक्स दाल के सेवन से अपच, गैस, बदहजमी और एसिडिटी से भी राहत मिलती हैं।

वजन कम करने में मददगार: मिक्स दाल के सेवन से वजन कम करने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद फाइबर पेट को लंबे समय तक भरकर रखता है, जिससे खाने की इच्छा कम होती है और वजन कम करने में मदद मिलती है। मिक्स दाल में कैलोरी की मात्रा भी काफी कम होती है।

मजबूत इम्यूनिटी: मिक्स दाल खाने से मौसमी बीमारियों से बचाव होता हैं। इन दालों में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाकर बीमारियों से बचाता हैं। मिक्स दाल खाने से वायरल बीमारियों का खतरा भी कम होता है और शरीर लंबे समय तक हेल्दी रहता है।

हड्डियों के लिए फायदेमंद: मिक्स दाल में भरपूर मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ मांसपेशियों में होने वाले दर्द को भी कम करता हैं। मिक्स दालों के सेवन से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ शरीर को ताकत भी मिलती है।

बीमारियों से बचाव: मिक्स दाल के सेवन डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है। इन दालों में फैट की मात्रा कम होती है, जो हार्ट से संबंधित बीमारियों को भी कम करता हैं। मिक्स दाल के सेवन में फाइबर पाया जाता है, जो हार्ट को भी हेल्दी रखता है। मिक्स दाल के सेवन से शरीर को यह फायदे मिलते हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इस दाल का सेवन करें।

एक्सप्रेस विशेष

ललित गर्ग

चुनावों में हार-जीत को बहुत गहराई से प्रभावित करने में महंगाई आधार बनती रही है। महंगाई कम करने के लिए हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें।

महंगाई बढ़ती जा रही है, घरेलू बचत गिरती जा रही है

आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मध्यनजर महंगाई का लगातार बढ़ते रहना चिंता का विषय है। घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है। इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की

घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित है। यही कारण है कि मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है।

अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे है। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध संपत्ति जोड़ी गई थी। 2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात बचत खातों पर ब्याज पर दर बहुत आकर्षक नहीं हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी भारी पड़ सकती है। सरकार चाहे जो तर्क दे पर घरेलू बचत गिरना कोई शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। घरेलू बचत सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी जरिया होती है। देश की कुल बचत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली बचत का लगातार गिरना निम्न और मध्यमवर्ग ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात है। लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। आरबीआई ने स्वीकारा है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा गया है। स्पष्ट है कि दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक नाकाम रहे हैं।

हृदय का प्रयोग कर करें हृदय की देखभालः डॉ. शिखर बाजपेई

* जिला पुरुष चिकित्सालय में गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान कर लोगों को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

विश्व हृदय दिवस के अवसर पर जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग ओयल सभागार में एक गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने की। इस दौरान जिला पुरुष चिकित्सालय में अप्रेंटिस कर रहे छात्र-छात्राओं और मरीज के तीमारदारों को यूज़ हार्ट नो हार्ट विषय पर जानकारी दी गई।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए एनसीडी एपिडेमियोलॉजी डॉ राकेश गुप्ता ने नॉन कम्युनिकेबल डिसीज (एनसीडी) के बारे में बताया। उन्होंने गैर संचारी रोग और संचारी रोगों पर सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा गैर संचारी रोग वह रोग हैं जो छूने, साथ खाने और एक दूसरे के संपर्क में आने से नहीं फैलते। इन्हीं में हृदय की बीमारियां भी शामिल हैं।इस दौरान जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई ने यूज़ हार्ट नो हार्ट थीम पर बोलते हुए कहा कि हृदय के प्रयोग के साथ हृदय की देखभाल बेहद जरूरी है। खासकर बुजुर्गों में हृदय संबंधी बीमारियां अधिक होती हैं। ऐसे में उनकी देखभाल आवश्यक है और इसके लिए एनसीडी द्वारा ही बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम भी संचालित है। जिससे जागरूकता के साथ बुजुर्गों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। एनसीडी फिजिशियन डॉ शिशिर पांडे ने बताया कि वर्तमान समय में नई और युवा पीढ़ी में भी हृदय की बीमारियां दिखने लगी हैं। खासकर हृदयघाट तेजी से बढ़ा है। ऐसे में लोगों को बहुत ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि घबराहट होना, या छाती सहित उसके आसपास की जगह पर दर्द होना, पसीना आना, घबराहट होना, उलझन मचाना और हृदय में जलन महसूस होना, यह सभी हृदय संबंधी बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे में बिना किसी लापरवाही के चिकित्सकीय परामर्श के साथ इलाज अवश्य कराएं। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में फिजिकल अनफिट होने के साथ ही हृदय की बीमारियों का एक प्रमुख कारण मानसिक तनाव एंजायटी भी है। मन स्वस्थ रहेगा तो तन और हृदय भी स्वस्थ रहेगा। इस दौरान सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने कहां कि लोगों को पान, पुड़िया, सिगरेट, बीड़ी सहित मदिरा के सेवन से बचना चाहिए। नियमित व्यायाम करना चाहिए। हानिकारक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए और जंक फूड का सेवन भी हृदय की बीमारियों को बढ़ावा देता है तो ऐसे में उनसे भी परहेज करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षित चिकित्सक लगातार मरीज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन एनसीडी काउंसलर देवनन्दन श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, मैट्रन रजनी मसीह, स्टाफ नर्स एनसीडी नीरज कुमार, सरिता सहित, फिजियोथैरेपिस्ट विवेक तिवारी और मोहम्मद सईद,स्टाफ नर्स मोहम्मद शकील व फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

'एकीकृत शिक्षण' विषयक पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

युवराज दत्त महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में एकीकृत शिक्षण विषयक पाँच दिवसीय कार्यशाला (25सितंबर से 29 सितंबर,2023) का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी ने की। कार्यशाला के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी, प्रो मनोज मिश्र तथा प्रो सत्यनाम ने सामाजिक विज्ञान, हिंदी, कॉमर्स,विज्ञान,गणित तथा अंग्रेजी आदि विषयों से संबंधित पाठ योजना तथा प्रभावशाली शिक्षण हेतु दिशा निर्देश दिए तथा अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान शिक्षण से संबंधित विभिन्न शंकाओं का समाधान करने के साथ -साथ प्रभावशाली शिक्षण करने हेतु सुझाव दिए गए।कार्यशाला के समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल, विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी, प्रो सत्यनाम तथा चीफ प्रॉक्टर प्रो सुभाष चंद्रा मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अक्सा फ़ातिमा ने किया।कार्यशाला में छात्राध्यापक मुनीष कुमार कनौजिया तथा मनमीत कौर ने पाठ योजना बनाकर अपने शिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया।विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी ने एकीकृत शिक्षण हेतु आवश्यक बिंदुओं के विषय में चर्चा की तथा प्रो सत्यनाम ने एकीकृत शिक्षण के महत्व को परिभाषित करते हुए प्रभावी शिक्षण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इसीक्रम में चीफ प्रॉक्टर प्रो सुभाष चन्द्रा ने शिक्षक प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत पाठ योजना की सराहना की और नागरिक दायित्वबोध के साथ साथ अच्छा शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रेरित किया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो हेमन्त पाल ने छात्रों से कहा कि उक्त कार्यशाला में बताई गई बातों का अनुसरण करके व्यावहारिक शिक्षण में आने वाली बाधाओं का निस्तारण कर वे भविष्य में एक अच्छे शिक्षक बन सकेंगे।प्राचार्य प्रो पाल ने अंत में सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।बी एड विभागाध्यक्ष प्रो विशाल द्विवेदी ने अतिथियों व उपस्थित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में सभी छात्राध्यापक सक्रियता के साथ उपस्थित रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

एसडीएम सदर ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने शुक्रवार को ब्लाक लखीमपुर के तहत प्राथमिक विद्यालय पहाड़ापुर, प्राथमिक विद्यालय एवं यूपीएस प्यारेपुर, प्राथमिक विद्यालय रामापुर व यूपीएस रामापुर का औचक निरीक्षण किया। परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रद्धा सिंह ने विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। एसडीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। एसडीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी/मोहम्मदी खीरी। तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अभियानों की समीक्षा की गई। शुक्रवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान, दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण, माइक्रो प्लान और संवेदीकरण पर चलाएं जाए रहे अभियानों की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान चलाए जा रहे हैं अभियानों में तमाम कमियां उजागर होने पर एसडीएम ने असंतोष जताया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिलना चाहिए। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ अश्वनी वर्मा, डॉ मोहित वीर सिंह, प्रेम कुमार, सरिता गंगवार समेत प्रमुख लोग मौजूद रहे।

जुलूस निकाल रहे सैकड़ों लोगों को डॉक्टर आई ए खान टीम ने जलपान कराया

ज़न एक्सप्रेस/रिजवान खान/सम्पूर्णानगर खीरी। ईद मिलादुन्नबी के मौक़े पर निकले जुलूस में लोगों को समाजसेवी डॉ आई ए खान और उनके परिवार ने जलपान कराया तथा देशवासियों से आपस में मिलजुल कर रहने और एक दूसरे की मदद करने की अपील भी की जिससे आपस में भाईचारा बना रहे साथ ही जुलूस में मनमोहक झाँकियां निकालने वाली कमेटियों और उनके सदस्यों को डॉ ख़ान ने मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया सम्मानित होने वालों में रज़ा जामा मस्जिद संपूर्णानगर के शाही इमाम हा. शान मोहम्मद, भूतपूर्व सदर रईस अहमद, टी टी एस ग्रुप, बरकती क़ाफ़िला, गुलामने मुस्तफ़ा ग्रुप, हुसैनी ग्रुप लंगर कमेटी आदि कमेटियाँ सम्मानित हुईं ! डॉ ख़ान ने कहा जुलूस के रास्ते में जलपान सेवा जिन सिक्ख भाइयों , हिंदू भाइयों आदि सभी लोगों ने व्यवस्था की उन सबका मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ इस मौक़े पर समाजसेवी डॉ इज़हार ख़ान, व्यापार मंडल महामन्त्री इश्तियाक़ ख़ान, यूसुफ़ ख़ान, बब्बू(फल), गुड्डू(ख़राद), वाहिद, मुस्तकीम, चाँद, फ़रीद, गुलशन, रज़ा, शादाब, जावेद, फ़ुरक़ान, फरहान, रियाज़, शारूख़, हिफ़ाज़त, साबिर, शाकिर, मुबीन, नईम, शम्सुल, रोहित, अभिषेक, सूरज, अक्षत, सर्वर ख़ान, दानिश आदि सैकड़ो लोग सम्मलित हुए।

बाघ के हमले से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। दक्षिणी खीरी वनप्रभाग मैलानी रेंज अंतर्गत बीट सलेमपुर क्षेत्र में ग्रांट नंबर तीन हिंदुस्तान फॉर्म के पड़ोस रहने वाले एक युवक को बाघ ने हमला करके मौत के घाट उतार दिया। बताते हैं युवक सुबह घर से निकल कर शौच को गन्ने के खेत की तरफ गया था। जानकारी के अनुसार मृतक राममिलन उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र हरिराम अपनी पत्नी सुक्खी के साथ ग्रांट नंबर तीन में एक निजी झाले पर रहता था। सुबह लगभग 6-30 पर वह बिस्तर से उठकर शौच के लिए 50 मीटर दूर बलकार सिंह के गन्ने के खेत मैं गया था वहीं पहले से छुपे बैठे हुए बाघ ने अचानक उसे पर हमला कर दिया। उसके चीखने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी सुक्खी दौड़कर खेत के पास गई तो देखा कि उसके पति को बाघ गन्ने के खेत में गरदन पड़कर घसीटता हुआ ले जा रहा था। यह देखकर वह काफी डर गई और शोर मचाने लगी। पड़ोस में ही रहने वाले सरदार बूटा सिंह, गुरुदत्त सिंह व राहगीर मौके पर पहुंचे और शोर गुल करके किसी तरह बाघ के चंगुल से राममिलन को छुड़ाया और खींचकर खेत के बाहर ले आए तब तक राममिलन की मौत हो चुकी थी ।

सूचना पाकर कुकरा पुलिस चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे साथ ही इस घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। फॉरेस्टर व वनरक्षक शरद मिश्रा अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे उसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी। घटनास्थल पर मैलानी रेंजर अनिल कुमार व थाना अध्यक्ष मैलानी देवेंद्र कुमार गंगवार भी पहुंचे। इस घटना से लोगों में काफी रोष और दहशत व्याप्त है। लोग डरे व सहमें हुए हैं। घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा होने के और बाघ घटना को अंजाम देने के बाद भी उसी गन्ने के खेत में डेरा जमाए बैठा रहा। कई बार बाघ निकल कर बाहर भी आया तो लोगों में फिर से चीख पुकार मच गई । लोगों ने वन विभाग से कहा कि वह कोई ऐसा विकल्प बताएं जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति ना हो। थानाध्यक्ष मैलानी के काफी समझाने बुझाने के बाद घटनास्थल के पास पड़ोस के किसान व सरदार माने। पुलिस ने मृतक की बॉडी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर टाइगर डेरा जमाया बैठा है वहां से निकलकर आसपास के वाशिंदों के बच्चे स्कूल जाते हैं और ग्रामीणों का आना-जाना भी लगा रहता है इसलिए इस बाघ से निजात तत्काल दिलाया जाना आवश्यक है।

थाना तालग्राम में रिसेप्शन सेंटर का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा थाना तालग्राम पर नवनिर्मित रिसेप्शन सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि रिसेप्शन व्यवस्था से थाने पर आने वाले आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों की त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। 24 घंटे रिसेप्शन सेंटर पर हर समय महिला पुलिस कर्मी ड्यूटीरत रहेंगी। इसके अलावा आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओ से 24 घंटे के अंदर उनकी समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में थाने के रिसेप्शन सेंटर द्वारा फोन कर फीडबैक लिया जाएगा। रिसेप्शन पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को इस हेतु अलग से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। रिसेप्शन का मुख्य उद्देश्य है कि थानों पर पहुंचने वाला कोई भी पीड़ित भटकाव स्थिति में ना रहे तथा रिसेप्शन थाने के सिंगल विंडो सिस्टम के आधार पर काम करेगा।

अंडर ट्रायल कैदियों की रिहाई के लिए रिव्यू कमेटी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बृजेश चतुर्वेदी

कन्नौज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में निरूद्ध कैदियों की रिहाई हेतु जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में ऐसे निरूद्ध बंदी जो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 436(क) दं0प्र0सं0 से आच्छादित हैं तथा पूर्ण सजा के सापेक्ष आधी सजा से अधिक अवधि व्यतीत कर चुके हैं उससे संबंधित बंदियों के मामलों की सूची अधीक्षक जिला कारागार कन्नौज द्वारा प्रस्तुत की गयी हैं जिनकी रिहाई के संदर्भ में वार्ता की गयी किन्तु उनके अन्य गंभीर मामलें न्यायालय में विचाराधीन हैं या आजीवन कारावास से दंडित होकर सजा भुगत रहे हैं। जनपद न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी बंदी उक्त निर्देशों के अनुरूप रिहाई की पात्रता के अन्तर्गत आते हैं उनकी नियमानुसार रिहाई की कार्यवाही की जायें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लवली जायसवाल ने कहा कि धारा 436(क) दण्ड प्रक्रिया संहिता एवं ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतदार के अभाव में कारागार में निरूद्ध है के प्राप्त प्रार्थना पत्र पर चर्चा की गयी।

पुलिस की मुस्तैदी से सम्पन्न हुआ जुलूस- ए- मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खीरी कस्बे में जशन-ए- मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया।रात से ही सुबह नात व मिलादों सिलसिला शुरू हुआ। सुबह-सुबह सुन्नी इमामबाड़े पर अंजुमन रूहे कायनात की जानिब से इस्लामिक परचम लहरा कर जुलूस का आगाज़ किया गया। कस्बे के विभिन्न अंजुमनो ने जुलूस निकाला जिसमें बच्चों से लेकर नवजवान हाथों में इस्लामिक झंडों के साथ शामिल हुए। हर तरफ़ सरकार की आमद मरहबा, लब्बेक या रसूल अल्लाह की सदाएँ गूँज उठी।विभिन्न अंजुमनो द्वारा जगह-जगह लंगर के इंतजाम किए जगह जगह नाते पाक पढ़ी गई। जुलूस अपने परम्परागत रास्तों से गुजरता हुआ देर रात शाही किले पर समाप्त हुआ।कस्बे में विभिन्न अंजुमनो द्वारा सजावटें की गई जिसका जो आकर्षक का केंद्र रही। जुलूस -ए -मोहम्मदी को शान्ति ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी अरविंद पांडे व उपनिरीक्षक दीपक राठौर ने कमान संभाली।प्रभारी अरविंद पांडे और दीपक राठौर पर्याप्त पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ-साथ चलते नजर आए।

दो मोटर साइकिल की आमने सामने से हुई टक्कर से एक मोटर साइकिल सवार की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । शिव शंकर जायसवाल

निघासन खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के कालेशरण तिराहा पेट्रोल पंप के पास बेलरायां में दो आमने सामने से मोटर साइकिल की जोर दार टक्कर , टक्कर इतनी जबरदस्त थी की गजराज पुत्र ब्रमादिन उम्र करीब बीस वर्षीय की एक पैर टूटने के साथ साथ सर में भी आई गंभीर चोटे, इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा एक सौ आठ एम्बुलेंस को दी गई तत्काल एम्बुलेंस मौके पर पहुंच कर घायल गजराज पुत्र ब्रमादिन निवासी कुसाही बेलरायां को लेकर निघासन सीएचसी पहुंचे जहा डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया, आपको बता दें घटना सिंगाही थाना क्षेत्र के कालेस शरण तिराहा पेट्रोल पंप के सामने दो मोटर साइकिलो की जोरदार भिडंत हो गई जिसमे कुसाही बेलरायां निवासी गजराज पुत्र ब्रमादिन का पैर टूट गया और सर में भी आई गंभीर चोटे, जबकि दूसरा मोटर साइकिल सवार कुलदीप सिंह निवासी रननगर कोतवाली तिकुनिया का निवासी है जिसकी मोटर साइकिल का आगे के हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया फिलहाल कुलदीप सिंह के हल्की सी चोट आई है, जबकि गजराज पुत्र ब्रमादिन निवासी कुसाही बेलरायां की हालत गंभीर बनी हुई है वहीं इस घटना से परिजानों में कोहराम मच गया परिजानों का रो रो कर बुरा हाल है गजराज के पिता ब्रमादिन ने बताया कि हम लोग बहुत गरीब लोग है मेहनत मजदूरी कर के घर की रोजी रोटी चलाते हैं, मेरे बेटे का पैर टूटने के साथ साथ सर में भी गंभीर चोटे आई है जिसको निघासन सीएचसी से डाक्टरों ने मेरे बेटे को लखीमपुर खीरी जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है, गजराज के पिता ब्रमादिन ने कहा मेरे पास रूपया पैसे भी नहीं है कैसे इलाज होगा ये कहते हुए रोने लगे, इस घटना को लेकर ब्रमादिन पुत्र तुलसी राम निवासी कुसाही बेलरायां ने सिंगाही थाना प्रभारी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

भगवान वामन की जयन्ती पर ऐतिहासिक जलविहार पर लोगों की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद (सीतापुर)। भगवान वामन की जयंती पर भाद्रपद की पूर्णिमा को बजेहरा गांव में अचारी दास बाबा से निकलने वाले ऐतिहासिक जलविहार के मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था तथा गाजे-बाजे के साथ जलविहार महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने पूजन-अर्चन कर शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में आधा दर्जन से अधिक झांकियॉ सजाई गयी। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे से पुष्पों आदि से सुसज्जित रथ पर विराजमान भगवान की मूर्तियों की आरती के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा की समाप्ति पर भक्तों ने गगनभेदी जयकारों के साथ भगवान वामन की आरती की। शोभायात्रा का पूरे गांव में लोगों ने स्थान-स्थान पर स्वागत किया, भगवान की आरती उतारी, प्रसाद चढ़ाया और शोभयात्रा में शामिल लोगों को जलपान कराया। ऐतिहासिक श्री जलविहार महोत्सव के अवसर पर निकली शोभा यात्रा में ट्रैक्टर-ट्रालियों पर बनाई गयी मनोहारी झाकियों शिव परिवार, भगवान विष्णु के साथ लक्ष्मी जी, ब्रम्हा जी, राम दरबार, श्री राधाकृष्ण दरबार, दुर्गा जी, हनुमान जी, सरस्वती जी आदि के विभिन्न स्वरूपों की साज-सज्जा देखते ही बनती थी। शोभायात्रा का नेतृत्व भारत माता की झांकी से हुआ, जिसमें उत्साही युवा हाथों में तिरंगा थामें भारत माता के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे। सैकड़ों लागों ने झाँकियों की जमकर तारीफ की। बैण्डबाजों की धुन पर भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति हो रही थी तो उत्साही युवा नाचते गाते, जयकारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा का समापन मठबाबा से होकर शंकर जी के शिवाले पर हुआ। समिति के अध्यक्ष सतीश जायसवाल ने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा किया गया उपकरणों का वितरण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजना के तहत 39 दिव्यांगो को कृत्रिम उपकरण का वितरण शुक्रवार को बेहटा ब्लाक सभागार में किया गया। जिसमे 6 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल, 19 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, पांच कान की मशीनें, 4 दिव्यांगो को सहायक उपकरण विरित किए गए। यह वितरण धौरहरा सांसद व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा की पहल पर सभी ब्लाकों में कराया जा रहा है। इसमें लाभार्थी दिव्यांगो का चयन पूर्व में सभी ब्लाकों में एलिम्को द्वारा लगाए जानें वाले शिविर में चिन्हीकरण किया गया जा चुका है। मुख्य अतिथि रहे सांसद प्रतिनिधि अनुराग मिश्रा ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होने कहा कि सबको योजना का लाभ मिलेगा। सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। कहा कि दिव्यांगजनों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायीं जायेंगी। भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल ने कहा कि सरकार जनता के हित के लिए कारगर कार्य कर रही हैं। कहा कि सरकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। सरकार उनकी सेवा के लिए कृतसंकल्पित है। इस मौके पर राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डा हेमंत केशवाल, बीडीओ रजनीश शुक्ला, डा रेनी यादव, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, एडीओ समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहें।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीतापुर में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मिशन वात्सल्य की कार्य/प्रगति पर चर्चा की गई, सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु ग्राम स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय बैठकों की समीक्षा की गई। बच्चों को नियमित शिक्षा उपलब्ध कराए जाने हेतु शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई, बाल विवाह, बाल श्रम रोकथाम पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों को गुणवत्ता परक निशुल्क शिक्षा पोषण व आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा विभिन्न ब्लॉकों से चिन्हित बच्चों को पात्रता की स्थिति में लाभान्वित कराए जाने हेतु कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बाल श्रम में लगे एवं भीख मांगने वाले बच्चों को मुख्य धारा से जोड़े जाने हेतु बच्चों को चिन्हित कर योजनाओं से लाभान्वित कराये गए बच्चों की समीक्षा व जनपद में लिंगानुपात के सुधार के दृष्टिगत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किए गए प्रचार प्रसार पर चर्चा व कन्या जन्मोत्सव पर चर्चा की गई जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से बच्चों से संबंधित मुद्दों जैसे बाल श्रम, बाल यौन शोषण, बाल विवाह की रोकथाम, बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा पर चर्चा कर अपने-अपने विभाग द्वारा बच्चों को लाभान्वित कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरिपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शहरी एवं स्थानीय निकाय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ग्राम विकास, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, संयुक्त निदेशक अभियोजन अधिकारी प्रतिनिधि, सहायक श्रमायुक्त, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिनिधि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रभारी ए,एच,टी,यू व जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई

प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग धर्मवीर प्रजापति ने राजकीय मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना केन्द्र का निरीक्षण कर, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने एवं दी जा रही सुविधाओं की अद्यतन जानकारी कर निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों का प्राथमिकता पर आयुष्मान कार्ड बनाये जाए। आयुष्मान कार्ड लाभार्थी को किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए। इनके बाद रजिस्ट्रेशन काउण्टर, मेडिसिन ओपीडी, सर्जरी ओपीडी,

ब्लड कलेक्शन, प्रसूति एवं स्त्री रोग ओपीडी, आकस्मिक विभाग के अन्तर्गत ट्राइज, यलो एवं रेड एरिया, पीडिया इमरजेन्सी लेवर रूम एवं आईसीयू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने ओपीडी परिसर में उपचार हेतु आये मरीजों एवं प्रत्येक वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और चिकित्सको द्वारा दी जा रही दवाओं और उपचार के बारे में जानकारी की। जिस पर मरीजों ने चिकित्सालय में दी जा रही सुविधाओं पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की। मंत्री के द्वारा चिकित्सालय के अन्तर्गत स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा जन औषधि केन्द्र में दवाईयों की कम उपलब्धता एवं रिकार्ड का उचित रख-रखाव न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये तत्काल सुधार किये जाने के निर्देश दिये।

निरीक्षण उपरान्त प्रभारी मंत्री ने प्रधानाचार्य कार्यालय में बैठक कर चिकित्सालय में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी कर निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजो को दी जाने वाली सुविधाओं में अधिक सुधार किया जाए तथा चिकित्सालय में तैनात चिकित्सको को मरीज के प्रति संवेदनशील व्यवहार किया जाए। प्रभारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में आयुष्मान कार्ड लाभार्थी हेतु अतिरिक्त आयुष्मान वार्ड बनाने हेतु एवं दी जाने वाली सुविधाओं के लिये भी निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, परिजनों ने कराया मामला दर्ज

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली में धीरज पुत्र श्याम बाबू कुशवाहा निवासी मोहल्ला हरिपुरा थाना जालौन ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उसका सौर ऊर्जा प्लांट ग्राम डेकोर के पास लगा हुआ है। जहां पर अज्ञात वाहन ने उसके पुत्र सुशील की आपे लोडर में तेजी से टक्कर मार दी, जिसमें वादी के पुत्र की मौके परी मौत हो गई। जबकि उसकी आपे लोडर भी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही दूसरा मामला कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम खुटमिली श्रमदान के पास हुआ। जिसमें कपूरी पत्नी स्वर्गीय रामनाथ कुरारा थाना कुरारा हमीरपुर ने कदौरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि ट्रैक्टर चालक ने वाहन द्वारा लापरवाही से चलकर वादिया के पति की ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

डीएम ने जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की ली समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार उरई में की गई। जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण माह के अन्तर्गत आयोजित गतिविधियों आदि पर विस्तृत समीक्षा की गयी।

उन्होंने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्भव अभियान के अन्तर्गत चिन्हित सैम बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध करायी जाये, सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सहजन एवं मीठी नीम के पौधे रोपित कराये जाये तथा इन पौधों की गुणवत्ता व महत्व के बारे में जन-जागरुकता/प्रचार-प्रसार किया जाये। बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकायें आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें तथा निरीक्षण की सूचना लोकेशन सहित व्हॉटसअप ग्रुप पर प्रेषित करें। समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अनुपूरक पुष्टाहार, वजन, टीकाकरण एवं लाभार्थी पंजिकायें वास्तविक व अद्यतन हो तथा आंगनबाड़ी केन्द्र नियमानुसार संचालित होने चाहिये। गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख तक आंगनबाड़ी केन्द्र का भ्रमण/निरीक्षण कर सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायेंगे तथा निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पायी गयी कमियों को सम्बन्धित विभाग के सहयोग से शीघ्र पूर्ण करायें जिससे आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र के रुप में उन्हें विकसित कराया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला प्रोबेशन अधिकारी सिहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

सीओ ने आरएएफ व पुलिस जवानों के साथ किया फुटमार्च, कराया सुरक्षा का अहसास

जन एक्सप्रेस। कालपी

अपराध नियंत्रण करने के उद्देश्य से शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी के नेतृत्व में रैपिड एक्शन फोर्स तथा पुलिस के जवानों ने कालपी की सड़कों तथा सार्वजनिक स्थानों में फुटमार्च करके जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। केंद्रीय पुलिस के जवानों के बूटों की दस्तक को देखकर शरारती तथा अपराधी तत्वों में खलबली मच गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, टरननगंज चौकी इंचार्ज चेतराम बुंदेला सहित रैपिड एक्शन फोर्स तथा पुलिस जवान फुलपावर चौराहे में एकत्रित

हुए।क्षेत्राधिकार डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की अगुवाई में शुरू होकर फुटमार्च मुख्य बाजार टरननगंज सहित सार्वजनिक सड़कों में फुट मार्च किया तथा संदिग्ध लोगों को रोक रोककर पूछताछ की। इस दौरान जगह-जगह जनता से संवाद स्थापित करके सुरक्षा का एहसास कराया गया। क्षेत्राधिकारी ने अवगत कराया कि गांधी जयंती एवं अन्य त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन बहुत ही सतर्कता बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कालपी नगर को जोड़ने वाली सभी सड़कों की प्रवेश सीमा में पुलिस की पिकेट ड्यूटी तैनात कराकर रात में नाकेबंदी की योजना अमल में लाई जा रही है। इससे आपराधिक घटनाओं में नियंत्रण पाया जा सकेगा। रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की बूटों की आवाजों से जनता में अच्छा संदेश जा रहा है।

अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट के तीन मामले दर्ज

जन एक्सप्रेस। उरई

अलग-अलग थाना क्षेत्र में मारपीट के तीन मामले पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की।

शहर कोतवाली के बलदाऊ चौक निवासी आदित्य अग्रवाल ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि इरशाद निवासी मोहल्ला दादूपुरा थाना कोतवाली उरई ने अमित व अन्य साथियों के साथ गाली गलौज की। यही नही मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। वही दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया रामनगर निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी बृजमोहन ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि छोटू पुत्र राकेश निवासी अज्ञात और नीतेश पुत्र अज्ञात और एक अज्ञात समेत चार लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरा मामला डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिमरो के पास सलीम खान पुत्र बली मोहम्मद निवासी ग्राम जलगांव चिरगांव जनपद झांसी जा रहा था।

इसी दौरान चांद खान पुत्र अज्ञात और सलीम खान पुत्र अज्ञात निवासी टिमरो थाना डकोर ने उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की। पुलिस ने तीनो मामलों को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की।

दो पक्षों में हुई मारपीट, चार का हुआ शांति भंग में चालान

जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार

थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षियों द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। कड़े प्रयासों के बाद भी मामला न सुलझने पर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की चार महिलाओं के खिलाफ शांति की करवाई की गई। कस्बा सिरसा कलार में जमीनी विवाद के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए और बात इतनी बड़ी की उनमें मारपीट शुरू हो गई। बताया गया है कि इसी दौरान किसी ग्रामीण द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए दोनों पक्षों समझा-बुझाकर मामला शांत कर आया और उन्हें थाने लाया गया। जहां पर दोनों पक्षियों द्वारा एक दूसरे को आरोपी ठहराते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने बताया कि कुछ दिनों से अंबेडकर स्कूल के पास ग्राम सभा की जमीन पड़ी थी। जिसमें दोनों पक्ष कब्जा करने को लेकर आपस में मारपीट करने लगे। जिसके बाद दोनों पक्ष तहरीर दे गए। जिसके बाद दोनों पक्षों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह राजी नहीं हुए। जिसके बाद चार महिलाओं बबली देवी, कुशमा देवी, छुन्नी देवी, चंद्र कांति का शांति भंग में चालान कर दिया गया। जिसके बाद चार महिलाओं बबली देवी, कुशमा देवी, छुन्नी देवी, चंद्र कांति का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विद्युत अभियंता, उत्तर रेलवे, लोको वर्कशाप, चारबाग लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्या : 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/01/2023/आरटी कार्य का विवरण :** "रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप चारबाग लखनऊ में विद्युत केबलिंग एवं लाइटिंग कार्य"। **मात्रा :** ऐस.ओ.आर. के अनुसार। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,16,58,829/ (रुपये एक करोड़ सोलह लाख अठावन हजार आठ सौ उनतीस मात्र) **अग्रिम धन राशि (अर्नेस्टमनी):** रु.2,08,300/- मात्र (नेट बैंकिंग या पैमेंट गेटवे के द्वारा) **निविदा फार्म का मूल्य:** शून्य **कार्य पूरा होने की अवधि:** 01 वर्ष। **निविदा जमा करने का समय:** दिनांक 11.10.2023 से 26.10.2023 समय 15:00 बजे तक। **न्यूनतम योग्यता मानदंड:** निविदाकर्ताओं को अपने ऑफर के साथ वैध क्लास-ए इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रेक्टर लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। **निविदा खुलने की तिथि तथा समय:** दिनांक 26.10.2023 को 15:15 बजे। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** द्वारा दिनांक 11.09.2023 से 26.10.2023 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नही किया जायेगा। • निविदाकर्ता, निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपाजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नही किया जायेगा। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर खोला जायेगा यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

निविदा सूचना सं. 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/01/2023/आरटी
दिनांक: 28.09.2023 3028/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मेडिकल कॉलेज के बाहर से बाइक चुरा ले गए चोर

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ओपीडी गेट मेडिकल कॉलेज के सामने निलेश कुमार पुत्र राम सुमिरन निवासी पीपरी अटईया थाना सिरसा कलार की बाइक खड़ी हुई थी। जिसको अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जब उसने आसपास बहुत खोजबीन की लेकिन, उसकी बाइक का कहीं कोई पता नहीं चला। इस पर उसने पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस ने दो सटोरियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की

जन एक्सप्रेस/उरई। कोटरा थाने के उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल और मोतीलाल ने मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह से दो सटोरियों सत्यम कुमार पुत्र रविकांत और जगराम राजपूत पुत्र देवी दयाल निवासीगण ग्राम ऐंधा को गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 6 सट्टा पर्ची और 3160 रुपए बरामद हुए। जिसपर पुलिस ने दोनों सटोरियों के विरुद्ध जी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

घर से बिना बताए निकले वृद्ध ने ट्रेन से कटकर की हत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। एट थाना क्षेत्र में ग्राम विलाया के पास ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई, और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पवीपुरा निवासी राम रतन 72 वर्ष 2 दिन पहले घर से बिना बताए निकल आए थे। बताया गया है कि शुक्रवार को उनका शव एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विलाया के पास रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला।

हत्या के आरोपी को हुआ आजीवन करावास, 50 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस। उरई

न्यायालय में विचाराधीन हत्या के मामले में तीन वर्ष बाद हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद न्यायाधीश ने फैसला सुनाया और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रणकेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि चुर्खी थाना क्षेत्र के जलालपुर वैध गांव निवासी मुन्नेश दोहरे ने 22 जुलाई 2020 को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि उसका भाई रामेश्वर रात में खेत पर रखवाली कर रहा था। तभी थाना क्षेत्र के अटराकला गांव निवासी श्याम गुर्जर उर्फ श्यामजी गुर्जर से भाई का खेत में जानवर घुसने को लेकर विवाद हो गया। इस पर श्याम जी ने जातिसूचक गाली गलौज की और सिर में कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने श्यामजी के खिलाफ एससीएसटी सहित हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने 8 अगस्त 2020 को अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। तीन साल चले ट्रायल बाद शुक्रवार को सुनवाई पूरी हुई। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की जिरह और गवाहों के बयान सुनने के बाद साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट शिव कुमार ने श्याम गुर्जर उर्फ श्यामजी गुर्जर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पचास हजार रुपये अर्थदंड का अर्थदंड भी लगाया।

बूथ मण्डल बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस। देवरिया

क्षेत्र के कतरारी सिंगही चौराहे पर बूथ मण्डल देहात भाजपा सशक्ति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता अजय उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र का विकास और बूथ की और 2024 के आगामी चुनाव की चर्चा की गई। उत्तर प्रदेश सरकार की परियोजना लोगों को तक पहुंचाया जाय। और समुचित सुविधाओं से वंचित लोगों को मुहैया करा जाए। देवरिया देहात मण्डल के मण्डल उपाध्यक्ष शिवाकान्त मिश्र ने कहा कि हम प्रदेश सरकार के दी गई सुविधा को जनता के पास पहुंचाने और सुविधा से लाभान्वित कराने का कार्य के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे है।अरविंद चौरसिया देवरिया देहात मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि हमारी सरकार अच्छे तरीके से कार्य कर रही है। बेरोजगार लोगो को रोजगार देने का अधिक से अधिक प्रयास कर रही है। रोड का विकास, प्रधान मंत्री आवास, मुफ्त राशन,किसान अनुदान, जाब कार्ड, पांच लाख का निशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, कम दर पर लोन दे रही है। इस बैठक में भाजपा नेता श्रीनिवास दूबे, रत्नेश गर्ग, नितिन, महामंत्री विपिन यादव, संजय प्रजापति, अमित पाण्डेय, दिवाकर नाथ तिवारी, गंगा सिंह कुशवाहा, आदि सम्मलित रहे।

अमरेंद्र बने व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के निर्देश पर जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद विद्यासागर जायसवाल ने बरहज के व्यापारी नेता

अमरेंद्र गुप्त को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है श्री गुप्त लगभग 20 वर्षों से व्यापार मंडल से जुड़े हुए हैं इनके मनोनयन पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष मंटू बाबू जायससवाल, वासुदेव वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्त, पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर चौरसिया, रामकेश्वर जायसवाल, विनोद गुप्त, राजू जायसवाल, रामनिवास मद्धेशिया, मनोज बरनवाल, विनोद वर्मा, रितेश गुप्ता, शंभू जायसवाल, रामदास जायसवाल, जनार्दन बरनवाल, बाल बिहारी उपाध्याय, जितेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, अर्जुन जायसवाल, गनेश मद्धेशिया आदि ने बधाई दी है।

फास्ट फॉरवर्ड

श्रद्धा, भक्ति रामधुन के साथ हुई गोरखगिरि परिक्रमा

जन एक्सप्रेस/महोबा। गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वाधान मे ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा श्रद्धा, भक्ति रामधुन के साथ हुई। परिक्रमा यात्रा प्रात: 6 बजे से शिवताण्डव मंदिर से शुरू हुई। इसके बाद परिक्रमा यात्रा रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, राम दरबार, काली माता व छोटी चंद्रिका मंदिर से पुलिस लाइन रोड होते हुए नागौरिया मंदिर, बालाजी मंदिर, कालभैरव मंदिर से शिवताण्डव मंदिर आकर समाप्त हुई। परिक्रमा के बाद शिवताण्डव मंदिर मे सत्संग हुआ जिसमे परिक्रमा समिति प्रमुख डॉ0 एल0सी0 अनुरागी ने बुंदेली कार्तिक धुन मे गीत- आलीइ मोहे लागै गोरखगिरि नीकौं, गोरखगिरि मे सब देवता बाजे पैकरमा करे से न चूको, सुनाया और बताया कि भाद्र पूर्णिमा से पितर पक्ष लग गया इस दौरान सभी का कर्तव्य है कि अपने पूर्वजों का तर्पण पिण्डदान श्राद्ध आदि कर पुण्य कमाये। परिक्रमा मे रामधुन के साथ समिति के सभी सदस्य आशीष पुरवार एडवोकेट, बी0एस0यादव, एड0 पं0 हरीशंकर नगायच, पप्पू सेन, कृष्ण कुमार साहू, चन्द्रभान श्रीवास, जगदीश चन्द्र, हरप्रसाद अनुरागी, बैजनाथ मुनीम, राकेश चौरसिया, ग्राम सूपा से आये वीरेन्द्र राजपूत, बहादुर, मुन्नालाल कुटार, गौरीशंकर कोष्ठा, संतोष घड़ी साज, अजीत फोटोग्राफर, अशोक बाजपेयी आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे प्रसाद वितरण हुआ एवं समिति प्रमुख डॉ0 एल0सी0 अनुरागी ने कहा कि परिक्रमा केवल हर माह की पूर्णमासी को होगी।

शोकसभा कर साहित्यकार को दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस/महोबा। सरस्वती विद्या मंदिर इं0का0 महोबा के संगीत सभागार मे एक शोकसभा साहित्यकार रामप्रकाश पुरवार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। शोकसभा मे साहित्यकार स्व0 ओमप्रकाश तिवारी के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उनके कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने उनके निधन के साहित्य जगत की अपूर्णनीय क्षति बताया। शोकसभा के सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार विष्णुरात चतुर्वेदी विदेही ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि स्व0 श्री तिवारी एक अच्छे कवि तथा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वरिष्ठ कवि रामप्रकाश पुरवार ने भी अच्छे एक कुशल रचनाकर कहते हुए श्रद्धांजलि दी। संतोष कुमार पटेरिया ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि श्री तिवारी एक समाजसेवी साहित्यकार थे। उन्होंने कहा कि उनका समय सामाजिक कार्यों मे व्यतीत होता था। समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी ने कहा श्री तिवारी के निधन से जनपद महोबा ने एक अच्छा साहित्यकार खो दिया है। संचालन कर रहे संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि श्री तिवारी संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष कलापंण के संरक्षक तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के भी जिला कार्यकारिणी सदस्य थे। उनके निधन से हमने एक वरिष्ठ साहित्यकार खो दिया है। अंत मे पांच मिनट मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर विष्णुरात चतुर्वेदी, रामप्रकाश पुरवार, शिवकुमार गोस्वामी, संतोष कुमार पटेरिया, ओ0पी0 तिवारी, पं0जगप्रसाद तिवारी, श्याम सुंदर त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सक्सेना, संतोष द्विवेदी, अवधेश सोनी, जे0के0 शिवहरे, सुनील दीक्षित, संतोष वर्मा, जीतेन्द्र आदित्य, सुशील शर्मा, चन्द्रशेखर चतुर्वेदी, डॉ0 एलसी अनुरागी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। संचालन संगीताचार्य पं0 जगप्रसाद तिवारी ने किया।

पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/महोबा। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए उपस्थित पुलिस बल की टोलीवार ड्रिल करवाई गयी एवं शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गयी। तदोपरान्त उपस्थित पुलिस बल का शस्त्र परीक्षण, शस्त्राभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित विभिन्न शाखाओं यथा- परिवहन शाखा, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्द, बन्दी वाहन इत्यादि का निरीक्षण कर पुलिस वाहनों, शस्त्रों के रख-रखाव के विषय में पूछताछ करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा नियुक्त पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के विषय में प्रश्नोत्तर किए गए, यू0पी0 112 में नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद प्रदान किये जाने का प्रयास करें। पुलिस भोजनालय का निरीक्षण किया गया एवं स्वयं भोजन ग्रहण कर पुलिस कर्मियों के भोजन की गुणवत्ता को भी परखा गया। बैरिकों, बाथरूम का निरीक्षण कर साफ-सफाई के स्तर को और अधिक बेहतर बनाये जाने के लिये निर्देशित किया गया इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक अर्दली रुम किया गया जिसमें सभी गार्द कमांडरों के साथ पुलिस लाइन अवस्थित समस्त शाखाओं, गार्दों के रजिस्टरों, अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही किये जाने वाले सम्बन्धित पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम कर उनको सख्त हिदायत दी गयी तथा ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान रामप्रवेश राय-क्षेत्राधिकारी नगर, शिवकुमार- प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस लाइन मे बलवा ड्रिल का किया गया अभ्यास

जन एक्सप्रेस/महोबा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने व आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु में रिजर्व पुलिस लाइन अवस्थित परेड ग्राउंड में दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया तदोपरान्त जनपदीय पुलिस बल को ब्रीफ करते हुये बताया कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा आगामी त्यौहारों की ड्यूटी के दौरान यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल करते हुये स्थिति को किस प्रकार से सामान्य किया जा सके आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा कर उनको चेक करते हुए अल्प समय में इन उपकरणों से सुसज्जित होकर दंगा नियन्त्रण करने का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़ को तितर बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉन्स्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

जल विहार उत्सव में आयोजित दंगल में पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाए

जन एक्सप्रेस/महोबा। ग्राम रिवई में जल विहार उत्सव के तीसरे दिन पूर्णमासी को मुखिया जी की याद में भव्य दंगल का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय पहलवानों ने कुश्ती के दाँव पेंच दिखाए। जिले की तहसील चरखारी के ग्राम रिवई में गत वर्षों की भांति शुक्रवार को जल विहार उत्सव के मौके पर मुखिया की याद में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें शिवम पहलवान बडोखर बांदा और अतर सिंह खड़ेही, प्रीतम पहलवान रिवई और कपिल पहलवान ग्योंड़ी के बीच रोमांचक कुश्ती देखने को मिली। विकाश यादव पहलवान रिवई और आयुष पहलवान रिवई के बीच जोरदार कुश्ती रही। अमर सिंह पहलवान धौहल एवं धनीराम पहलवान अटकोहा के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दंगल में पहलवान देवेन्द्र पाल, पूरन यादव, जितेंद्र, छोटू, कवीं और जयसिंह रहटिया के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। दंगल में दो दर्जन से अधिक नामी गिरामी पहलवानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दर्शकों को कुश्ती के दाँव पेंच दिखाए। रेफरी की भूमिका बृजराज यादव पहलवान एवं प्रमोद पहलवान ने निभायी। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्रीपत पाल, वीर सिंह चैहान एडवोकेट, रामस्वरूप पाल दादा, हरतारी सेन, भूपेन्द्र सिंह, सुख नन्दन नगायच, सुरेश पाठक, गणेश त्रिपाठी, इंदरीश मोहम्मद, सरजू प्रसाद राठौर, मातादीन राठौर, रमेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, नरेन्द्र पटेरिया, अनिल पटेरिया, हरी सिंह यादव, बाबू नगायच, सहित हजारों की भीड़ मौजूद रही रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

तीन थानाध्यक्षों को एसपी ने किया इधर से उधर

जन एक्सप्रेस/महोबा। जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षका श्रीमति अर्पणा गुप्ता ने जिले तीन थानो मे थानाध्यक्षो के फेरबदल किये है। महिला थानाध्यक्षा श्रीमति शिल्पी शुक्ला को थाना खरेला का कार्यभार सौंपा है, तथा थाना खन्ना के प्रभारी उमेश कुमार कुशवाहा को क्राइम ब्रांच का कार्यभार सौंपा है, तथा यज्ञनारायण भार्गव को थाना खरेला से हटाकर थाना खन्ना का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

ग्रामीणों में आक्रोशः जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए हुई खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त

✳ महीनों से इंटरलॉकिंग मार्ग पर अभी तक नहीं पड़ी पाइप, ग्रामीणों का आवागमन बाधित

जन एक्सप्रेस। रूदौली-अयोध्या

रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में ठेकेदार द्वारा जलापूर्ति हेतु पाइप डालने के लिए की गई खुदाई से पूरा गांव अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़क के बगल पर्याप्त कच्ची जगह होनें के बावजूद ठेकेदार द्वारा पक्की सड़क को बीचोबीच से खोद डालने से ग्राम स्थित सुशीला आश्रम का आवागमन बाधित हो गया है। ठेकेदार द्वारा खोदे गए सड़क से आक्रोशित ग्राम वासियों ने ठेकेदार पर मानक अनुरूप कार्य न करने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से करने की बात कही है।रूदौली तहसील के ग्राम सिपाहभट्ट में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन डालने हेतु की गई खुदाई से ग्रामवासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामवासियों का आरोप है कि ठेकेदार जय प्रकाश यादव द्वारा गाँव के बीचोबीच लगभग साढ़े तीन सौ मीटर के आसपास इंटरलॉकिंग मार्ग महीनों पहले खोद कर छोड़ दी गई है आज तक उसमें पाइप नहीं पड़ सका है जिससे ग्रामवासियों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं इसके अतिरिक्त 450 मीटर खड़ंजा मार्ग पाइप डालने के बाद सिर्फ मिट्टी से पाट दिया गया है जिससे बरसात में कीचड़ हो जाने से आये दिन ग्रामवासी गिरकर चोटहिल हो रहे हैं।

वहीं ग्रामवासी श्रीचंद शर्मा का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उनके आवास सुशीला आश्रम के ठीक सामने स्थित डामर रोड को बीचोबीच से जेसीबी द्वारा मानक से कहीं ज्यादा खोदकर पूरी सड़क बर्बाद कर दी गई है जबकि सड़क के बगल पाइपलाइन डालने के लिए पर्याप्त कच्ची जमीन उपलब्ध है फिर भी डामर रोड को खोदकर उसे बर्बाद कर दिया गया है। उनका आरोप है कि लाख कहने के बावजूद भी आश्रम को आने जाने के लिए मार्ग नहीं छोड़ा गया है जिससे आश्रम में रह रहे व्यक्तियों व मवेशियों को बाहर निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। यही नहीं श्रीचंद शर्मा के मुताबिक ठेकेदार द्वारा शमशान की भूमि भी नहीं छोड़ी गई उस पर भी जेसीबी चला दी गई है। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा खुदाई करते समय पर्यावरण संरक्षण हेतु लगाए गए वृक्षों का भी ध्यान नहीं दिया गया और उनसे सटकर उस तरह खुदाई की गई है कि पेड़ कभी भी गिर सकते हैं जिससे पर्यावरण को तो नुकसान पहुँचेगा ही साथ-साथ पेड़ की चपेट में आने से कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही योगी सरकार की 1962 एंबुलेंस सेवा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

योगी सरकार पशुपालकों को कई तरह की सुविधा दे रही है, जिससे पशुपालकों की आय में वृद्धि हो और उन्हें घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध हो।

आपको बताते चलें की पशुपालकों के पशुओं की उनके घर पर ही चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ की गई 1962 एंबुलेंस सेवा जनपद में लाभकारी साबित हो रही है। एंबुलेंस सेवा अप्रैल माह में जब से जिले में प्रारंभ हुई है, तब से अब तक लगभग 8000 पशुओं को मोबाइल टीम ने पशुपालकों के घरों पर जाकर आवश्यक उपचार कर पशुओं प्राणों की रक्षा की है।

1962 एंबुलेंस के माध्यम से अभियान चलाकर किया जा रहा टीकाकरण

जिला प्रोग्राम अधिकारी एंबुलेंस सेवा अयोध्या दीपक कुमार ने बताया पशुओं में लंपी बीमारी से बचाव के लिए 1962 एंबुलेंस के माध्यम से अभियान चलाकर टीकाकरण किया जा रहा है वह बीमार पशुओं व आवारा पशुओं का इलाज भी किया जाता है।

उन्होंने कहा बीमार पशुओं को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही 1962 एंबुलेंस सेवा पशुपालको के लिए वरदान साबित हो रही है। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की सूचना पर मोबाईल यूनिट मौके पर पहुंच रही है। पशुओं को लंपी बीमारी से बचाने के लिए वेटनरी वैन गांव-गांव पहुंचकर निशुल्क टीकाकरण कर रही है।

सोहावल, मवई, गोसाईगंज, पूरा, मया व अन्य ब्लॉक में 1962 एंबुलेंस को अलर्ट मोड पे रखा गया है। अयोध्या जनपद के सभी विकास करो में पशुओं का पशुपालक के घर पर पहुंचकर तत्काल इलाज करने के लिए 6 एंबुलेंस सेवाएं दी गई हैं।

योगी सरकार द्वारा निःशुल्क दी जा रही सभी सेवाएं

जिला वेटनरी वैन प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि वेटनरी वैन केवल गंभीर रूप से बीमार या घायल पशुओं के इलाज को प्राथमिकता के आधार पर करती है। इसके अलावा बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए गांव गांव निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। एक वैन पर एक चिकित्सक एवं एक सहायक टेक्नीशियन वह एक ड्राइवर मौजूद रहता है जो पशुओं का मौके पर जाकर इलाज करता है दवाई भी शासन की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है जिसका कोई शुल्क नहीं लिया जाता। सभी सेवाएं शासन की ओर से निःशुल्क दी जा रही हैं।

रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा

जन एक्सप्रेस। सोहावल-अयोध्या

राष्ट्रीय लोकदल मध्य प्रदेश और पूर्वांचल में भी आने वाले तीन माह में ब्लॉक स्तर पर संगठन खड़ा करेगा। उक्त बातें आज रालोद के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव विश्वेष नाथ मिश्रा सुडडू मिश्रा ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्रा ने और संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वागत से अभिभूत सुडडू मिश्रा ने राष्ट्रीय लोकदल के साथियों की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया और उन्हें विश्वास दिलाया की राष्ट्रीय लोकदल का हर कार्यकर्ता प्रदेश में रालोद को मजबूत करने का काम करेगा प्रदेश कमेटी में पुनः महासचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से और अपने वक्तव्य से सुडडू मिश्रा का स्वागत किया श्री मिश्रा ने बताया की आने वाले लोकसभा के चुनाव में रालोद इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा स्वागत समारोह में वरिष्ठ नेता अनिल पांडेय बृजेश मिश्रा राकेश मिश्रा जगदंबा पांडे रामसूरत यादव ढोढे यादव माधव दुबे रंजन मिश्रा गौतम तिवारी दीनानाथ तिवारी प्रकाश पांडेय बद्रीनारायण पांडेय जय नारायण तिवारी भूपेंद्र पांडेय पंडितपुर रामसनेही करी शिव कुमार मिश्रा तारकनाथ मिश्रा सीता राम रमेश नाथ धर्मेंद्र मिश्रा प्रताप शुक्ला कुलभूषण मिश्रा संजय मिश्रा कन्हैया साहू जितेन्द्र तिवारी गोड़वा मोनू शुक्ला अजय उपाध्याय आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ की हुई बैठक

✳ बीडीसी सदस्य अपने हक की लड़ाई के लिए इको गार्डन मैदान लखनऊ में इकट्ठा होंगे: नवनीत शुक्ला

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या

प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ की बैठक शुक्रवार को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पंकज सोनी की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम प्रधानों की तरह जनता द्वारा निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की उपेक्षा पर जमकर भड़ास निकाली गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अधिकारों उन्हें वित्तीय अधिकार प्रदान करने, मानदेय दिलाए जाने तथा विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करवाने के निमित्त चर्चा की गई। आगामी 6 अक्टूबर को लखनऊ में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की प्रस्तावित धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन की तैयारी को लेकर अभी चर्चा हुई। बैठक के बाद कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि बीडीसी संघ के राष्ट्रीय

अध्यक्ष नवनीत शुक्ला एडवोकेट ने शुक्रवार को विकासखंड बीकापुर के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी बात रखी।

प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला ने बताया कि सड़क से सदन तक बीडीसी सदस्यों की हक की लड़ाई के लिए वह प्रतिबद्धता से आवाज बुलंद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 826 विकासखंड में करीब 80, 000 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित हैं। जो उपेक्षा का शिकार है। और उनकी राजनीतिक हत्या हो रही है। इन्हें भी अपने क्षेत्र पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए वित्तीय अधिकार मिलना चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि शासन स्तर पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बीमा लाभ दिलाने, मनरेगा के कार्यों भागीदारी सहित तीन मांग पूरी होने के बावजूद अभी तक जमीन पर इसके क्रियान्वयन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी की आने वाले 6 अक्टूबर को प्रदेश भर के बड़ी तादाद में बीडीसी सदस्य अपने हक की लड़ाई के लिए इको गार्डन मैदान लखनऊ में इकट्ठा होंगे। जिसकी तैयारी के लिए हर जनपद में प्रेस वार्ता की जा रही है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत शुक्ला के अलावा बीडीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवी प्रसाद पांडेय, प्रदेश सचिव अनूप अग्रवाल, विजय दादा, प्रदेश मंत्री मनोज अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे, पंकज सोनी, उर्मिला, अशोक निषाद आदि मौजूद रहे।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों को सफल बनायें: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत है।

इसका उद्देश्य दृश्यमान साफ सफाई और सफाई मित्रों के कल्याण व समृद्ध से सम्बंधित है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा बैठक आवासीय सभागार में की। जिसमें उन्होंने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत विभाग के अधिकारियों को ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय,

आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केन्द्र के आसपास पुराना एकत्रित कचरा जिसकी कई दिनों से साफ सफाई न हुई हो, को चिन्हित कर सफाई करने, ग्राम पंचायत के पास स्थित नदी के तट के किनारों से प्लास्टिक कूड़े को हटाने हेतु सफाई अभियान चलाये जाने, ग्राम पंचायत स्थित विद्यालय में स्वच्छता विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता कराये जाने व पुरस्कार वितरण किये जाने, ग्राम पंचायत में ठोस कचरा व कूड़ा एकत्रीकरण व उसके छटाई विषय पर लाउड स्पीकर पर प्रचार प्रसार करायें तथा जनपद की सभी ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे का सग्रहण अभियान चलाकर विकास खण्ड पर एकत्रीकरण करायें, ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा पेयजल स्वच्छता समिति निगरानी समिति के सदस्यों के साथ घरों का भ्रमण कर शौचालय प्रयोग, सामान्य साफ सफाई व कूड़े का घर पर ही न सड़ने वाले व सड़ने वाले कूड़े की छटाई के विषय में बताये जाने तथा 01 अक्टूबर को स्वच्छता दौड़ का आयोजन किये जाने व ग्राम पंचायत में बैठक कर सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु संकल्प किये जाने और 02 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन कर ग्राम के सभी नागरिकों के साथ स्वच्छता शपथ लिये जाने के निर्देश दिये है। बैठक में सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता हमें सफलता दिलाने में करती है मदद: सांसद लल्लू सिंह

आयोजित हुई सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रतियोगिता हमें सफलता दिलाने में मदद करती है क्योंकि वर्तमान परिवेश प्रतिस्पर्धात्मक है। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के मन में आत्मविश्वास भाव जाग्रत होता है। किसी छोटे से ऑडिशन में जीतने के बाद बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे वह और भी बड़े मंच का आसानी से सामना कर सकता है। उक्त बातें सासंद लल्लू सिंह ने हैरिंग्टनगंज कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर में आयोजित सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के दौरान कही। उन्होनें आगे कहा कि सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता बच्चों में आत्मविश्वास बढ़े, उन्हे बेहतर मंच मिले इसी उद्देश्य के साथ आयोजित

की जा रही है। इस दौरान आयोजित छः प्रतियोगिताओं में 72 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अंशू प्रथम, अनन्या विश्वकर्मा द्वितीय, प्रिंस तृतीय स्थान पर रहें। निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान गौड़ प्रथम, काजल द्वितीय, आकृति मौर्या तृतीय स्थान पर, भाषण प्रतियोगिता में दामिनी जायसवाल प्रथम, नैन्सी द्वितीय, पुष्पा तृतीय स्थान पर रहीं।

काव्य पाठ में अंश प्रथम, अरूसिया वर्मा द्वितीय, कोयल तृतीय स्थान पर रहीं। बाल संसद गठन प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूरूखास द्वितीय स्थान पर रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय सहजनवां प्रथम स्थान पर, पू.मा.वि. रूरूखास दूसरे तथा पू.म.वि. देवकली माफी तीसरे स्थान पर रहा। इस दौरान ब्लाक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सहित संचालन समिति के सदस्य, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

एसएसबी ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडोनेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल नवी वाहिनी ने शुक्रवार को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। जानकारी के अनुसार 29 सितंबर सशस्त्र सीमा बल नवी वाहिनी के सीमा चौकी भगवानपुर के जवानों द्वारा इंडो नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र मे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मे सीमान्त चौकी भगवानपुर क्षेत्र अंतर्गत सकड़ा गांव में जवानों ने ग्रामीणों के साथ ष्नशा मुक्त भारत अभियानष् के तहत जागरूकता रैली निकालकर बच्चों, युवाओं, ग्रामीणों को नशा न करने के लिए जागरूक किया । कार्यक्रम में वाहिनी के उप कमाडेंट डॉ. भरत कुमार चौधरी ने नशा मुक्त भारत अभियान के विषय में विस्तार से लोगों को जानकारी दी । उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि नशा एक बीमारी है। नशा शुरुआत में व्यक्ति मनोरंजन के तौर पर करता है, लेकिन बाद में यह आदत में शुमार हो जाता है। नशा करने से पूरे परिवार की मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है।

डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन

✳ बैंको को रोजगार योजनाओं में ऋण प्रदान करने में ढिलाई न बरतने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग की आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी रोजगार स्कीम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद

एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की समीक्षा के दौरान उद्योग विभाग द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं में ऋण के लिए बैंको को प्रेषित आवेदन पत्र का लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि बैंक रोजगार स्कीम में ऋण करने में ढिलाई ना बरतें। उन्होंने कहा कि यदि लाभार्थी के डॉक्यूमेंट में कोई कमी है तो उसको सही कराते हुए ऋण प्रदान करे।

जिलाधिकारी ने कहा की जनपद में बड़े उद्योग को लगाए जाने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे सब्सिडी एवं रियासतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाए। उन्होंने शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में युवाओं को बेहतर ढंग से इन्नोवेटिव प्रशिक्षण प्रदान किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिति में हुए एमओयू को धरातल पर उतरने के लिए उद्यमियों से वार्ता करते हुए उन्हें निवेश को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मौर्य, उपयुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे, सहायक मैनेजर अखिलेश सिंह, उद्यमीगण उपस्थित रहे।

भाजपा की बूथ सशक्तिकरण की बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस। महराजगंज तराई/बलरामपुर

बृहस्पतिवार को कस्बा के पोखरा मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ सशक्तिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल महामंत्री पंकज सिंह व मंडल महामंत्री प्रवेश मिश्रा के अगुवाई में किया गया। बैठक में प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने व 2024 के मिशन को कामयाब बनाने के लिए शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष व मंडल कार्यकारणी को मंत्र दिया गया। साथ ही पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गांव में प्रवास करके जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। बृहस्पतिवार को महाराजगंज कस्बा के पोखरा मंदिर पर आयोजित बूथ सशक्तिकरण बैठक मे मंडल प्रवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने बूथ सशक्तिकरण बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बूथ कार्यकर्ता ही भाजपा की पूंजी है। आगामी लोकसभा के चुनाव में बूथ कार्यकर्ताओं की बल पर ही कमल खिलाने का मौका मिलेगा। इसीलिए सभी बूथ को मजबूत करना सभी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। कार्यकर्ता और उनके नीतियों में पले बढे को जब मुद्दा हीन विपक्ष राज्यसभा तथा लोकसभा को कोशिश करता है तो प्रधानमंत्री अकेले पूरे विपक्ष का डटकर सामना करते हैं। और अपनी बातों से झूठे विपक्ष की बोलती बंद कर देते हैं।

10 अक्टूबर तक पीएम किसान सम्मान निधि से छूटे किसानों की समस्याओं का होगा निदान

जन एक्सप्रेस। बहराइच

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत जनपद के शत-प्रतिशत कृषकों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से वंचित/अवशेष कृषकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग, ई-केवाईसी तथा लैण्ड सीडिंग कार्यों को 10 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण तथा खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को न्यून से न्यूनतम करने तथा फसल अवशेषों एवं पराली प्रबन्धन के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनसेवा केन्द्र समन्वयक, नोडल अधिकारियों, कृषि एवं एलायड विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी दशा में पराली जलने की घटना प्रकाश में न आये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित विशेषकर क्षेत्रीय लेखपालों का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीएम ने इस बात संकल्प दिलाया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए पदेन उत्तरदायित्वों का निवर्हन करेंगे। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी व उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही को निर्देश दिया कि 02 अक्टूबर को ग्राम में आयोजित होने वाले आयुष्मान सभा में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर मौजूद ग्रामवासियों को पीएम-किसान निधि से वंचित किसानों की समस्याओं का समाधान करायें तथा कृषकों को खेतों में पराली न जलाने के लिए जागरूक करें तथा उन्हें पराली प्रबन्धन के बारे में तकनीकी जानकारी भी दी जाय। डीपीआरओ व डीसी मनरेगा को निर्देश दिया गया कि पूर्व में खोदे गये कम्पोस्ट के गड्ढों को ओपेन कराकर पराली को कम्पोस्ट खाद बनाने में कृषकों को जागरूक किया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जिले के कृषकों को इस बात की भी जानकारी दी जाये कि वे मेसर्स विपुल इण्डस्ट्री रिसिया को फसल अवशेष की आपूर्ति कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं।

नेपाल पर्यटन का बड़ा हब बन चुका है: मुख्यमंत्री लुंबनी प्रदेश

जन एक्सप्रेस। अशोक उपाध्याय

भारत नेपाल सीमा/बहराइच। बर्दिया के ठाकुरद्वारा में 44वां विश्व पर्यटन दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। नेपाल के लुम्बनी प्रदेश के मुख्यमंत्री डिल्ली बहादुर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेपाल की छात्रों द्वारा नेपाली राष्ट्रगान से हुई। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की तो वहीं थारू समुदाय के लोगों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य और कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सम्मिलित अतिथियों को दुसाला देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेपाल के लुंबिनी प्रदेश के मुख्यमंत्री डिल्ली बहादुर ने कहा कि भारत का पड़ोसी देश नेपाल पर्यटन का बड़ा हब बन गया है। भारतीय सीमा से सटे नेपाल के बर्दिया जिले में हिमालय की तलहटी में स्थित बर्दिया शाही निकुंज (अभयारण्य) प्राकृतिक छटा से ओत प्रोत है। उत्तरी सिरे पर बह रही करनाली नदी इसकी शोभा में चार चांद लगाती है। बर्दिया नेशनल पार्क में बाघ, बारासिंघा, हिरण, पाकड़ समेत कई प्रकार के वन्य जीव निवास करते हैं। प्राकृतिक वास होने के चलते वन्य जीव की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शाही निकुंज पड़ोसी मित्र राष्ट्र भारत के पर्यटकों के लिए पर्यटन का हब चुका है। शाही निकुंज मैं स्थित चिसा पानी स्थान पर घड़ियाल का प्रवास है। वहीं भारतीय पर्यटक करनाली नदी पर बने

आकर्षण पुल को देखने के लिए भारी तादाद में आते हैं। भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए इस अभ्यारण को और विकसित किए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही भारतीय पर्यटकों को किसी प्रकार की सुविधा न हो उसके लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष में यहां 26 हज़ार पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन इस वर्ष एक लाख पर्यटकों को लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इस लिए लुम्बनी सरकार इसको और विकसित करने के लिए भी तमाम तरह की योजनाएं बना रही है। वहीं यहां के स्थानीय घरेलू उत्पाद को भी और बढ़वा दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने आने वाले पर्यटकों और स्थानीय व्यापारियों से अपील की कि वह पर्यटन व्यवसाय को मजबूती प्रदान करने के लिए यहां के उत्पाद को खरीदें। भारत हमारा पड़ोसी मित्र राष्ट्र होने के साथी ही हमारा अभिन्न अंग है। भारत से अधिक से अधिक पर्यटक यहां आएं उसके लिए भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा पर भारतीय पर्यटको को कोई असुविधा नेपाल आने में न हो इसके लिए नेपाल केंद्रीय सरकार से भी चर्चा हुई है। इस मौके पर बर्दिया जिले के मेयर तिलकराम लम्सल, श्रीराम सिग्देल, गगन थापा, भागीराम ओली, रुद्र खड़का, कृष्ण प्रसाद भट्टराई झबी शर्मा सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यटन ब्यवसाई व राजनेता मौजूद रहे। नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार व नाटा के वरिष्ठ मेम्बर श्री राम सिग्देल ने कहा कि सभी नेपाली पर्यटन ब्यवसाइयो को सोचना चाहिए कि विश्व का अगर सबसे बड़ा पर्यटन बाजार कोई है तो वह भारत है। हम पड़ोसी देश हैं और खुली सीमा है। दोनों देशों के मधुर सम्बंध है। यहां के लोगों को भारत में जाकर लोगों से बात करनी चाहिए कि नेपाल में पर्यटकों के लिए बेहतर माहौल है। नेपाल के लोग भारतीय पर्यटकों को अगर बेहतर सुविधाएं दे पानी में सक्षम हो जाएंगे तो उन्हें तीसरे देश के पर्यटकों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मेधावी छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार आयुर्वेद एवं अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के उन्नयन हेतु कृत संकल्प है। ललित हरि राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय देश का प्राचीनतम आयुर्वेद महाविद्यालय होने के साथ ही जनपद, प्रदेश एवं राष्ट्र की धरोहर है। इसकी गरिमा को आगे बढ़ा यह उद्गार संजय सिंह गंगवार, राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी मिल, उ0प्र0 द्वारा ललित हरि राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय पीलीभीत में मेधावी छात्रों को स्मार्टफोन वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में छात्रों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए रुप में बोल रहे थे। कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि के रुप में अजय सिंह गंगवार, ब्लाक प्रमुख मरौरी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संस्था में अध्ययनरत अंतिम व्यावसायिक के 62 छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। प्राचार्य प्रो. सुदीप सहाय बेदार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के 125 वर्ष के उत्कृष्ट इतिहास से अवगत कराया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी बदायूँ डा. राघवेन्द्र मोहन, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी पीलीभीत डा. शोभा कष्यप, सेवानिवृत्त क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी पीलीभीत डा.मीरा वर्मा, संस्था के समस्त षिक्षक, चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी, संस्था में अध्ययनरत स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा इन्टर्नशिप प्रशिक्षुओं के वेतन विसंगति संबंधी समस्या से मंत्री जी को अवगत कराया गया, जिसके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन मंत्री जी द्वारा दिया गया। डा. अरविन्द कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. हरि शंकर मिश्र द्वारा किया गया।

'मेला हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहर'

* राज्यमंत्री ने खमरियापुल मेला का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शुक्रवार को ललौरीखेड़ा ब्लाक क्षेत्र के बहुप्रसिद्ध खमरियापुल मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होनें कहा की मेला हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक धरोहर है जिनकों सहेज कर रखना हम सब की सामुहिक जिम्मेदारी है उन्होनें कहा की मेला का आयोजन सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक ही नही बल्कि सामप्रदायिक सदभावना की एक मिसाल भी है। खमरियापुल स्थित मेला सिद्धबाबा एवं लधु उधोग समिति के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने बाले इस मेले को परम्परागत ठंग से क्षेत्र के लोगो द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मेला कमेटी और क्षेत्र के लोगो को इस मेले के आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा की प्रत्येक वर्ष यह मेला सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया जाता है जिसके लिए क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग बधाई के पात्र है। उन्होनें पुलिस एंव प्रशासन के अधिकारियों से कहा की मेले की सुरक्षा व्यवस्था समुचित रूप से की जाए ताकि मेले में आने बाले लोगो को किसी भी तरह की कठिनाई महसूस नही हो। उन्होनें इस मेले मे दूरदराज से दुकाने लेकर आने बाले लोगो को भी मेले की सफलता के प्रति उत्साहवर्धन किया इस मौके पर ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मेला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गंगवार, उपाध्यक्ष सुन्दर लाल गंगवार, कोषाध्यक्ष धमेन्द्र भगत जी, सचिव रजनीश शर्मा, रामकृष्ण तिवारी, दिग्विजय सिंह चौधरी, होरी लाल, दिनेश,संतोक सिंह, कैप्टन, सचिन, छोटू, महेश सहित मेला कमेटी के पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकगण मौजूद रहे।

फास्ट फॉरवर्ड

पुरानी पेंशन को लेकर हुई बैठक आर पार की लड़ाई का एलान

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक नगर पालिका के टाउन हॉल में संपन्न हुई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चर्चा की गई और आर पार लड़ाई के लिए ऐलान किया गया। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राममूरत यादव ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए हम लोगों को अब कमर कस लेनी चाहिए और अगर इस पर सरकार निर्णय नहीं लेती है तो आर पार की लड़ाई हम लोग लड़ेंगे । इस क्रम में एक अक्टूबर को दिल्ली पहुंचकर एक देश एक विधान नियम के पक्ष में प्रदर्शन करेंगे। जिससे सरकार को पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए सकारात्मक कदम उठाए। बैठक में राकेश यादव बृजेश सिंह रमाशंकर धर्मेंद्र ओमप्रकाश रजनीश अजय पाल मौजूद थे।

पोषाहार किट वितरण के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर तहसील क्षेत्र के सिंगरामऊ गौरी शंकर मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री टीबीमुक्त भारतअभियान योजना के तहत सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति ने गोद लिए गए104 टीबी के मरीजों पोषाहार किट का वितरण किया। कार्यक्रम से पूर्वमुख्य अतिथि डब्लू.एच.ओ.के सलाहकार तथा पूर्ववैज्ञानिक आई.सी.एम. आर.पब्लिकहेल्परिसर्चर डॉ विनोदकुमार वी.जी.एवं संस्था प्रमुख ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया द्य राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये मुख्य अतिथि ने कहाकि रोगियों को दवा के साथ साथ दी जा रही प्रोटीन युक्त पोषाहार को नियमित रूप से लेनी चाहिये। उन्होंने सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जिक्र करते हुए पोषण की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल द्वारा संस्था को सम्मानित किये जाने पर संस्था प्रमुख तथा सभी कार्य कर्ताओं को बधाई दी। पोषाहार किट संस्था द्वारा गठित स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, मुख्यतः सुनीता देवी, श्यामा देवी एवं शोभावती देवी को सम्मानित किया गया जिनके द्वारा पोषाहार पैक कर दिया जा रहा है।कार्यक्रम का संचा लन शुभम सिंह, सरस्वती वंदना व स्वागत गीत अंजू मिश्रा, निधि सिंह एवं साक्षी तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

वरिष्ठ लिपिक और पत्रवाहक के जिम्मे केराकत खण्ड विकास कार्यालय पर आने वाले फरियादी टेबल भटकने को मजबूर

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। विकास खण्ड केराकत कार्यालय शुक्रवार को पूर्वान्ह दस बजे जन एक्सप्रेस की टीम विकास कार्यालय पहुँचकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याकरी योजनाओं और अधिकारियों की उपस्थिति का हाल जानने जब कार्यालय पहुँचा तो कार्यालय पर वरिष्ठ लिपिक संतोष श्रीवास्तव और पत्रवाहक विमलेश के अतिरिक्त दीपक कुमार सिंह, सूरज सिंह और दो अन्य कर्मचारी ही ब्लाक पर उपस्थित मिले। पूछने पर पत्रवाहक विमलेश ने बताया कि ग्राम बेहड़ा और पौनी में जनचौपाल है साहब वही जायेंगे। दस बजकर बीस मिनट होते होते सभी कर्मचारी आ जाएंगे। वही ब्लाक पर अपनी शौचालय आवास, पेंशन समेत तमाम समस्या लेकर आने वाले फरियादियों को खण्ड विकास अधिकारी और उनके मातहतों का घण्टो इंतजार करन पड़ता हैं। ब्लाक पर तैनात नवागत खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र त्रिपाठी और उनके मातहत आयेदिन जन चौपाल और मीटिंग का बहाना बनाकर ब्लाक से गायब रहते हैं। कार्यालय के ठीक पीछे स्थित कृषि रक्षा इकाई के दफ्तर में समय से ताला नही खुलना आम बात हो गयी है। देखने से यही प्रतीत होता है कि केराकत खण्ड विकास कार्यालय वरिष्ठ लिपिक और पत्रवाहक के जिम्मे है। वही ब्लाक पर आने वाले फरियादी अपने मामले को लेकर टेबल दर टेबल भटकने को मजबूर है।

एतिहासिक गुरुद्वारा साहिब दरबार के नवनिर्माण का काम हुआ तेज

जन एक्सप्रेस । अजय शर्मा

हजारा(पूरनपुर)। लखीमपुर खीरी-पीलीभीत परिक्षेत्र में स्थापित ऐतिहासिक गुरुद्वारा नानकसर खजूरिया सिद्धनगर का आने वाले समय में कायाकल्प होने जा रहा है जिसके तहत गुरुद्वारा साहिब के पुराने दरबार साहिब को तोड़ कर इसकी जगह श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुसार अत्याधुनिक तरीके से नये दरबार साहिब का निर्माण किया जा रहा है। यहां बता दें कि लगभग दो महीने पहले इस बिल्डिंग को तोड़ने की कार्य सेवा विधिवत तरीके से मुख्य ग्रंथी बाबा बलजीत सिंह के द्वारा अरदास करने के पश्चात गुरुद्वारा साहिब के जत्थेदार बाबा दिलबाग सिंह आनंदपुर साहिब वालों के द्वारा शुरू की गई थी जो लगातार संगत के सहयोग से चल रही है इस कार्य सेवा में पैड़िया,कमलापुरी,भरजूनियां, डेरा, सिद्धनगर,चीमा फार्म,शास्त्रीनगर, बाजारघाट,कबीरगंज,मल्लपुरी समेत कई अन्य गांवों की संगत ने बड़े उत्साह तथा जोश के साथ इस कार्यसेवा में अपनी सहभागिता निभाई में लगे हुए हैं।खासतौर पर युवाओं, पुरुषों,महिलाओं के साथ साथ बच्चों ने बेतहाशा पड़ रही गर्मी के बीच इस चल रही कार्यसेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।इस सुन्दर ऐतिहासिक गुरुद्वारे का निर्माण लगभग चालीस साल पहले स्वर्गवासी संत बाबा सुलक्खन सिंह ने क्षेत्रीय संगत के सहयोग से किया था।यह गुरुद्वारा ऐतिहासिक इसलिए है कि सिक्खों के पहले गुरु गुरु नानक देव जी के पावन चरण सिद्धनगर की धरती पर पड़े थे।गुरु नानक देव जी 1514 ई में अपनी तीसरी धर्म यात्रा के दौरान अपने दो शिष्यों भाई बाला जी तथा भाई मरदाना जी के साथ यहां पर कुछ दिनों के लिए ठहरे थे।यह गुरुद्वारा के एतिहासिक होने की वजह से यहां पर हर महीने अमावस्या मेले तथा हर वर्ष अप्रैल माह में बैसाखी मेले का आयोजन किया जाता है।इसके अलावा इस गुरुद्वारा साहिब में हर वर्ग तथा हर समुदाय के श्रद्धालु यहां पर आकर नतमस्तक होते हैं।गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस दरबार साहिब को तोड़ने का फैसला मौजूदा मुखी जत्थेदार संत बाबा दिलबाग सिंह तथा कमेटी के सदस्यों के द्वारा लिया गया था।जिसे क्षेत्र की संगत ने दो महीने की लगातार कार्यसेवा करने के बाद अब पूरी तरह से तोड़ दिया है।उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही इसकी जगह पर अत्याधुनिक तरीके से दरबार साहिब का निर्माण करने की शुरुआत हो जाएगी। इसके लिए उन्होंने क्षेत्रीय संगत के साथ साथ देश विदेश में बैठी संगत से इस गुरुद्वारा साहिब के कायाकल्प में अपना महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग करने की अपील भी की है।इस दौरान मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह मैनेजर निशान सिंह,दलबीर सिंह, हरपिंदर सिंह,जसविंदर सिंह,प्रताप सिंह, परमजीत सिंह,रणजीत सिंह रंधावा,सतनाम सिंह समेत तमाम सेवादार मौजूद रहे थे।

बालाजी आईटीआई के प्रधानाचार्य को मिला बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बालाजी आईटीआई के प्रधानाचार्य विकास सक्सेना को देहरादून में हुए यू एम ए के कांफ्रेंस में विजनरी एजुकेशन लीडर ऑफ द ईयर 2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया । यू एम ए के द्वारा देहरादून के होटल सेयफर्ट सरोवर में कांफ्रेंस का आयोजन हुआ जिसमें भारत के 1000 से भी ज्यादा प्रिंसिपल्स द्वारा आवेदन किया गया था। कांफ्रेंस में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रॉकवेल एजुकेशन, शेमरॉक स्कूल, जीडी गोएंका इत्यादि स्कूल फ्रेंचाइजी के प्रिंसिपल्स ने भाग लिया। प्रिंसिपल विकास सक्सेना को संस्थान के संरक्षक हरिओम चौधरी, चेयरमैन दीपक सक्सेना द्वारा बधाई दी गई। विकास सक्सेना प्रधानाचार्य बालाजी आईटीआई को साल 2022 में भी यू एम ए की दिल्ली की कांफ्रेंस में बेस्ट प्रीसिपल ऑफ़ द ईयर अवार्ड से किया गया था सम्मानित।

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र की समस्याओं व जनता की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया कि नवदिया सितारगंज रोड जर्जर होने की समस्या से अवगत कराया गया। शिवनगर ब्लॉक ललौरीखेडा पुलिया टूटी की समस्या, गौनेरा से किशनपुर तक खराब रोड़ की समस्या, माधौटांडा में वार्ड नम्बर 11 में बिजली कनेक्शन की समस्या, नगर पंचायत नौगवां में डेंगू, मलेरिया की रोकथाम हेतु फॉगिग व एन्टी लार्वा दवाईयों का छिडकाव कराने का आग्रह किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा आसाम चैराहे से कचहरी तक रोड़ की पटरी की चैडीकरण कराने, गौहनिया तालाब के पास ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि एवं सुरक्षित जगह पर स्थापित करने, जिलाध्यक्ष कार्यालय के पास हाईवे पर ब्रेकर का निर्माण व बॉसुरी चैराहा का पुनः निर्माण, नगर पंचायत मझोला में तालाब का सौन्दर्यीकरण कराने हेतु कहा गया। विधायक बीसलपुर द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर में ऑडीटोरियम बनाये जाने हेतु कहा गया, इस हेतु जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये। विधायक बरखेडा द्वारा आवारा गौवंशों के संरक्षण हेतु गौशाला का निर्माण कराने हेतु कहा। इसके साथ मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा अन्य भी समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुना और शीघ्र ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, एमएलसी पीलीभीत-शाहजहॉपुर डा0 सुधीर गुप्ता, विधायक बरखेडा प्रवक्तानन्द, विधायक बीसलपुर विवेक कुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दीपक पाण्डेय, चेयरमैन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिला अधिकारी श्रीराम सिंह गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पिपरा मुजस्ना में नेपाली हाथियों ने रौंदी धान व गन्ने की फसल

* कई एकड़ किसानों की गन्ने की फसल हाथियों ने की तहस-नहस
* सूचना के बाद भी मौके पर नही पहुँची वन विभाग की टीम

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। जंगल से बाहर निकले नेपाली हाथियों के झुंड ने किसानों के खेत मे दस्तक देना शुरू कर दी है। हाथियों के झुंड ने कई किसानों के खेत में खड़ी गन्ने की फसल को तहस-नहश कर दिया है।गांव में बीती रात को जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान एक नल को भी हाथियों ने तोड़ दिया। हाथियों ने किसानों की कई बीघा जमीन पर खड़ी फसलों को रौंद डाला। इससे किसानों को हजारों रुपए की क्षति हुई है। किसानों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को भी दी। लेकिन सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के गांव पिपरा मुजस्ना में गुरुवार- शुक्रवार की रात में जंगली हाथियों ने गांव किनारे खेतों में पहुँचकर जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने कई किसानों की गन्ने की फसल को रौंद डाला। खेतों में बीती रात जंगली हाथियों के झुंड को खेतों में रखवाली कर रहे किसानों के द्वारा देखा गया। किसानों ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। सूचना के बाद तमाम किसान अपने अपने खेतों पर पहुँच गए। तो देखा हाथियों ने कई किसानों को फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। गांव पिपरा निवासी- धर्मवीर, गेंदहलाल, सेवाराम, रामकिशन, धर्मेंद्र चौहान, रमेशचंद्र, सहित अन्य कई किसानों की सैकड़ो किसानो की फसलों को जंगली हाथियों ने रौंद दिया है। ग्रामीणों ने बताया है कि उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी थी। लेकिन सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। जिसके कारण गांव के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

कृषि विकास योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय जैविक मेला गोष्ठी का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। आज कृषि विभाग पीलीभीत की ओर से परम्परागत कृषि विकास योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय जैविक मेला/गोष्ठी का आयोजन गाँधी प्रेक्षा गृह, गाँधी स्टेडियम पीलीभीत में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गन्ना विभाग एवं चीनी मिले संजय सिंह गंगवार थे। जैविक मेले में पीलीभीत के किसानों के द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी। कृषि एवं कृषि से सम्बंधित विभागों के द्वारा जैविक खेती से सम्बंधित नवीनतम तकनीकी को प्रदर्शित करने वाले स्टाल लगाए गए। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए झटज्ञ के वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों ने अपने अनुभव व जैविक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं को किसानों के बीच साझा किये। मंत्री जी ने किसानों को जैविक खेते से होने वाले फायदों को विस्तार से समझाया एवं किसानों से जैविक खेती करने की अपील की। विधायक बरखेड़ा ने कोराना काल खण्ड में जैविक उत्पादों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विधायक जी ने सभी किसानों को पराली न जलाने की शपथ भी दिलायी एवं किसानों से पराली न जलाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय गंगवार, ब्लॉक प्रमुख मरौरी श्रीमती सभ्यता वर्मा, कृषि उद्यमी एवं अनेक किसान भाई बहन उपस्थित रहे।

एसएसबी ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत शहीदों के आंगन से एकत्र की मिट्टी

जन एक्सप्रेस/हजारा(पूरनपुर)। भारत-नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा में तैनात एसएसबी 49वीं वाहिनी पीलीभीत की समवाय सीमा चौकी कमलापुरी एसएसबी ने गुरुवार को सीमावर्ती क्षेत्र के गांव अशोकनगर व श्रीनगर में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली ।यह कार्यक्रम सीमा चौकी कमलापुरी के प्रभारी निरीक्षक गोपाल लाल खटीक के नेतृत्व में किया गया था।कलश यात्रा की शुरुआत अशोकनगर से की गई थी।विधिवत तरीके से कलश यात्रा के दौरान सभी घरों से मिट्टी तथा अक्षत एकत्रित किये गये। यात्रा के दौरान सभी लोग हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे।इस यात्रा का समापन श्रीनगर में किया गया। भारत सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सशस्त्र सीमा बल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाधिकारी ने जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जलालपुर विकास खंड क्षेत्र के रेहारी गाँव में जन चौपाल के तहत जिलाधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियो को समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये।
शुक्रवार के दोपहर में जन समस्या और समाधान के तहत जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने रेहारी गाँव में चौपाल लगायी। जिसमे गाँव के सभी ग्रामीणों की समस्याओ पर क्रमवार सुनवाई किये। पहले बिजली विभाग के 18घंटे के बजाय 12 घंटे ही बिजली मिलने और गाँव में बिजली के लटकते तारो की शिकायत ग्रामीणो ने किया। जिलाधिकारी ने 15दिन में बिजली सुधरने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। गांव में लगे सात ट्रांसफार्मर और 96 खम्भे के जलने और टूटने के विषय में ग्रामीणों ने बताया। गाँव के जटा शंकर सिंह ने राशन न मिलने की शिकायत जिलाधिकारी से किया, उस दौरान कोटेदार से पूछने पर मालूम पड़ा कि वह बाहर रहते हैं, ज़ब आते हैं तो दिया जाता हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी के अधीक्षक डॉक्टर आलोक सिंह से जिलाधिकारी ने बचे लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड कैम्प लगाकर तीन दिन में बनवाने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद पंचायत मित्र उदयशंकर सिंह को बुला कर ग्राम पंचायत के विषय में जानकारी लेने के पश्चात् कक्षा एक व कक्षा छह कि लड़कियों का सुमंगला पोर्टल पर चढ़ाने का निर्देश दिया। पीएम किसान सम्मान निधि को लेकर गाँव कि चमेला और भानमती ने न मिलने कि शिकायत किया तो जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित कर समाधान करने को कहा। चौपाल में जिलाधिकारी और सीडीओ ने गर्भवती महिला ज्योति देवी और चंचल को फल की टोकरी देकर गोद भराई के साथ साथ नौनिहाल काव्या और शिवा का अन्नप्राशन कराया। चौपाल के अंत में जिलाधिकारी और सीडीओ ने मिलकर तालाब के किनारे आम के दो पौधे लगाये। उस दौरान ग्राम प्रधान पति ओमप्रकाश सरोज को सुख रहें पेड़ो में जल डलवाने को निर्देशित किये।

बेख़ौफ़ बदमाशों ने युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

* तीन नामजद और एक अज्ञात पर हत्याके प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिले के खेतासराय थाना क्षेत्र के मझौरा गांव में शुक्रवार तड़के सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट की आवाज सुन लोग सहम गये जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक बेख़ौफ बदमाशों की गोलियों की बौछार से गांव का ही एक युवक खून से लथपथ तडपडा रहा था और बदमाश हुए फरार हो गए थे जिसमें अबुजर उर्फ रूस्तम पुत्र अबुशाद के शरीर को गोलियों से छलनी कर दिये मौके पर पहुंचे लोग स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डाक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि इलाज के दौरान अबुजर उर्फ़ रुस्तम ने अपने बयान बताया है कि वह अपने खेत पर तालाब की रखवाली के लिए बने कमरे में सो रहे थे। सुबह पांच बजे पेशाब करने हेतु कमरे से निकले तो देखा कि बाहर की लाइट बंद थी। मैं पेशाब करने लगा तो देखा कि दो व्यक्ति जिसे मैं पहचान रहा था जो किसी को कुछ इशारा कर रहे थे इस मामले को अनदेखा कर जब वापस कमरे की तरफ लौटा ही था कि कमरे में छिपे अज्ञात बदमाश ने मुझ पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दिया और मौके से फरार हो गया। रुस्तम ने इस पूरी घटना के लिए अपने ही गांव के ग्राम प्रधान बबलू को जिम्मेदार ठहराया है। घायल अबुजर द्वारा दिए गए बयान के अनुसार चार दिन पूर्व ग्राम प्रधान यह कहकर महाराष्ट्र गया कि मैं एक माह के लिए जा रहा हूं एक महिने में सारा काम निपटवा दूंगा। घटना की खबर मिलने पर थाना खेतासराय की पुलिस सहित आसपास थानो की फोर्स मझौरा गांव पहुंच गई पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर हमलावरो की तलाश में जुट गई है। घटनास्थल का निरीक्षण शुभम तोदी सीओ शाहगंज समेत जिले के बरिष्ठ अधिकारियों ने जल्द से जल्द हमलावरो को गिरफ्तार करने के लिए आदेश देते हुए टीम गठित कर दिया है। ग्रामीण जनो के अनुसार अबुजर उर्फ़ रुस्तम ने ग्राम प्रधान द्वारा गांव में विकास के नाम पर कराए जा रहे कार्यों को लेकर विकास के नाम पर सरकारी धनराशि हड़पने एवं भ्रष्टाचार में की लिखित शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए ग्राम प्रधान पर गांव में हुए भ्रष्टाचार की जांच टीम गठित कर कानूनी कार्यवाही के लिए 4 सितम्बर को एक प्रार्थना पत्र दिया है इसी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान अबुजर से नाराज चल रहे थे।

समुदाय विशेष के सिरफिरे ने मंदिर में श्रद्धालुओं पर बोला हमला, छह घायल

* पीएसी जवानों ने हमलावर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा
* एक घायल को सीएचसी से हायर सेंटर किया गया रेफर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के समुदाय विशेष के एक सिरफिरे ने नगर के प्रसिद्ध बोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शनार्थियों पर लाठी से हमला बोल दिया। जिससे वहां अफरा तफरी मच गयी। इस घटना में आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हुए। जिनमें तीन को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहां से एक को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मंदिर प्रांगण में तैनात पीएसी जवानों ने हमलावर को पकड़ कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

नगर के प्रसिद्ध बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। शुक्रवार को पूर्णिमा के चलते मंदिर में खासी भीड़ थी। भक्त बाबा के दर्शन पूजन में लगे थें। तभी अचानक एक सिरफिरा युवक हाथ में डंडा लेकर मंदिर प्रांगण में घुस आया और भक्तों पर हमलावर हो गया। इस घटना से वहां अफरा तफरी मच गयी। हमले में मिलन पुत्र रामबली सिंह, कैलाश पुत्र फकीरे सिंह निवासी मोहल्ला घूरेटोला, कृष्ण कुमार पुत्र गिरजा शंकर तिवारी निवासी नौनिहाल गंज संडीला रोड सहित करीब आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए। मंदिर प्रांगण में तैनात पीएसी जवानों ने हमलावर को दबोच लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आयी। पूछताछ में उसने अपना नाम जावेद पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला दरगाह शरीफ बांगरमऊ बताया है। तीन घायल श्रद्धालुओं को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जिनमें कृष्ण कुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल श्रद्धालु मिलन सिंह की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बिल्हौर के रसूलपुर प्राथमिक विद्यालय में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर। बिल्हौर तहसील के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 1 से 3 तक बच्चों की माताओं को प्राथमिकता दी गई, मुख्य अतिथि एसआरजी सोनिया मल्होत्रा जनपद कानपुर नगर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर माताओं से ये अपेक्षा की गई विद्यालय से एक छोटा बच्चा जब घर जाता तो वो सबसे करीब अपनी माँ के ही रहता है। वो अपने बच्चे की बात को ध्यान से सूने और वो भी उसे खेल खेल में पढ़ाए या जो गति विधि उससे विद्यालय में कराई जाती उसको घर में भी अवश्य करवाए उक्त कार्यक्रम में आज बच्चों ने विद्यालय में कराई जाने वाली गति विधि अपनी माँ के सामने करके दिखाई, उन सभी माताओं के उनके बच्चे के नाम के बैज एसआरजी सोनिया मैडम द्वारा लगाए गए। जो अपने बच्चों को साफ़ और नियमित विद्यालय भेजती है। इसके बाद सभी माताओं के लिए म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम रखा जिसमे सभी ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। अंत में तीन विजेता माँ, प्रथम प्रीति, द्वितीय निधि, तृतीय रोशनी सभी को मुख्य अतिथि और प्रधानाध्यापिका नीलम कनौजिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी के लिए विद्यालय की तरफ़ से स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई, इस अवसर पर एआरपी शबाना परवीन, सहायक अध्यापक राम रोशनी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी रवि प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम जागरूकता के लिए बच्चों और अभिभावकों के लिए लाभकारी होते हैं।

फास्ट फॉरवर्ड

ट्रैक पार करते ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। शुक्रवार सुबह लखनऊ-कानपुर रेल रूट पर बिचपरी गांव के पास एक युवक ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। स्टेशन मास्टर के मेमों पर अजगैन पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजाद खेड़ा बिचपरी निवासी सुनील लोध (25) पुत्र स्व. सूरजपाल शुक्रवार सुबह पैदल खेत जा रहा था। अजगैन व सोनिक के बीच गेट नंबर 25 के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। स्टेशन मास्टर के मेमों पर पहुंची अजगैन कोतवाली पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृत तीन बहनों के बीच अकेला भाई था। वह मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। इकलौते बेटे की मौत से मां सावित्री समेत अन्य परिजन रो रोकर बेहाल हैं। कोतवाल अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

विवाद के दौरान चाकू लगने मासूम हुई घायल, हैलट रेफर

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती देर रात कहासुनी के दौरान एक युवक ने धारदार हथियार से महिला पर हमला कर दिया। इस घटना में महिला की गोद में रही उसकी तीन साल की बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के घुरामऊ गांव में गुरुवार की रात को घर के पास गाली गलौज कर रहे पड़ोसी अरविंद का विरोध करने के लिए गीता पत्नी शेखर निकली तो आरोपी महिला से मारपीट करने लगा। इस दौरान गीता की गोद में रही उसकी बेटी तन्नू (3) चाकू लगने घायल हो गयी। परिजन घायल बच्ची को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां पहुंचने पर बच्ची की हालत देख डॉक्टर ने उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया। इस मामले में कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जिपंअ ने अनुसूचित बाहुल्य बस्तियों में किया जन संपर्क

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। भाजपा के अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष ने भगवंत नगर विधानसभा क्षेत्र की अमरपुर आंव, भाभेमऊ? व ओसिया गांवों में जन संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित समाज के प्रबुद्ध वर्ग, सेवा निवृत्त अधिकारी, संत महात्माओं तथा खिलाड़ियों से व्यक्तिगत भेंट करते हुए उन्हें पीएम मोदी द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों व लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। बता दें कि भाजपा अनुसूचित बस्ती संपर्क अभियान चला रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने शुक्रवार को बीघापुर तहसील क्षेत्र के अनुसूचित बाहुल्य अमरपुर आंव, भाभेमऊ व ओसिया में जन संपर्क किया। उन्होंने अमरपुर आंव स्थित सिद्धेश्वर मंदिर मे भगवान शिव के दर्शन किये व अतुल कुमार के आवास पर भोजन किया। वहां मौजूद लोगों से उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न सिर्फ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का सम्मान करती है, बल्कि उनकी विरासत को भी आगे ले जा रही है। समाज के लोग मानते है कि सरकार उनके हितों के प्रति गंभीर है और अपनी योजनाओं के जरिये उनका उत्थान कर रही है। इस अवसर पर बीघापुर मण्डल अध्यक्ष अतुल पटेल, महादेव पासवान, गंगा प्रसाद रावत, राम यादव, गणेश शर्मा, दिनेश चन्द्र, नीशू चौहान, भाजयुमो जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रघुवंश मणि त्रिवेदी, कार्तिकेय दीक्षित, बीडीसी विकास सिंह, सतीश चौहान आदि उपस्थित रहे।

केवाईसी अपडेट के नाम पर साइबर ठगों ने बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 52 हजार

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। कोतवाली सदर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी बुजुर्ग को साइबर ठगों ने केवाईसी के नाम पर जालसाजी का शिकार बनाते हुए खाते से 52 हजार की धनराशि उड़ा दी। पीड़ित की शिकायत पर सक्रिय हुई कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क के प्रयासों से उसके 44 हजार रुपये वापस करा दिए गए हैं। शेष धनराशि के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के मोहल्ला आर्दश नगर निकसी दया शंकर पुत्र रामेश्वर मिश्र बीती 13 सितंबर को कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन के जरिए खाते की केवाईसी अपडेट के नाम पर विवरण पूछा। उसके बाद ही उसके फोन पर खाते से 52 हजार रुपये की निकासी का मैसेज आया। यह देख उसके होश उड़ गए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर डेस्क के आरक्षी मोनू यादव ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल संदिग्ध खातों को फ्रीज कराया। हेल्प डेस्क के प्रयासों से उसके खाते गयी रकम में से 44 हजार रुपये वापस हो गए। शुक्रवार को पीड़ित को कोतवाली बुलाकर लौटाई गयी धनराशि का विवरण सौंपा गया।

पोस्टमार्टम कक्ष में घुसे युवकों सफाई कर्मी से की गाली गलौज

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। शुक्रवार जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब अचानक पोस्टमार्टम कक्ष में दो युवक पहुंच गए। कर्मियों ने उन्हें बाहर जाने को कहा तो वे अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगे। बाद में डॉक्टर व फार्मासिस्ट ने उन्हें पीएम हाउस से बाहर निकाला। इस मामले में सफाई कर्मी ने दो युवकों को नामित करते कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में तैनात सफाई कर्मी आकाश बाल्मीकि ने कोतवाली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह पोस्टमार्टम कक्ष में था जहां एक शव खुला पड़ा था। अचानक वहां दो तीन युवक आ धमके उन्हें बाहर जाने को कहा तो वे उग्र हो गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया। शोर सुनकर रिपोर्ट तैयार कर रहे डॉक्टर व फार्मासिस्ट के अलावा अन्य स्टाफ पहुंचा और हंगामा कर रहे युवकों को पोस्टमार्टम हाउस से बाहर खदेड़ दिया। इसके बाद भी आरोपी बाहर खड़े होकर काफी देर तक हंगामा करते रहें। कोतवाल अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंसी, लगा जाम

जन एक्सप्रेस/ शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंस गई और जाम तीखा हो गया। जाम को देख मौजूद पुलिस ने जाम छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। इसके अलावा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य होने के कारण भी पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस भी फंसी रही। वहीं हाइवे पर भी दोपहर के समय जाम लग रहा। जिससे राहगीर परेशान रहे।

स्वाट प्रभारी बदले, दो निरीक्षक व पांच उप निरीक्षक भी इधर से उधर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* सीएम योगी के आदेश पर हुआ अमल, रेखा सिंह बनाई गयी औरास थाना प्रभारी

स्वाट प्रभारी का आगरा स्थानांतरण होने पर एसपी ने उसके स्थान पर अपराध निरीक्षक पुरवा को स्वाट टीम का प्रभार सौंपा है। इसके अलावा उन्होंने दो निरीक्षकों व पांच उप निरीक्षकों को भी इधर से उधर किया। जिनमें एक महिला निरीक्षक को औरास थाने की प्रभारी बनाया गया है। स्वाट टीम प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान ताबड़ तोड़ लूट और चोरी जैसी घटनाओं का खुलासा करते हुए विभाग को राहत पहुंचाने का काम किया। अब उनका जिले में कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनका स्थानांतरण आगरा जनपद होने पर उन्हें विदाई दी गयी। इसके बाद एसपी ने पुरवा कोतवाली में तैनात अपराध निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी को स्वाट टीम की कमान सौपी है। इसके अलावा एसपी ने पांच अन्य उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी है। जिनमें उप निरीक्षक मो. असलम को थाना सफीपुर से सोहरामऊ थाने, सदर कोतवाली के ललऊखेड़ा चौकी प्रभारी रहे मानिकराम वर्मा को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना बारासगवर, पुलिस लाइन में रहे अरविंद गुप्ता को चौकी प्रभारी ललऊखेड़ा, अवधेश दुबे को पुलिस लाइन से आसीवन, सुशील कुमार पाठक को पुलिस लाइन से थाना सफीपुर भेजा गया है।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने हाल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के जारी आदेश को अमली जामा पहनाते हुए औरास थाने की कमान महिला निरीक्षक को सौंपी है। पुलिस लाइन में रही निरीक्षक रेखा सिंह को औरास थाने का प्रभारी बनाया गया है। औरास प्रभारी रहे निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र को पीआरओ एसपी बनाया गया है।

संदिग्ध हालात में सड़क किनारे अचेत पड़े मिले अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत का लगाया आरोप
* पोस्टमार्टम में जहर खाने से हुई मौत की पुष्टि, बिसरा सुरक्षित

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में सौंच को निकला अधेड़ संदिग्ध हालातों में सड़क निकारे अचेत पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अज्ञात वाहन पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें उसके गंभीर बीमार होने व जहरीला पदार्थ खाने से मौत की पुष्टि हुई है। जिस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी चंद्रशेखर (48) पुत्र स्व. गंगाराम शुक्रवार सुबह सौंच के लिए खेत जा रहा था। मोहान-बागरमऊ मार्ग गांव से दो सौ मीटर दूर सड़क किनारे वह अचेत पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे अंकित ने अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की तहरीर पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक पेशे से किसान था। उसकी मौत पर पत्नी सरोज सहित पांच बच्चों रेशू, नैंसी, अल्का, रोली व अंकित रो रोकर बेहाल हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है बाकी अभी अविवाहित हैं। पोस्टमार्टम में उसका लीवर पूरी तरह से खराब मिला है। इसके अलावा जहर खाने से उसकी मौत की पुष्टि हुई है। जिस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

संदिग्ध हालातों में पूर्व प्रधान के भाई का शव पेड़ में फंदे से लटक मिला

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

* परिजन नहीं बता सके घटना के पीछे वजह
* माखी थाना क्षेत्र के पावा गांव की घटना

माखी थाना क्षेत्र के पावा गांव में पूर्व प्रधान के भाई का शव संदिग्ध हालातों में गांव के बाहर सड़क निकारे नीम के पेड़ में बंधे रस्सी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के जरिए इसकी जानकारी घर वालों को मिली तो कोहराम मच गया। परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

माखी थानाक्षेत्र के पावा गांव निवासी पंकज पाठक (38) फैक्टरी में मजदूरी करता था। उसने शादी नहीं की थी। परिजनों के मुताबिक वह घर में अलग कमरे में सोता था। रात को खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। प्रतिदिन वह भोरपहर उठकर दरवाजे पर साफ सफाई करता था। शुक्रवार सुबह जागने पर घर वालों को वह नहीं दिखा। उसके कमरे में पंखा चलता मिला। इसी दौरान ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव से लगभग दो सौ मीटर दूर परियर रोड किनारे गांव के ही चेतराम के खेत में नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से उसका शव लटक रहा है। यह सुन कर घर वालों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के बड़े भाई पूर्व प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार को उन्नाव गणेश महोत्सव में शामिल होने गया था शाम को लौट आया था। मृतक तीन भाइयों में छोटा था। एक भाई नीरज की 12 साल पहले हत्या हो गई थी। थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया परिजनों ने किसी प्रकार का कोई आरोप नहीं लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

ट्रेन की चपेट में आ जाने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली के बिचपरी गांव निवासी एक युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। मौत की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजन रो रोकर बेहाल थे। अजगैन कोतवाली के गांव बिचपरी के मजरे शाहजादखेड़ा निवासी सुनील 25 पुत्र सूर्यपाल घर से सुबह शौच के लिये निकला था। इस दौरान भोर पहर किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। शव को ट्रेन की पटरी के पास पड़ा होने से गांव के लोगो द्वारा इसकी सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची मृतक की माता सुशीला और बहन सुमन का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के पिता की मौत करीब तीन साल पहले हो चुकी है। मृतक घर में अकेला कमाने वाला था। दो बहनों की शादी हो चुकी है और एक बहन अभी अविवाहित है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया परिजन की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया।

बिठूर, गोविंद नगर, कोहना, कल्याणपुर थाना क्षेत्र में सज रही हैं जुएं की फड़

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

* दबंग माफिया की सर परस्ती में चल रहा है जुएं का काला कारोबार, कानपुर कमिश्नरेट पुलिस सुस्त

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के चार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माफियाओं की सर परस्ती में जुए का काला कारोबार खूब फल फूल रहा है। दबंग अपराधियो द्वारा खुलेआम जुएं की फड़ सजवाई जा रही हैं। पॉश इलाकों के बाद जंगल में भी जमकर ताश के पत्ते फेंटे जा रहे है?। और इन फड़ो पर बड़े-बड़े दांव लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक कल्याणपुर, बिठूर, नवाबगंज, कोहना, गोविंद नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुक में ताश की गड्डी के माध्यम से लाखों रुपए का दांव खेला जा रहा है। इतना ही नहीं बुकियों द्वारा रईश जुआरियों के लिए जंगल में भी मंगल की व्यवस्थाएं की जा रही है। जुएं की फड़ो पर शराब सिगरेट हुआ मांस की भी व्यवस्था की जा रही है। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना डल्लापुरवा, व टिकरा में 50 लख रुपए का जुआ हो रहा है। वही कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारासिरोही में हुए के फल चल रही है। कोहना क्षेत्र के अंतर्गत कटरी में बड़ी तादाद में जुआ हो रहा है। इसके अलावा गोविंद नगर में पराग दूध डेयरी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत जुआरी अपनी दुकान सजाते हैं। और आए दिन लाखों रुपए के बारे न्यारी कर रहे हैं। सूत्रों ने तो यहां तक बताया है कि इन जुए की फड़ो को चलाने के लिए माफियाओं को स्थानी पुलिस का सहयोग प्राप्त है तभी तो इतनी बड़ी तादाद में जुए का काला कारोबार संपन्न हो रहा है।

पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। शुक्रवार को पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से नही नगर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों और तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। इसके साथ ही घाटों पर सत्यनारायण की कथा सुनी। इसके साथ ही घाटों के आस पास लगी दुकानों में भी श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। वहीं शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया।

सोहरामऊ बाजार में हुआ विशाल शिव जागरण का आयोजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नवाबगंज। सोहरामऊ कस्बे के बाजार परिसर में हुये शिव जागरण की शुरुआत भक्तों ने दिवंगत समाजसेवी संतोष कुमार मिश्रा को श्रद्धांजलि देकर किया। उनके साथ गुजारे समय को याद करते हुए विद्याधर दीक्षित ने बताया कि दिवंगत संतोष मिश्रा सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे तथा हमेशा समाज में समाज सेवा के प्रति आगे रहते थे। जागरण में झांकी की प्रस्तुतियां कानपुर के राहुल चक्रधारी के द्वारा की गई। इस मौके पर नवयुग भोले बाबा मेला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। संतोष मिश्रा के चित्र पर माल्यार्पण कर समाजसेवियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें मुख्य रूप से समाजसेवी लक्ष्मन मिश्रा, सोनू दीक्षित, हरिकेश सिंह, दीपक द्विवेदी, पवन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, आशुतोष दीक्षित, दिवाकर अवस्थी, मुदित मिश्रा, दुर्गेश शंकर, विमल गुप्ता आदि समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान नन्ही आरोही की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोरहा मंधना की रहने वाली 2 वर्षीय नन्ही बच्ची आरोही की हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। नन्ही आरोही के पिता मनीष कुमार ने बताया कि बीती 26 तारीख की शाम को छत से खेलते-खेलने नीचे गिर गई थी। इसके बाद नन्ही आरोही को स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में दिखाया था जिसके बाद डॉक्टर ने उसे हैलेट के लिए रेफर कर दिए था। आरोही के पिता ने बताया कि बेटी को सिर में गंभीर चोटें आई थी। शुक्रवार की दोपहर हालत बिगड़ जाने के बाद नन्ही आरोही ने हैलेट अस्पताल में अंतिम सांस ली। आरोही की दर्दनाक मौत के बाद उसके पिता मनीष कुमार और मां रीना का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस में पंचायत नामा भर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल गुप्ता ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय का किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन वी आई पी रोड एल्गिन मिल क्षेत्र सूटरगंज के पास नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष उत्तर दीपू पाण्डेय का भव्य स्वागत वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल गुप्ता पार्षद लक्ष्मी कोरी बनवारीलाल तिवारी सत्यनारायण यादव आकाश पांडेय अंकित अग्रवाल सहित सैकड़ों लोगों ने किया साथ में ओम प्रकाश साहू करन यादव यशदीप प्रणव कुमार वीरेंद्र सिंह जय गुप्ता युवराज सिंह अनुराग अवस्थी अनुराग शर्मा मोहित कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

बांगरमऊ विधायक करेंगे प्रदर्शनी का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/बिछिया। वन विभाग की ओर से माखी पौधशाला में 1 अक्टूबर को नव वानिकी वर्ष मनाया जाएगा 7 जिसमें वन विभाग द्वारा किए गए पौधशाला वृक्षारोपण प्रचार प्रसार वन संरक्षण पर किए गए कार्यों पर संवाद और प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसमें ग्रामीणों और छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा 7 कार्यक्रम का शुभारंभ बांगरमऊ विधायक द्वारा किया जाएगा वही 2 अक्टूबर को आनंद घाट शुक्लागंज में शाम 5:00 बजे से 6:00 बजे तक गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा।

गंगा के घाटों पर महापात्रों ने विधि विधान से तर्पण कराया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। शुक्रवार को नमामि गंगे घाट, शिव पंडा घाट, मोनू पंडा घाट, पुराने यातायात पुल के नीचे, रेलवे पुल के नीचे, गंगा विशुन घाट के अलावा जाजमऊ चंदन घाट पर पानी देने के लिये लोग पहुंचे। जहां महापात्रों ने विधि विधान से तर्पण कराया। जहां उन्होंने बताया कि पिंडदान करने के साथ जल का तर्पण करने से उनकी आत्माओं को शांन्ति मिलती है। शुक्रवार पूर्णमासी की तिथि से पितृ तर्पण करने वालो ने विधि विधान से अपनें पूर्वजो को जल दिया। पितृपक्ष में पितरों को तर्पण करने व पिन्ड दान की प्रक्रिया अनादि कालों से चली आ रही है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा है कि पितरों में अर्यमा नामक पितर मैं हूं। इसलिए लोगों को पितृपक्ष के दौरान घरों में श्रीमद्भागवत गीता का पाठ करना चाहिए। गीता पाठ से पितरों को शांति मिलने के साथ ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सूचना

मैं राम चरन रजक अपने पुत्र शैलेन्द्र कुमार व पुत्रवधू श्रीमती नीलू के गलत कृत्यो, एवं आचरण के कारण अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल एवं अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये लेनदेन और गलत कामों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी

सूचनाकर्ता

राम चरन रजक पुत्र स्वर्गीय बुद्धूलाल निवास मकान नंबर 67 - ए - 1 आनंद नगर जगईपुरवा, लाल बंगला, कानपुर नगर।

पाकिस्तान में 2 फिदायीन हमले, 59 मौतें

नमाज और ईद-ए-मिलाद के जुलूस में हुए धमाके, बलूचिस्तान में ही 55 की जान गई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान में शुक्रवार को 2 जगहों पर 2 ब्लास्ट हुए। पहला धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में एक मस्जिद के पास हुआ। ये आत्मघाती हमला था। न्यूज एजेंसी हृह्ल के मुताबिक, इसमें एक छ्स्क्कसमेत 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग घायल हुए हैं। हमले के वक्त लोग ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के लिए इकट्ठा हो रहे थे। दूसरा धमाका खैबर पख्तूनख्वा के हंगू शहर की मस्जिद में हुआ। ये भी फिदायीन हमला था। पाकिस्तानी मीडिया न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक, यहां एक पुलिस अफसर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मस्जिद में नमाज पढ़ी जा रही थी तभी धमाका हुआ। इसके बाद मस्जिद की छत गिर गई। यहां 30-40 लोग मलबे में दबे हुए हैं। 12 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

बलूचिस्तान धमाके में घायल लोगों का इलाज करवाएगी सरकार

पहला धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में हुआ। यहां के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि ब्लास्ट डीएसपी नवाज गिशकोरी की कार के पास हुआ। जियो न्यूज के मुताबिक, हमले में जिस पुलिस ऑफिसर की मौत हुई है वो डीएसपी नवाज ही हैं। बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया है। जरूरत पड़ी तो उन्हें कराची शिफ्ट किया जाएगा। घायलों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी।

खैबर में पुलिस ने एक धमाका रोका

पहले खबर थी कि हंगू शहर में दो धमाके हुए। एक पुलिस स्टेशन के बाहर और एक मस्जिद के अंदर। अब पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका नहीं हुआ। वहां पुलिस अफसरों ने धमाके से पहले ही स्टेशन के अंदर घुस रहे एक आतंकी को मार गिराया। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस अधिकारियों ने कहा- दो आतंकी पुलिस स्टेशन में घुसने की कोशिश कर रहे थे। एक को हमने मार गिराया और दूसरा फरार हो गया। भागने वाला ये आतंकी सुसाइड बॉम्बर था, जिसने पास की मस्जिद में हमला कर दिया।

पाकिस्तान के पीएम, राष्ट्रपति ने हमले की निंदा की

पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने भी मस्जिद के पास हुए हमले की निंदा की है। काकड़ ने मरने वालों के परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को घायलों को हरसंभव मदद पहुंचाने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने दुख जताया है।

टीटीपी के हमले में मारे गए थे 4 सैनिक

28 सितंबर को पाकिस्तानी सैनिकों और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों के बीच झड़प हो गई थी। आज इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंसने बयान जारी करते हुए कहा कि झड़प में 4 सैनिकों की मौत हुई। आतंकी अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।बलूचिस्तान में 3 दिन का शोक बलूचिस्तान के चीफ मिनिस्टर ने पूरे प्रांत में 3 दिन के शोक का ऐलान किया है। बलूचिस्तान में एक्टिव आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी अअक्कने कहा है कि इस विस्फोट के पीछे उनका हाथ नहीं है। उन्होंने इस हमले की निंदा की है। हमारा मकसद साफ है कि हम मस्जिद और पब्लिक गैदरिंग को निशाना नहीं बनाते हैं।

विदेशी ताकतों की मदद से बलूचिस्तान में शांति भंग कर रहे दुश्मनः सूचना मंत्री

बलूचिस्तान के कार्यवाहक सूचना मंत्री जन अचकजई ने कहा- हमारे दुश्मन विदेशी ताकतों की मदद से बलूचिस्तान में धार्मिक जगहों को निशाना बनाकर शांति भंग करना चाहते हैं। बलूचिस्तान में सरकार के मंत्रियों और दूसरे कई नेताओं ने हमले की निंदा की है। दरअसल, बलूचिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी की हुकूमत चलती है। यह संगठन पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है।

अफगानिस्तान में तालिबानी सत्ता आने के बाद पाकिस्तान में आतंक बढ़ा

अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान में आंतकी संगठन टीटीपी को मजबूती मिली है। आतंकवाद की फैक्ट्री कहे जाने वाले पाकिस्तान में अब तक जितने भी आतंकी संगठन हैं, उनमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सबसे खतरनाक माना जाता है। इसी संगठन ने मलाला यूसुफजई पर हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसी ने पेशावर में सैनिक स्कूल पर हमला करके 114 बच्चों को मार दिया था। दरअसल, पाकिस्तानी तालिबान की जड़ें जमना उसी वक्त शुरू हो गई थीं, जब 2002 में अमेरिकी कार्रवाई के बाद अफगानिस्तान से भागकर कई आतंकी पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छुपे थे। इन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई तो स्वात घाटी में पाकिस्तानी आर्मी की मुखालफत होने लगी।

किसानों के आंदोलन से 90 ट्रेनें प्रभावित, जाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालडू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। शुक्रवार जहां करीब 60 ट्रेनें प्रभावित हुईं। वहीं शुक्रवार 90 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें से 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों के नुकसान का ना तो सर्वे हुआ और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है। किसान संगठनों का कहना है कि कम से कम 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा किसानों को दिया जाए।

पंजाब विवाद से इंडिया गठबंधन पर असर नहीं

एमएलए की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने कहा, आप राजनीतिक बदला ले रही

पंजाब सरकार नशे की समस्या खत्म करेगीः केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार प्रदेश में नशे की समस्या को समाप्त करने के प्रति प्रतिबद्ध है, क्योंकि इसने युवाओं को नष्ट कर दिया है। चाहे वो प्रभावशाली व्यक्ति हों या छोटे स्तर का व्यक्ति, कोई भी माफ नहीं किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा- मैं किसी विशेष घटना पर टिप्पणी नहीं कर रहा हूं। केजरीवाल से जब पूछा गया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन अब तक प्रधानमंत्री उम्मीदवार का प्रस्ताव क्यों नहीं कर रहा है? इस पर उन्होंने कहा- हमें एक ऐसी व्यवस्था तैयार करनी है जिससे भारत के 140 करोड़ लोग यह महसूस करें कि वे प्रधानमंत्री हैं।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पंजाब कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी और राज्य के सीएम भगवंत मान पर राजनीतिक बदले की भावना से काम करने का आरोप लगाया है। दरअसल, 28 सितंबर को पंजाब पुलिस ने कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा को 8 साल पुराने ड्रग्स तस्करी केस में गिरफ्तार किया है। सुखपाल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस ने कहा, भगवंत मान सरकार कांग्रेस के खिलाफ राजनीतिक बदले की भावना से काम कर रही है। वो हमारे नेताओं को टारगेट कर रही है। हालांकि आप ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा, खैहरा के खिलाफ कार्रवाई कानून के अनुसार की गई थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से जब मीडिया ने पूछा, पंजाब के कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी के बाद इंडिया गठबंधन का भविष्य क्या होगा? इस पर केजरीवाल ने कहा- मैंने इसके बारे में सुना है। मुझे केस की जानकारी नहीं है। आप इंडिया गठबंधन से जुड़ी रहेगी। हम गठबंधन धर्म पूरी तरह निभाएंगे। हमें लोगों को सशक्त बनाना है, एक व्यक्ति को नहीं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी है। पंजाब कांग्रेस के नेता आप को इंडिया गठबंधन में शामिल करने का विरोध कर चुके हैं। साथ ही 2024 लोकसभा चुनाव में आप के साथ गठबंधन का भी विरोध किया है। इससे पहले दिल्ली यूनिट भी आप के साथ गठबंधन का विरोध कर चुकी है।

इस्कॉन ने मेनका गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) ने शुक्रवार 29 सितंबर को भाजपा सांसद मेनका गांधी को 100 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है। हाल ही में मेनका का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। इसमें वे कह रही हैं कि इस्कॉन अपनी गौशाला की गायों को कसाइयों को बेचता है। भारत में इस समय सबसे बड़ा धोखेबाज इस्कॉन है। इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा, इस्कॉन के खिलाफ लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। हमने आरोप लगाने को लेकर मेनका गांधी को नोटिस भेजा है। मेनका के आरोपों से इस्कॉन के भक्त, समर्थक और शुभचिंतक बहुत दुखी हैं। मेनका के आरोप दुर्भावनापूर्ण हैं।

इस्कॉन की गोशाला में एक भी बूढ़ी गाय नहीं

पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका ने कहा था कि इस्कॉन ने गौशालाएं स्थापित कीं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार की तरफ से अनगिनत फायदे मिलते हैं। उन्हें बड़ी जमीनें मिलती हैं। इसके बावजूद जो गाय दूध नहीं देतीं, उन्हें वे कसाइयों के हवाले कर देते हैं। इनकी गौशालाओं में एक भी बछड़ा और एक भी सूखी (बूढ़ी) गाय नहीं है। मेनका ने ये बातें एक यूट्यूबर को दिए इंटरव्यू में कही थीं। मेनका ने ये भी कहा- मैं आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में इस्कॉन की एक गौशाला में गई थी। गौशाला में एक भी गाय ऐसी नहीं मिली, जो दूध ना देती हो, ना ही कोई बछड़ा मिला।

इस्कॉन ने कहा, मेनका गांधी के आरोप झूठे

इस्कॉन ने मेनका गांधी के आरोपों का खंडन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा- मेनका गांधी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की गौशाला के बारे में कह रही हैं, वहां 250 से ज्यादा ऐसी गायें हैं, जो दूध नहीं देतीं। वहां सैकड़ों बछड़े भी हैं। उनके आरोप झूठे और निराधार हैं। युधिष्ठिर ने ये भी कहा कि इस्कॉन ना केवल भारत, बल्कि दुनियाभर में गाय-बैल की रक्षा और देखभाल में सबसे आगे रहा है। हमारे यहां गायों और बैलों की जीवनभर सेवा की जाती है, ना कि उन्हें कसाइयों को बेचा जाता है, जैसा कि आरोप लगाया गया है। इस्कॉन ने सफाई में एक लैटर भी जारी किया।

किसी ने भी कसाइयों को उतने मवेशी नहीं बेचेः मेनका गांधी

मेनका गांधी ने कहा कि इस्कॉन गायों को कसाइयों को बेच रहा है। कोई और ऐसा नहीं करता, जितना वे करते हैं। वे सड़कों पर हरे राम हरे कृष्ण गाते हैं। फिर कहते हैं कि उनका पूरा जीवन दूध पर निर्भर है। शायद, किसी ने भी कसाइयों को उतने मवेशी नहीं बेचे, जितने इस्कॉन ने बेचे। अगर ये लोग ऐसा कर सकते हैं तो और लोगों से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

असम में लड़की की हत्या फिर शव के साथ रेप

पकड़े गए तीन आरोपियों में एक रेलवे कर्मचारी है जिसका लड़की के साथ अफेयर था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम पुलिस ने एक नाबालिग लड़की की हत्या करने और फिर शव के साथ रेप करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीन आरोपियों में एक रेलवे कर्मचारी है जिसका लड़की के साथ अफेयर था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि, आरोपी गर्लफ्रेंड के साथ शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। लड़की के मना करने पर दोस्तों संग उसकी हत्या कर दी।

9 सितंबर की है घटना, लड़की की गला घोंटकर हत्याः यह घटना असम के करीमगंज जिले की है। पुलिस अधिकारी पार्थ प्रतिम दास के मुताबिक, लड़की की हत्या 9 सितंबर को रात करीब 11 बजे हुई जब तीन आरोपी जबरदस्ती पीड़िता के घर में घुस गए। उन्होंने लड़की का गला घोंटकर उसे मौत के घाट उतार दिया फिर उसके शरीर के साथ यौन संबंध बनाए। बाद में आरोपी नाबालिग का शव 9 सितंबर को करीमगंज टाउन बाईपास के पास मिला।

लड़की की डायरी से मिला सुराग, फोन नंबर से पकड़े गए आरोपीः जांच के दौरान, पुलिस को मृत लड़की की नोटबुक में एक मोबाइल नंबर मिला और उसके अनुसार, उन्होंने बिप्लब पॉल, शुभ्र मालाकार और राहुल दास नामक तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)